Naresh Agarwal - 9848020960
Ankush Agarwal - 9885450000
Naresh Agencies
Dealers in :
Welding Electrodes, Welding Accessories, Safety Equipment, Power Tools, Self Drilling Screws and Cutting Wheels
15-9-216, Near Dargah, Gowliguda, Hyderabad - 500 012

खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । बुधवार, 28 अगस्त, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-6 । अंक-240

### कांग्रेस के भ्रष्टाचार की इंतिहा, कर्नाटक सरकार का एक और कारनामा

# खड़गे परिवार को दे दी डिफेंस एयरोस्पेस की जमीन

## सीएम की पत्नी के जमीन घोटाले के बाद फिर हुआ जमीन घोटाला

**बेंगलुरु, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** कांग्रेस नेताओं ने भ्रष्टाचार और अनैतिकता की इंतिहा कर रखी है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे परिवार के ट्रस्ट को डिफेंस एयरोस्पेस की जमीन दे दी। भारतीय जनता पार्टी के सांसद लहर सिंह सिरोया का दावा है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे राहुल खड़गे को नियमों के खिलाफ कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड की साइट दी गई है।

मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे राहुल खड़गे की अध्यक्षता वाले सिद्धार्थ विहार एजुकेशन ट्रस्ट को बेंगलुरु के पास हाईटेक डिफेंस एयरोस्पेस पार्क में 5 एकड़ जमीन दी गई है।



मल्लिकार्जुन खड़गे के परिवार द्वारा संचालित सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को बेंगलुरु के पास हाईटेक डिफेंस एयरोस्पेस पार्क में एससी कोटे के तहत नागरिक सुविधाओं के लिए कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) की 5 एकड़ जमीन समेत कुल 45.94 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। खड़गे परिवार के इस ट्रस्ट में खुद मल्लिकार्जुन खड़गे, उनकी पत्नी राधाबाई खड़गे, उनके दामाद और गुलबर्गा के सांसद राधाकृष्ण डोड्डामणि, बेटे और कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खड़गे और एक अन्य बेटे राहुल खड़गे शामिल हैं।

भाजपा सांसद लहर सिंह सिरोया ने इन आरोपों के साथ जमीन घोटाले के दस्तावेज भी सार्वजनिक किए हैं। सांसद ने सवाल किया है कि आखिर प्रदेश के उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने मार्च 2024 में इसकी अनुमति दी कैसे? इसके साथ उन्होंने खड़गे परिवार से भी सवाल करते हुए पूछा कि वो जमीन के पात्र होने के लिए एयरोस्पेस उद्यमी कब से बन गए? उन्होंने कहा कि यह मामला सीधा सीधा सत्ता के दुरुपयोग, भ्रष्टाचार और परिवारवाद से जुड़ा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को साइट आवंटन की पुष्टि खुद उद्योग मंत्री एबी पाटिल ने की है। उनका कहना है कि जमीन आवंटित करते समय नियमों का उल्लंघन नहीं किया गया है। साइट को निर्धारित मूल्य और बिना किसी छूट के दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह आवंटन राज्य स्तरीय समिति की सिफारिशों पर किया जाता है। उन्होंने जानकारी दी राहुल खड़गे आईआईटी स्नातक हैं और वे आवंटित भूमि पर रिसर्च और डेवलपमेंट सेंटर

▶10 पर

## जमीन घोटाले में खड़गे : भाजपा ने पूछे सात सवाल

**बेंगलुरु, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पारिवारिक ट्रस्ट को डिफेंस एयरोस्पेस की भूमि आवंटन करने पर भाजपा ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार से मामले को लेकर सात सवाल पूछे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कर्नाटक में नया खड़गे भूमि घोटाला हुआ है। मल्लिकार्जुन खड़गे के परिवार के एक ट्रस्ट को कर्नाटक औद्योगिक विकास बोर्ड ने पांच एकड़ जमीन बेंगलुरु के हाईटेक डिफेंस एयरोस्पेस पार्क में दी गई है। जबकि यह जमीन एससी कोटा के तहत नागरिक सुविधाओं के लिए आरक्षित थी। इस ट्रस्ट के ट्रस्टियों

▶10 पर

## सीएम की पत्नी को सस्ती जमीन के बदले मिला बेशकीमती मुआवजा

**बेंगलुरु, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** कांग्रेस की केंद्र में सरकार रही हो या प्रदेश में, भ्रष्टाचार में लिप्त रहना कांग्रेस की नस्लगत विशेषता में शुमार है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पारिवारिक ट्रस्ट को डिफेंस एयरस्पेस की जमीन देने में कोई शर्म महसूस नहीं की। न देने वाले शर्म महसूस की और न लेने वाले को कोई लज्जा आई। कुछ ही दिन पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती और बेटे को मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) के जमीन घोटाले में लिप्त होने का मामला उजागर हुआ था। उस मामले में

▶10 पर

### पीएम मोदी की यूक्रेन यात्रा के निहितार्थ का दिखने लगा असर

# प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से की लंबी वार्ता

## युद्ध विराम की सक्रिय और सार्थक पहल कर रहा भारत

**नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** युद्धग्रस्त यूक्रेन का दौरा कर लौटे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज युद्धग्रस्त रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन से फोन पर लंबी वार्ता की। यूक्रेन दौर के वक्त भी प्रधानमंत्री मोदी युद्ध-संस्कृति के बरक्स शांति और सौहार्द की संस्कृति बहाल किए जाने की द्विपक्षीय पहल पर जोर दिया था। आज भी राष्ट्रपति पुतिन से हुई वार्ता में पीएम मोदी ने दोनों देशों के बीच शांति बहाली के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय या विदेश मंत्रालय की तरफ से इस वार्ता के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। लेकिन शीर्ष सत्ता गलियारे में चर्चा है कि दोनों के बीच युद्ध विराम के लिए भारतवर्ष सक्रिय



▶10 पर

## अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने भारतीय पहल की सराहना की

**वाशिंगटन, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बीते दिन फोन पर बातचीत हुई। इस दौरान बाइडेन ने यूक्रेन के लिए पीएम मोदी के शांति और मानवीय सहायता के संदेश के लिए उनकी सराहना की। बाइडेन ने कहा, मैंने पोलैंड और यूक्रेन की हालिया यात्रा पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी से बात की और यूक्रेन

▶10 पर

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का संदर्भ अमेरिका ने हटाया

**वाशिंगटन, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन से फोन पर हुई बातचीत में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा भी उठाया। लेकिन अमेरिकी प्रशासन ने मोदी-बाइडेन वार्ता की प्रेस विज्ञप्ति से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का संदर्भ गायब कर दिया। जबकि भारतीय विदेश मंत्रालय ने बातचीत के बाद

▶10 पर

### डॉक्टर दुष्कर्म-हत्याकांड का विरोध कर रहे छात्रों पर पुलिस ज्यादती

# अब 28 को सम्पूर्ण पश्चिम बंगाल बंद

## भाजपा ने बंगाल बंद का किया आह्वान, केंद्रीय मंत्री करेंगे नेतृत्व

**कोलकाता, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में डॉक्टर की बलात्कार के बाद की गई नृशंस हत्या के विरोध में नबन्ना अभियान (सचिवालय मार्च अभियान) के तहत शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ पुलिस ने भीषण बर्बरता का आचरण किया। प्रदर्शनकारी छात्रों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए। पानी की तेज धार से जख्मी किया गया और बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया गया। सैकड़ों छात्रों को गंभीर चोटें आई हैं। पश्चिम बंगाल सरकार के ऐसे जन विरोधी रवैये के खिलाफ भाजपा ने 28 अगस्त बंगाल बंद करने की घोषणा की है।

पश्चिम बंगाल में सैकड़ों छात्रों ने मंगलवार को कोलकाता के दो स्थानों से नबन्ना अभियान मार्च शुरू किया। इसे तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। मार्च आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की एक महिला चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के मामले में निकाला गया। छात्र संगठनों की मांग है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। वे घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की मांग भी कर रहे हैं। नबन्ना पश्चिम बंगाल सरकार का सचिवालय है।



हावड़ा मैदान इलाके में जीटी रोड पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर जबरदस्त लाठीचार्ज किया जब वे राज्य सचिवालय की ओर मार्च करने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। इस दौरान पानी की बौछारों और आंसू गैस का इस्तेमाल भी किया गया। हेस्टिंग्स और एमजी

▶10 पर

# शराब घोटाले में कविता को सुप्रीम कोर्ट से मिली सशर्त जमानत

**नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** दिल्ली शराब नीति घोटाले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के कविता को सुप्रीम कोर्ट ने ईडी और सीबीआई दोनों ही मामलों में सशर्त जमानत दे दी है। कविता को अपना पासपोर्ट निचली अदालत में जमा करना होगा। इसके साथ ही दोनों मामलों में अलग-अलग 10-10 लाख रुपए के बॉन्ड भी भरने होंगे। पिछले दिनों आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया को भी इस मामले में कोर्ट से जमानत मिली थी।



के कविता को इसी साल 15 मार्च को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया था। ईडी का दावा है कि आम आदमी पार्टी के नेताओं के लिए विजय नायर और अन्य नेताओं को साउथ ग्रुप की ओर से 100 करोड़ रुपए की रिश्वत दी गई थी। कोर्ट ने ईडी ने दावा किया कि के कविता और इस मामले के आरोपी

▶10 पर

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव

# भाजपा ने घोषित किए 29 प्रत्याशियों के नाम

**नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के द्वितीय और तृतीय चरण के लिये अपने 29 उम्मीदवारों के नाम मंगलवार को घोषित कर दिए।

पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने आज यहां बताया कि भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन नामों को स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी और पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के संगठन महामंत्री बी एल संतोष, भाजपा महासचिव तरुण चुघ, भाजपा के चुनाव प्रभारी राम माधव, केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह, जम्मू-कश्मीर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रवीन्द्र रैना आदि उपस्थित थे।

▶10 पर

### अमित शाह से मुलाकात के बाद हो गया फाइनल

# 30 अगस्त को भाजपा में शामिल हो जाएंगे चंपई सोरेन

**नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन 30 अगस्त को रांची में आधिकारिक तौर पर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे। असम के सीएम एवं झारखंड के प्रभारी हिमंत बिस्व सरमा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चंपई सोरेन ने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। चंपई सोरेन ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। पिछले मंगलवार के बाद से यह उनकी दूसरी दिल्ली यात्रा थी। अपनी पिछली दिल्ली यात्रा के दौरान उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए थे। साथ ही नया विकल्प भी तलाशने की बात कही थी। बाद में ये चर्चाएं भी हुईं कि वे नई पार्टी भी बना सकते हैं।



उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने झामुमो के हाथों सभी पांच सुरक्षित सीटें गंवा दी थी। आदिवासी बिरादरी की नाराजगी का आलम यह था कि केंद्रीय मंत्री रहे अर्जुन मुंडा भी अपनी सीट नहीं बचा पाए थे। चूंकि चंपई सोरेन परिवार के करीबी और आदिवासी वर्ग के दिग्गज नेता हैं, ऐसे में चंपई की बगावत से झामुमो को नवंबर-दिसंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव में बड़ा झटका लग सकता है।

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : 29°
न्यूनतम : 23°

### डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या करने वाले संजय रॉय का पॉलीग्राफ टेस्ट

# वहशीपन और नृशंसता की हद कर दी...

- नया वीडियो उजागर होने से रेप-मर्डर केस में घिरी ममता सरकार
- बलात्कारी हत्यारे की बाइक पुलिस कमिश्नर के नाम रजिस्टर्ड है

**कोलकाता, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर के रेप-मर्डर मामले में 7 लोगों का अब तक पॉलीग्राफ टेस्ट हो चुका है। इस लिस्ट में मुख्य आरोपी संजय रॉय का नाम भी शामिल है। बताया जा रहा है कि संजय रॉय ने पॉलीग्राफ टेस्ट में स्वीकार कर लिया है कि उसने वारदात को अंजाम दिया था।

पॉलीग्राफ टेस्ट में संजय रॉय ने बताया कि 8-9 अगस्त को वो अपने दोस्त सौरभ के साथ आरजी कर अस्पताल गया था जहां सौरभ का भाई भर्ती था। दोनों ने अस्पताल से निकलकर शराब पीने का प्लान बनाया, फिर कोलकाता के रेड लाइट एरिया सोनागाछी गए। सोनागाछी में मन की पूरी न होने पर दोनों ने दक्षिण कोलकाता के रेड लाइट एरिया चेतला जाने का निर्णय लिया। सोनागाछी से चेतला के बीच 15 किलोमीटर की दूरी है। इस दौरान दोनों ने रास्ते में एक लड़की के साथ छेड़खानी भी की। लड़की को छेड़ने की हरकत सीसीटीवी में भी कैद है। बाद में दोनों चेतला गए। वहां सौरभ ने पैसे देकर एक वेश्या से यौन संबंध बनाया। जबकि संजय रॉय अपनी गर्लफ्रेंड को फोन करके उसकी न्यूड फोटो मंगाई।



इसके बाद संजय रॉय सौरभ के साथ अस्पताल गया। वहां से कुछ देर बाद सौरभ चला गया, लेकिन संजय रॉय 3:30 से 3:40 के बीच चौथी मंजिल पर ट्रॉमा सेंटर के ऑपरेशन थिएटर में गया। फिर 4:03 पर वह सेमिनार हॉल के पास कॉरिडोर में गया जहां पीड़िता डॉक्टर सो रही थी। संजय रॉय उसका मुंह और गला दबा देता है। पीड़िता खुद को बचाने के लिए छटपटाती है। कुछ ही देर में वह बेहोश हो जाती है। संजय रॉय बेहोशी की हालत में ही उसका रेप करता है और उसे नृशंसता से मारकर वहां से फरार हो जाता है। इस दौरान संजय रॉय के

▶10 पर

TIBCON CAPACITORS
It's all about SAVING ENERGY AND MONEY
GARG
Garg Power Products Pvt. Ltd.
Cell: -91 99 12 4444 26
-91 99 48 1234 59

# बांग्लादेश में पूर्व मंत्री की टायर फैक्टरी में लगाई आग 32 घंटे बाद बुझी, 174 लोग लापता, अब इमारत गिरने का खतरा



**ढाका, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** बांग्लादेश में अवामी लीग के एक नेता की गाजी ऑटो टायर फैक्टरी में लगाई गई आग 32 घंटे बाद मंगलवार को सुबह बुझ तो गई पर अब उसके गिरने का खतरा मंडरा रहा है। दो दिन पहले गिरफ्तार किए जा चुके अवामी लीग के पूर्व मंत्री गोलाम दस्तगीर गाजी की यह फैक्टरी नारायणगंज के रूपगंज में है।

ढाका के विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, अग्निशमन सेवा कर्मियों ने कहा है कि फैक्टरी में लगी आग लगभग 32 घंटे बाद मंगलवार सुबह 5 बजे पूरी तरह से बुझा ली गई। अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा के सहायक निदेशक अनवारुल हक ने कहा कि इमारत की स्थित बेहद नाजुक है। उसके गिरने का खतरा है। उन्होंने चेतावनी भी दी कि संरचना के अंदर बची हुई गर्मी के कारण आग दोबारा भड़कने का खतरा भी बरकरार है।

अनवारुल हक ने कहा कि लंबे प्रयास के बाद हम फिलहाल आग को कम करने में कामयाब रहे, लेकिन इमारत के अंदर अभी भी काफी गर्मी है। टर्नटेबल लैडर (टीटीएल) का उपयोग करके की गई तलाशी के बाद छत पर कोई हताहत नहीं पाया गया। अग्निशमन सेवा निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल रेजाउल करीम ने कहा है कि आग पर कल शाम लगभग 7.05 बजे नियंत्रण पा लिया गया था।

सूत्रों के अनुसार, आग बुझते ही लापता लोगों के रिश्तेदार फैक्टरी के सामने एकत्र हो गए। वे उत्सुकता से अपने प्रियजनों की सलामती की खबर का इंतजार कर रहे थे। सनद रहे पूर्व मंत्री गोलाम दस्तगीर गाजी की गिरफ्तारी के कुछ घंटों बाद अपराधियों ने रविवार रात करीब 9ः00 बजे उनकी फैक्टरी में आग लगा दी थी। फैक्टरी के अधिकारियों ने दावा किया कि रविवार दोपहर दो समूहों में सैकड़ों लोगों ने ढाका-सिलहट राजमार्ग के किनारे रूपशी इलाके में छह मंजिला इमारत पर धावा बोला और तोड़फोड़ करने के साथ लूटपाट की। गाजी टायर्स के सहायक महाप्रबंधक सैफुल इस्लाम ने कहा है कि अपराधियों ने रात करीब नौ बजे भूतल पर आग लगाई।

अग्निशमन सेवा निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल रेजाउल करीम ने कहा है कि कुछ लोग दावा कर रहे हैं कि फैक्टरी में उनके रिश्तेदार अंदर थे। आग लगने के बाद वह निकल नहीं पाए। उन्होंने कहा कि हम लापता लोगों के नाम पते नोट कर रहे हैं। अब तक हमारे पास ऐसे 174 नाम हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कतर और कुवैत ने एलएनजी आपूर्ति सौदे पर हस्ताक्षर किए




**दोहा।** कतर एनर्जी और कुवैत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (केपीसी) ने 15 साल के तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की बिक्री और खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए। कुवैत में सोमवार को हस्ताक्षरित यह सौदा जनवरी 2025 से प्रभावी होगा। गल्फ टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, कतर एनर्जी कुवैत को प्रति वर्ष तीन मिलियन टन एलएनजी की आपूर्ति करेगी। एसपीए की शर्तों के अनुसार, अनुबंधित एलएनजी जनवरी से कतर एनर्जी के पारंपरिक, क्यू-फ्लेक्स और क्यू-मैक्स एलएनजी जहाजों पर कुवैत के अल-जौर एलएनजी टर्मिनल पर जहाज के माध्यम से वितरित की जाएगी। यह समझौता कुवैत शहर में आयोजित एक विशेष समारोह में हुआ। इस मौके पर ऊर्जा मामलों के राज्यमंत्री और कतर एनर्जी के अध्यक्ष साद शेरिदा अल-काबी और केपीसी के अध्यक्ष शेख नवाफ सऊद अल-नासिर अल-सबा मौजूद रहे। दोनों ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। मंत्री आल-काबी ने कहा कि दोनों देशों के बीच नई दीर्घकालिक साझेदारी से खुशी हो रही है। यह कदम हमारे सभी ग्राहकों की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि कतर संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और रूस के साथ दुनिया के शीर्ष तरलीकृत प्राकृतिक गैस उत्पादकों में से एक है। फरवरी में कतर ने अपने नॉर्थ फील्ड प्रोजेक्ट से अपने उत्पादन का विस्तार करने की योजना की घोषणा करते हुए कहा था कि वह 2030 से पहले क्षमता को 142 मिलियन टन प्रति वर्ष तक बढ़ा देगा।

### भारत और चीन दोनों ने श्रीलंका के बंदरगाह पर साथ खड़े कर दिए युद्धपोत



**कोलंबो।** हिंद महासागर क्षेत्र अब चीन और भारत का नया रणनीतिक अखाड़ा बनता नजर आ रहा है। इसका एक उदाहरण सोमवार को देखने को मिला, जब एक भारतीय युद्धपोत श्रीलंका के कोलंबो में बंदरगाह पर पहुंचा और संयोग से तब चीन के तीन युद्धपोत भी पहुंच गए। खास बात है कि पहले भी भारत श्रीलंका में चीनी युद्धपोत, जासूसी नौकाएं और पनडुब्बियों के ठहरने पर कोलंबो के सामने अपनी आपत्ति दर्ज करा चुका है। भारतीय उच्चायोग ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा था कि आईएनएस मुंबई 163 मीटर लंबा विध्वंसक पोत है जिस पर 410 सदस्यों का चालक दल सवार है। उच्चायोग ने कहा कि यह जहाज श्रीलंका के किसी बंदरगाह पर पहली बार आया है। इस बीच, श्रीलंका नौसेना ने कहा कि चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की नौसेना के तीन युद्धपोत हे फेई, वुझिशान और किलियानशान भी सोमवार सुबह औपचारिक यात्रा पर कोलंबो बंदरगाह पहुंचे। हे फेई 144.50 मीटर लंबा युद्धपोत है, जिस पर चालक दल के 267 सदस्य सवार हैं, जबकि वुझिशान 210 मीटर लंबा युद्धपोत है, जिस पर चालक दल के 872 सदस्य हैं वहीं किलियानशान 210 मीटर लंबा युद्धपोत है, जिसमें चालक दल के 334 सदस्य सवार हैं।

### चीन ने जासूसी विमान भेजा जापान दो मिनट तक मंडराता रहा



**टोक्यो।** जापान ने अपने हवाई क्षेत्र में चीन के एक जासूसी विमान के लगभग दो मिनट तक मंडराने की घटना को गंभीरता से लिया है। जापान ने कहा है कि यह अस्वीकार्य है। जापान ने चीन के कार्यवाहक राजदूत को तलब कर हवाई क्षेत्र के उल्लंघन पर कड़ी आपत्ति जताई है। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि सोमवार को चीन का वाई-9 टोही विमान कुछ समय के लिए हमारे देश के दक्षिण-पश्चिमी हवाई क्षेत्र में घुस आया था। हवाई क्षेत्र में विमान के घुसते ही सेना को अपने लड़ाकू विमानों को वापस बुलाना पड़ा। उन्होंने कहा कि पहली बार जापानी सेल्फ डिफेंस फोर्स ने अपने हवाई क्षेत्र में एक चीनी सैन्य विमान का पता लगाया। हयाशी ने राजधानी टोक्यो में संवाददाता सम्मेलन में कहा, जापान के हवाई क्षेत्र में चीनी सैन्य विमानों का प्रवेश न केवल हमारे क्षेत्रीय अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है, बल्कि सुरक्षा के लिए भी खतरा है। हमें यह बिल्कुल अस्वीकार्य है। जापान टुडे अखबार के अनुसार जापानी आत्मरक्षा बल के संयुक्त स्टाफ ने सोमवार देररात कहा कि चीनी वाई-9 टोही विमान ने जापान के मुख्य दक्षिणी द्वीप क्यूशू के दक्षिण-पश्चिमी तट पर स्थित दांजो द्वीप के ऊपर दो मिनट तक चक्कर लगाया।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में नवाब अकबर बुगती की बरसी पर विद्रोहियों का कहर

# सुबह से रात तक हुए हमले, 50 से ज्यादा लोगों को मौत के घाट उतारा



**इस्लामाबाद, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** पाकिस्तान के सर्वाधिक साधन संपन्न और अशांत बलूचिस्तान प्रांत में नवाब अकबर बुगती की 18वीं बरसी पर हथियारबंद बलूच विद्रोहियों ने सोमवार सुबह से रात तक तक यात्री बसों, हाइवे, रेलवे ब्रिज से लेकर पुलिस थानों को निशाना बनाते हुए जमकर खूनखराबा किया। इन हमलों में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। स्थानीय नागरिकों का दावा है कि दहशतगर्दों ने 70 से ज्यादा लोगों को गोलियों से भून दिया। अधिकारियों ने नागरिकों के दावों की पुष्टि करने से इनकार कर दिया।

पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र डॉन की रिपोर्ट में बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने कहा है कि आतंकवादियों ने 38 निर्दोष लोगों की जान ले ली। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने प्रेस विज्ञप्ति में पुष्टि की है कि चार कानून प्रवर्तन अधिकारियों सहित 14 सुरक्षाकर्मी इन हमलों में मारे गए। हालांकि 21 आतंकवादियों को मार गिराने में भी सफलता मिली है।

नवाब अकबर बुगती को बुगती जनजाति का सबसे सम्मानित और सर्वोच्च नेता माना जाता है। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने 2006 में उनकी हत्या कर दी थी। इस अभियान का आदेश पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ ने दिया था। संसाधन संपन्न बलूचिस्तान प्रांत पर नियंत्रण के लिए कई दशकों से चल रहे विद्रोह के तहत यह पिछले कई वर्षों में किया गया सबसे बड़ा हमला है। नवाब अकबर बुगती की 18वीं बरसी पर बलूच विद्रोहियों ने इन हमलों को अंजाम दिया है।

इन विद्रोहियों ने सबसे पहले सुबह मूसाखेल जिले में हाइवे पर बस यात्रियों को उतारकर उनके पहचान पत्र देखे। इसके बाद उनमें से 23 लोगों को गोलियों से भून डाला। इनमें अधिकांश पंजाब प्रांत के थे। वहीं, राजधानी क्वेटा को प्रांत के अन्य हिस्से से जोड़ने वाले रेलवे ब्रिज पर हमला कर छह लोगों की जान ले ली। हमलों की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली है। उसने दावा किया है कि अभी ऐसे और हमले होंगे। मूसाखेल जिले के सीनियर एसएसपी अयूब खोसो ने बताया कि बस यात्रियों पर हमले से पहले बंदूकधारियों ने जिले के राराशिम क्षेत्र में हाइवे को बाधित कर दिया था। हमले के दौरान हाइवे पर 12 ट्रकों में भी आग लगा दी।

प्रांतीय राजधानी क्वेटा को शेष पाकिस्तान से जोड़ने वाले रेल पुल पर हुए विस्फोटों के बाद क्वेटा के लिए रेल यातायात स्थगित कर दिया गया है। बलूच विद्रोहियों ने पाकिस्तान को ईरान से जोड़ने वाली रेलवे लाइन को भी निशाना बनाया है। दरअसल, बलूच विद्रोही प्रांत के संसाधनों पर यहां के लोगों का अधिकार जताते हुए दशकों से संघीय सरकार का विरोध कर रहे हैं। वे दक्षिणी बलूचिस्तान में चीन द्वारा रणनीतिक रूप से विकसित किए जा रहे ग्वादर बंदरगाह, सोने व तांबे की खानों के विकास का भी विरोध करते आ रहे हैं।

### जाम्बिया में खदान में बड़ा हादसा, नौ लोगों की मौत



**लुसाका।** जाम्बिया में एक खदान में काम करते समय बजरी का ढेर गिर जाने से नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता राय हमोंगा मों ने बताया कि दुर्घटना उस समय घटी जब श्रमिकों ने बजरी लोड करना बंद कर दिया था। प्रवक्ता ने कहा कि बचाव दल ने आठ शवों को निकालने में कामयाबी हासिल की। बाद में एक और शव निकाला गया।

## रूस के युग (दक्षिण) समूह के साथ लड़ाई में यूक्रेन के 780 सैनिक मारे गए



**मॉस्को, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** रूस के युग (दक्षिण) बलों के समूह ने पिछले 24 घंटों के दौरान एक जवाबी हमले को विफल कर दिया और यूक्रेनी सेवा के 780 सदस्यों को मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, एएफयू 5वीं असॉल्ट ब्रिगेड की ओर से शुरू किए गए एक जवाबी हमले को विफल कर दिया गया है। हमले में एएफयू को 780 सैनिक, एक जर्मन निर्मित टैंक, एक बख्तरबंद लड़ाकू वाहन और चार मोटर वाहनों का नुकसान हुआ है। बयान में कहा गया है कि सेंट्र (मध्य) समूह की सेनाओं ने डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) में ओर्लोव्का गांव पर नियंत्रण कर लिया है और सात जवाबी हमलों को नाकाम करते हुए 530 यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया है। वहीं, जपाड (पश्चिम) समूह ने 490 सैनिकों को मार गिराया है। वोस्तोक (पूर्व) समूह के साथ लड़ाई में कीव के 145 सैनिक मारे गये, जबकि सेवर (उत्तर) समूह ने तीन जवाबी हमलों को विफल कर दिया तथा 115 सैनिकों को मार गिराया। मंत्रालय ने बताया कि रूसी सशस्त्र बलों ने यूक्रेनी हवाई क्षेत्र के बुनियादी ढांचे की महत्वपूर्ण वस्तुओं पर भी बड़े पैमाने पर हमला किया है और कहा कि सभी लक्ष्यों को निशाना बनाया गया है।

## लंदन कॉर्निवल महोत्सव के दूसरे दिन हमलों में आठ लोग घायल, दो की हालत नाजुक

**लंदन, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन स्थित नॉटिंग हिल इलाके में आयोजित कॉर्निवल महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को अलग-अलग हमलों में आठ लोग घायल हो गये, जिनमें से दो की हालत गंभीर है।

लंदन पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उसन बताया कि घायलों में से पांच लोगों को छुरा मारा गया है। पुलिस ने एक बयान में कहा, अंतरराष्ट्रीय समयानुसार सोमवार रात करीब 10:50 बजे छुरा मारने की पांच घटनाओं की रिपोर्ट मिली, दो अन्य घटनाओं में घायलों के शरीर पर चाकू से काटने के घाव मिले जबकि एक घटना में तेजाब जैसे संक्षारक पदार्थ का इस्तेमाल किया गया। छुरा मारने से घायल हुए लोगों में से दो की हालत गंभीर है।कॉर्निवल में कल 35 अधिकारी घायल हो गये और 230 लोगों को गिरफ्तार किया गया। कॉर्निवल के पहले दिन (रविवार को) छुरा मारने की तीन घटनाएं दर्ज की गईं, जिसमें गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उल्लेखनीय है कि वार्षिक कॉर्निवल महोत्सव 1966 में शुरू किया गया था और यह अगस्त के आखिरी सोमवार और सितंबर के पहले रविवार को आयोजित किया जाता है। इसे नॉटिंग हिल इलाके के लंदन बॉरो में आयोजित किया जाता है। वार्षिक कॉर्निवल महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य समुदाय को एकजुट करना और विभिन्न जातियों के बीच शांति को बढ़ावा देना था, इसकी बजाय वह अपराध, नशीली दवाओं के दुरुपयोग और पर्यावरण संबंधी मुद्दों के लिए कुख्यात हो गया है।

## बुल्गारिया में अक्टूबर में होंगे संसदीय चुनाव : राष्ट्रपति

**सोफिया, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** बुल्गारिया के राष्ट्रपति रूमेन रादेव ने 27 अक्टूबर को नये संसदीय चुनाव कराने के लिये मंगलवार को एक आदेश पर हस्ताक्षर किये हैं। राष्ट्रपति के प्रेस कार्यालय ने एक बयान में यह जानकारी दी।राष्ट्रपति रादेव ने 27 अक्टूबर को मतदान की घोषणा की है- जो तीन वर्षों में बुल्गारिया का सातवां चुनाव होगा। पिछले छह चुनावों में से हालांकि केवल दो में ही निर्वाचित सरकार बनी है। दोनों बार नेताओं पर भ्रष्टाचार और देश की ऊर्जा एवं सुरक्षा की अनदेखी के आरोपों को लेकर सरकार गिर गई।

# टेक्सास की अदालत ने बाइडेन प्रशासन को दिया झटका



**वाशिंगटन, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** संयुक्त राज्य अमेरिका में टेक्सास के एक संघीय न्यायाधीश ने सोमवार को राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन को झटका देते हुए उसके अहम सामाजिक कार्यक्रम पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी। यह कार्यक्रम संयुक्त राज्य अमेरिका में रह रहे अमेरिकियों से विवाहित गैर-दस्तावेजी लोगों के लिए वैधीकरण को आसान बनाता था। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। टेक्सास के पूर्वी जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय के न्यायाधीश जे. कैंपबेल बार्कर ने बाइडेन प्रशासन पर मुकदमा करने वाले 16 रिपब्लिकन के नेतृत्व वाले राज्यों के पक्ष में फैसला सुनाया है। इस फैसले से फिलहाल अमेरिकी नागरिकों के गैर-दस्तावेजी जीवनसाथियों को कानूनी दर्जा देने के संघीय कार्यक्रम पर रोक लग गई है। न्यायाधीश जे. कैंपबेल बार्कर ने एक प्रशासनिक स्थगन जारी किया है। अब प्रशासन ऐसे आवेदनों को मंजूरी प्रदान नहीं कर सकता। उल्लेखनीय है कि न्यायाधीश बार्कर की नियुक्ति पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने की थी।

## वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविर पर इजराइली हमले में पांच लोगों की मौत



**काहिरा, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** वेस्ट बैंक के तुल्करम प्रांत में नूर शम्स शरणार्थी शिविर पर इजराइली हमले में पांच लोग मारे गये हैं। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। उसने कहा, इजरायल के नूर शम्स शिविर पर किये गये हमले में पांच लोग मारे गये। गौरतलब है कि सात अक्टूबर को, फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के लड़ाकों ने सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ की और सैन्य तथा नागरिक ठिकानों पर गोलीबारी की और 250 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया। इसमें करीब 1,200 लोग मारे गए। बाद में, जवाबी कार्रवाई में इजरायल रक्षा बलों ने गाजा पट्टी में ऑपरेशन आयरन स्वॉर्ड्स शुरू किया। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने अगस्त की शुरुआत में बताया कि इजरायली सेना की जवाबी कार्रवाई के कारण अक्टूबर 2023 से वेस्ट बैंक में कुल 632 लोग मारे गये हैं। संघर्ष शुरू होने के बाद से इजरायल ने पानी, बिजली, ईंधन, भोजन और दवा की आपूर्ति को रोकते हुए एन्क्लेव की पूर्ण नाकाबंदी की घोषणा कर दी। गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, अक्टूबर से एन्क्लेव में इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या 40 हजार से अधिक हो गई है और घायलों की संख्या 93 हजार से अधिक है।

## नेपाल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

# विराटनगर की रथयात्रा में भारत के लाखों श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

**काठमांडु, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस बार भी विराटनगर में राधाकृष्ण का भव्य रथ यात्रा निकाली जा रही है। नेपाल की सबसे बड़ी कही जाने वाली राधाकृष्ण रथयात्रा में नेपाल और भारत के लाखों श्रद्धालु सहभागी होते हैं।

रथ यात्रा में भाग लेने के लिए भारत के बिहार, उत्तर प्रदेश से लेकर राजस्थन और गुजरात तक से विभिन्न हिस्सों से भक्त विराटनगर में एकत्रित हो रहे हैं। कोशी प्रदेश सरकार ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अगले दिन होने वाली रथ यात्रा के लिए पूरे प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश दिया है।

विराटनगर में विक्रम संवत 1988 से खाट यात्रा के रूप में शुरू हुई यह रथयात्रा विक्रम संवत् 2025 से राधाकृष्ण रथयात्रा के रूप में प्रारम्भ की गई थी। यह खाट का 93वां संस्करण है और राधाकृष्ण रथ यात्रा का



56वां संस्करण है। राधा-कृष्ण के जोड़े के साथ रथ विराटनगर स्थित राधाकृष्ण मंदिर से प्रस्थान करेगा। रथयात्रा बाजार क्षेत्र में 9 किलोमीटर की यात्रा तय करेगी।

राधाकृष्ण मंदिर परिसर से निकाली जाने वाली रथ यात्रा तीनपैनी, मेन रोड, ट्रैफिक चौक, रोड शेष चौक, महेंद्र चौक, धरान रोड, बरगाछी होते हुए मंदिर परिसर में पहुंच कर समाप्त होगी। पुलिस ने राधाकृष्ण रथ यात्रा को लक्षित करते हुए उच्च सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। राधाकृष्ण रथ यात्रा को देखने के लिए पूरे नेपाल सहित पड़ोसी भारत के विभिन्न हिस्सों से पांच लाख से अधिक भक्तों के सहभागी होने की उम्मीद जताई गई है।

### चाक-चौबंद थी सुरक्षा व्यवस्था

रथ यात्रा को भव्य, सुरक्षित और गरिमापूर्ण बनाने के लिए बड़ी संख्या में नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस को तैनात किया गया है। मोरंग पुलिस के प्रवक्ता डीएसपी ज्ञानेंद्र बहादुर बस्नेत ने कहा कि सादे कपड़ों में और हथियारों के साथ सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। रथयात्रा को लेकर पुलिस ने करीब एक महीने पहले ही सुरक्षा तैयारियां शुरू कर दी थी। यात्रा के दौरान होने वाली चोरी, पॉकेटमारी और डकैती पर फोकस कर पुलिस की सक्रियता बढ़ा दी गई है। डीएसपी बसनेत के मुताबिक पिछले दिनों अवांछित गतिविधियां करने वाले कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है। विराटनगर की रथयात्रा मनाने के बाद अब कोशी क्षेत्र के विभिन्न शहरों में भी राधा-कृष्ण रथयात्रा निकाली जा रही है। बिराटनगर के अलावा इटहरी दुहबी बिराट चौक जैसे शहरों में भी रथ यात्रा शुरू की गई है।

# सीबीआई मामले में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन सितंबर तक बढ़ी




**नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को तीन सितंबर तक के लिए बढ़ा दी गई।

दिल्ली की राउज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री की न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश पारित किया दिया। अदालत ने इसके अलावा केजरीवाल के खिलाफ दायर सीबीआई के पूरक आरोपपत्र पर अपना फैसला तीन सितंबर तक के लिए सुरक्षित रख लिया। इस पूरक आरोपपत्र में पांच अन्य लोगों पर कथित घोटाले से शामिल होने के आरोप लगाए हैं। सीबीआई ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ाने की गुहार लगाई थी, लेकिन अदालत ने उसे ठुकरा दी। अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें में सुनने के बाद एक सप्ताह के लिए न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश पारित किया।

उधर, उच्चतम न्यायालय ने 23 अगस्त को कहा था कि वह दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाला में सीबीआई की गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली और इसी मुकदमे में जमानत की केजरीवाल की दो अलग-अलग याचिकाओं पर पांच सितंबर को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की (शीर्ष अदालत) खंडपीठ ने उनकी याचिकाओं पर संबंधित पक्षों के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद इस मामले में अगली सुनवाई के लिए पांच सितंबर की तारीख मुकर्रर की। केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से पांच अगस्त को अपनी याचिकाएं ठुकरा दिए जाने के बाद शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा आया था। शीर्ष अदालत ने धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज मुकदमे में केजरीवाल को 12 जुलाई को अंतरिम जमानत दे दी थी। इससे पहले लोकसभा चुनाव के दौरान भी उन्हें अंतिम जमानत दी गई थी।

सीबीआई मामले में शीर्ष अदालत की पीठ के समक्ष तब वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने केजरीवाल का पक्ष रखते हुए दलील दी थी कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज मुकदमे में शीर्ष अदालत ने तीन मौकों पर अंतरिम जमानत दी है। उन्होंने दावा किया था कि सीबीआई की ओर से केजरीवाल की गई गिरफ्तारी एक प्रकार से पहले से तय थी, क्योंकि यह अनुमान था कि ईडी मामले में उन्हें जमानत मिलेगी और वह जेल से रिहा किए जाएंगे। उन्होंने इस बात पर भी आश्चर्य व्यक्त किया था कि जब गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) जैसे कठोर प्रावधान वाले मामले में जमानत दी जा सकती है, तो भ्रष्टाचार के मुकदमे में अंतरिम जमानत क्यों नहीं दी जा सकती।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने केजरीवाल के खिलाफ सीबीआई की ओर से दर्ज मुकदमा रद्द करने और जमानत के लिए दायर उनकी याचिकाएं पांच अगस्त को खारिज कर दी थी। उन्होंने इस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने अपना आदेश सुनाते हुए कहा था सीबीआई के पास मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने का पर्याप्त कानूनी आधार था। न्यायमूर्ति कृष्णा ने कहा था, यह नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी बिना किसी न्यायोचित कारण के की गई। उच्च न्यायालय ने तब गुण-दोष के आधार पर इस मामले में कोई निर्णय लेने से इनकार कर दिया, लेकिन निचली अदालत का दरवाजा खटखटाने की छूट दी थी। एकल पीठ ने जमानत याचिका पर कहा था कि याचिकाकर्ता को निचली अदालत जाने की छूट है। एकल पीठ के समक्ष सीबीआई ने दलील देते हुए कहा था कि केजरीवाल भ्रष्टाचार के इस मामले सूत्रधार हैं और उनके खिलाफ इस मामले में स्पष्ट सबूत हैं। ईडी ने 21 मार्च और सीबीआई में 26 जून 2024 को मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने ईडी के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में बंद केजरीवाल को अदालत की अनुमति के बाद 25 जून को पूछताछ और फिर 26 जून को गिरफ्तार किया था। विशेष अदालत ने उसी दिन सीबीआई की गुहार पर उन्हें इस केंद्रीय जांच एजेंसी की तीन दिनों की हिरासत में भेज दिया था। हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद विशेष अदालत ने शनिवार 29 जून को उन्हें 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जिसे अदालत ने समय- समय पर आगे बढ़ाया। सीबीआई की ओर से यदि प्राथमिकी दर्ज (जून 2024 में ) नहीं की जाती तो केजरीवाल अब तक जेल से रिहा कर दिए गए होते।

# अनंतनाग में सुरक्षा बलों ने की आतंकी साजिश नाकाम, तीन सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुये एक आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया और आतंकवादियों के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार कर उनसे हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि तीनों की पहचान करेवा कॉलोनी बिजबेहरा निवासी उमाइक मुश्ताक जरगर, डार मोहल्ला अरवानी के इशफाक अहमद डार और डार मोहल्ला अरवानी निवासी शाहिद अहमद गधनजी के रूप में हुई है। इनकी गिरफ्तारी से जिले में आतंकवादी गतिविधियों को तगड़ा झटका लगा है।

उनके पास से एक पिस्तौल, दो पिस्तौल मैगजीन, 23 पिस्तौल राउंड और दो ग्रेनेड बरामद किए गए। ये गिरफ्तारियां वोपज़ान इलाके में सेना और सीआरपीएफ के साथ मिलकर पुलिस की एक संयुक्त टीम द्वारा नाका चेकिंग के दौरान की गईं।

प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि तीनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संचालकों के निर्देशों के तहत अनंतनाग जिले और उसके आसपास विध्वंसक गतिविधियों की योजना बना रहे थे।

पुलिस ने बिजबेहरा थाने में इनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# राजौरी में ग्राम रक्षकों ने सीमा के पास संदिग्ध गतिविधि दिखने पर की गोलीबारी



**जम्मू, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सीमा के पास संदिग्ध गतिविधि दिखने पर ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) के सदस्यों ने हवा में कुछ राउंड गोलियां चलाईं।

पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि राजौरी के मेहरा गांव में सोमवार देर शाम संदिग्ध गतिविधि देखने के बाद वीडीजी के सदस्यों ने हवा में गोलीबारी की। सूचना मिलने पर पुलिस और सेना की संयुक्त टीम ने तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने कहा, सुरक्षा बलों द्वारा शुरू किया गया तलाशी अभियान जारी है। सुरक्षा बल राष्ट्र विरोधी ताकतों के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए तैयार हैं।

# भारत अगले महीने संरा में उच्च सागर संधि पर हस्ताक्षर करेगा

**चेन्नई, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** भारत अगले महीने संयुक्त राष्ट्र महासभा में राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे जैव विविधता (बीबीएनजे) समझौते, जिसे उच्च समुद्र संधि भी कहा जाता है, पर हस्ताक्षर करेगा। यह महत्वपूर्ण घोषणा मंगलवार को यहां केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सलाहकार पीके श्रीवास्तव ने की। श्री श्रीवास्तव समझौते के कार्यान्वयन पर केंद्रित आज यहां शुरू हुई उच्च स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मंत्रालय समझौते से संबंधित विकास की निगरानी के लिए एक समर्पित संस्थागत तंत्र स्थापित करेगा। श्री श्रीवास्तव ने कहा, यह प्राधिकरण संधि से संबंधित आवश्यक नियमों, अध्ययनों और अन्य गतिविधियों से निपटेगा। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आवश्यकताओं के साथ अनुकूलता सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा कानून में संधि पर विस्तृत चर्चा और संशोधन की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 का उपयोग बीबीएनजे समझौते के पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन के लिए किया जा सकता है।आगे की चुनौतियों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि प्राथमिकताएं विकसित करना, संसाधन साझा करना, अनुसंधान और विकास और क्षमता निर्माण कुछ तात्कालिक कार्य हैं जिन्हें क्षेत्रीय सहयोग के साथ पूरा किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, इस दिशा में क्षमता निर्माण के लिए दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बीच क्षेत्रीय साझेदारी का लाभ उठाने की सख्त जरूरत है। कार्यशाला में दक्षिण के राजनयिकों, नीति निर्माताओं और वरिष्ठ समुद्री वैज्ञानिकों ने भाग लिया जिसमें बंगलादेश, भारत, मालदीव, श्रीलंका, नेपाल, कंबोडिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया, भूटान, म्यांमार और तिमोर-लेस्ते सहित दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशियाई देश के प्रतिनिधि शामिल थे। विशेषज्ञों के अनुसार इस संधि का अनुसमर्थन उच्च समुद्रों की रक्षा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो जलवायु विनियमन और नीली अर्थव्यवस्था को बढ़ाने सहित कई सेवाएं प्रदान करता है। उन्होंने इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समुद्री प्रशासन को बढ़ाने की तात्कालिकता और क्षमता निर्माण और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की आवश्यकता पर जोर दिया।

# सतीश कुमार रेलवे बोर्ड के नए अध्यक्ष एवं सीईओ नियुक्त

**नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** रेलवे बोर्ड में सदस्य (ट्रेक्शन एवं रोलिंग स्टॉक) सतीश कुमार को बोर्ड का नया अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। सरकार के नियुक्ति संबंधी आदेश के अनुसार भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा के अधिकारी सतीश कुमार जया वर्मा सिन्हा का स्थान लेंगे जो 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होंगी। सतीश कुमार एक सितंबर को कार्यभार संभालेंगे। सूत्रों के अनुसार सतीश कुमार रेलवे बोर्ड के ऐसे पहले अध्यक्ष एवं सीईओ होंगे जो अनुसूचित जाति वर्ग के हैं। श्री सतीश कुमार ने 05 जनवरी, 2024 को रेल मंत्रालय में रेलवे बोर्ड में सदस्य (ट्रैक्शन एवं रोलिंग स्टॉक) का कार्यभार संभाला था। भारतीय रेलवे मैकेनिकल इंजीनियर्स सेवा के 1986 बैच के अधिकारी श्री कुमार मार्च, 1988 में भारतीय रेलवे की सेवा में औपचारिक रूप से शामिल हुए और उनके पास 34 वर्षों का समृद्ध अनुभव है। इससे पहले वह उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज में महाप्रबंधक के रूप में काम कर चुके हैं।

पूर्व में श्री कुमार ने विभिन्न पदों पर झांसी मंडल और बीएलडब्ल्यू (बनारस रेलइंजन कारखाना) पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर, पटियाला रेलइंजन कारखाना में काम किया था। उन्होंने 1996 में यूएनडीपी कार्यक्रम के तहत कुल गुणवत्ता प्रबंधन में प्रशिक्षण लिया था और वे अपने करियर में कई परियोजनाओं की देख-रेख कर चुके हैं। उन्होंने अप्रैल, 2017 से अप्रैल, 2019 तक उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के रूप में भी काम किया था।

# नए आपराधिक कानूनों पर आनंद स्वरूप गुप्ता स्मृति व्याख्यान देंगे शाह



**नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार को यहां पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के 54वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और नए आपराधिक कानून-नागरिक केन्द्रित सुधार विषय पर डॉ. आनंदस्वरूप गुप्ता स्मृति व्याख्यान देंगे।

गृह मंत्री वर्ष 2023 और 2024 के विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक विजेताओं को सम्मानित भी करेंगे। गृह मंत्री ब्यूरो के प्रकाशन इंडियन पुलिस जर्नल के नए आपराधिक कानूनों पर विशेष संस्करण का विमोचन भी करेंगे। ब्यूरो देश के पुलिस बलों को आवश्यक बौद्धिक, भौतिक और संगठनात्मक संसाधनों से लैस कर पुलिसिंग और आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए उन्हें चुस्त दुरुस्त बल बनाने के प्रति कटिबद्ध है। वर्ष 1970 में स्थापना के बाद से ब्यूरो अनुसंधान एवं विकास में पुलिसिंग में उत्कृष्टता को बढ़ाने के लिए भारतीय पुलिस के थिंक टैंक के रूप में कार्य कर रहा है। इस संस्थान का केन्द्रबिन्दु पुलिस एवं सुधारात्मक सेवाओं के लिए नीतियां और कार्य प्रणालियां विकसित करना, नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकियों की खोज करना, कानून प्रवर्तन एजेंसियों के क्षमता निर्माण और राज्यों तथा केन्द्रीय पुलिस संगठनों के बीच सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देना है।

स्थापना समारोह में केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक, केन्द्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुखों के साथ-साथ गृह मंत्रालय एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

# चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा पर राष्ट्रीय कार्यबल की पहली बैठक सम्पन्न

**नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** देशभर में चिकित्साकर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था पर गठित राष्ट्रीय कार्यबल की पहली बैठक मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में मंत्रिमंडलीय सचिव की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत रुप से विचार विमर्श किया गया।

बैठक में गृह सचिव और स्वास्थ्य सचिव समेत सभी सदस्य मौजूद रहे। बैठक में सभी सदस्यों ने सुझाव दिये जिससे चिकित्सकों और सहायक चिकित्सा कर्मियों तथा अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा सके और उनके सुरक्षित परिवेश निर्मित किया जा सके। कार्यबल का गठन उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप किया गया है। कार्यबल के सदस्यों ने कहा कि उनसे विभिन्न पक्षों और संगठनों से संपर्क किया है और व्यक्तिगत तौर पर 300 से 400 तक सुझाव प्राप्त हुए हैं।

कार्यबल की ऑनलाइन बैठक कल भी होगी और जिसमें मुख्य सचिवों तथा पुलिस महानिदेशकों के साथ चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था पर तुरंत कदम उठाने पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह सचिव और स्वास्थ्य सचिव करेंगे। चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा को लेकर स्वास्थ्य सचिव और कार्यबल के सभी सदस्य विभिन्न पक्षों के साथ विस्तृत विचार विमर्श करेंगे। कार्यबल ने राज्य सरकारों से चिकित्सा कर्मियों की मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देने को कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट पर सुझाव देने के लिए एक लिंक बनाया है जिस पर आम जनता भी अपने सुझाव दे सकती है।

# कांग्रेस बन गई है नारा देने वाली पार्टी: सीतारमण



**नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस को नारा देने वाली पार्टी बताते हुए मंगलवार को कहा कि अब यह पार्टी किसी भी विषय पर मंत्रणा किये बगैर की नारा देने लगती है। श्रीमती सीतारमण ने यहां संवाददाताओं से अनौपचारिक चर्चा में यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को कांग्रेस द्वारा यू टर्न बताये जाने के बारे में पूछे जाने पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार के किसी भी निर्णय पर गठबंधन को कोई असर नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का साफ-साफ कहना है कि हमारा गठबंधन सीधे जनता से है और जनता के हित में ही निर्णय लिये जाते हैं। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के कारण महंगाई में बढ़ोतरी नहीं हुयी है। उन्होंने सवाल किया कि कोई भी व्यक्ति यह बता दे कि जीएसटी लागू होने के बाद किसी एक भी वस्तु या सेवा पर इससे पूर्व की तुलना में अधिक कर है।

# सिर्फ नेता और मंत्री को स्पेशल ट्रीटमेंट मिलता है: झारखंड उच्च न्यायालय




**रांची, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** झारखंड उच्च न्यायालय ने मंगलवार को यहां स्वतः संज्ञान लिये एक मामले की सुनवाई करते हुए मौखिक रूप कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल है और सिर्फ नेता और मंत्री को स्पेशल ट्रीटमेंट मिलता है।

दरअसल पिछले 23 अगस्त को भाजपा की युवा आक्रोश रैली के दौरान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी काफी देर तक कांके रोड में जाम में फंसे रहे थे। इसके बाद आज उन्होंने डीजीपी, रांची डीसी, एसएसपी और ट्रैफिक एसपी को अदालत में पेश करने का निर्देश दिया। उक्त सभी अधिकारी अदालत के समक्ष पेश हुए। सुनवाई के दौरान डीजीपी ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि भविष्य में इस तरह की घटना नहीं होगी। वहीं अदालत ने जाम की समस्या पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि नेता या मंत्री सड़क पर निकलते हैं तो उन्हें स्पेशल ट्रीटमेंट दिया जाता है लेकिन आम लोगों को जाम में फंसे रहने के किए छोड़ दिया जाता है।हूटर बजाकर लोगों के साथ जानवर जैसा व्यवहार किया जाता है। न्यायालय ने इस मामले को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की बेंच में सुनवाई के लिए ट्रांसफर कर दिया है।

# राज्यसभा के उपचुनावों में राजग को 11 सीटें मिली, कांग्रेस के हिस्से आई एक सीट

**नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** राज्यसभा के लिए हुए उपचुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को सीटों पर जीत मिली है जबकि कांग्रेस के हिस्से केवल एक सीट आयी है। उपचुनावों में सभी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। विजयी उम्मीदवारों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नौ, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजीत पवार गुट) और राष्ट्रीय लोकमोर्चा के एक-एक उम्मीदवार शामिल है। राजस्थान से रवनीत सिंह सिद्धू , हरियाणा से किरण चौधरी, मध्य प्रदेश से जार्ज कूरियन, बिहार से मनन कुमार मिश्रा, असम से रामेश्वर तेली और मिशन रंजन दास, महाराष्ट्र से धैर्यशील पाटिल, ओडिशा से ममता मोहंता, त्रिपुरा से राजीव भट्टाचार्य (सभी भाजपा), महाराष्ट्र से नितिन पाटिल (राकांपा-अजीत पवार गुट), बिहार से उपेंद्र कुशवाहा (राष्ट्रीय लोकमोर्चा) और तेलंगाना से अभिषेक मनु सिंघवी (कांग्रेस) निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं।

# श्रीलंकाई नौसेना ने आठ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

**रामेश्वरम (तमिलनाडु), 27 अगस्त (एजेंसियां)।** श्रीलंकाई नौसेना ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) का उल्लंघन करने के आरोप में तमिलनाडु के आठ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी नौका जब्त कर ली है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

तमिलनाडु के मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने यहां बताया कि खराब मौसम के कारण पिछले कुछ दिनों तक समुद्र से दूर रहने के बाद 3,500 से अधिक मछुआरे सोमवार सुबह रामेश्वरम से मछली पकड़ने के लिए समुद्र में गए थे। वे जब बीच समुद्र में आईएमबीएल के निकट मछली पकड़ रहे थे, तभी श्रीलंकाई नौसेना ने सीमा रेखा के उल्लंघन का आरोप लगाकर आठ मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी नौका जब्त कर ली। श्रीलंकाई नौसेना ने दावा किया कि विदेशी ट्रॉलरों द्वारा अवैध रूप से मछली पकड़ने पर अंकुश लगाने के लिए मन्नार के उत्तर में चलाए गए एक विशेष अभियान के दौरान, उत्तर मध्य नौसेना कमान से संबंधित एक तटवर्ती गश्ती दल ने भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं के एक समूह को अपने जल क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने में लिप्त देखा।

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

अपना धैर्य न खोएँ, ख़ास तौर पर मुश्किल हालात में। रियल एस्टेट और वित्तीय लेन-देन के लिए अच्छा दिन है। शाम को साथियों का साथ मज़ेदार रहेगा। आपके प्यार को न सुनना पड़ सकता है। ख़ुद को अभिव्यक्त करने के लिए अच्छा समय है- और ऐसे प्रोजेक्ट पर काम कीजिए, जो रचनात्मक हों। आज टीवी या मोबाइल पर कोई मूवी देखने में आप इतना व्यस्त हो सकते हैं कि आप जरुरी कामों को करना भी भूल जाएंगे। शादी सिर्फ़ एक छत के नीचे रहने का नाम नहीं है; एक-दूसरे के साथ कुछ समय बिताना भी ज़रूरी है।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

व्यस्त दिनचर्या के बावजूद स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज के दिन आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है लेकिन इसके साथ ही आपको दान-पुण्य भी करना चाहिए क्योंकि इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज के दिन आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। वक्त पर चलने के साथ-साथ अपनों को वक्त देना भी आवश्यक है। यह बात आज आप समझेंगे लेकिन इसके बावजूद भी आप अपने घरवालों को पर्याप्त समय नहीं दे पाएंगे। आप दुनिया में ख़ुद को सबसे रईस महसूस करेंगे, क्योंकि आपके जीवनसाथी का व्यवहार आपको ऐसा महसूस कराएगा।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड,छ,के,को,ह**

आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। आपके पास आज पैसा भी पर्याप्त मात्रा में होगा और इसके साथ ही मन में शांति भी होगी। अपने जीवन-साथी के साथ बेहतर समझ ज़िन्दगी में ख़ुशी, सुकून और समृद्धि लाएगी। आपके लिए आज बहुत सक्रिय और लोगों से मेल-जोल भरा दिन रहेगा। लोग आपसे आपकी राय मांगेंगे और जो भी आप कहेंगे, उसे बिना सोचे मान लेंगे। आज का दिन फ़ायदेमंद साबित होगा, क्योंकि ऐसा लगता है कि चीज़ें आपके पक्ष में जाएंगी और आप हर काम में अव्वल रहेंगे

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

जो लोग अब तक पैसे को बिना वजह ही उड़ा रहे थे आज उन्हें अपने आप पर काबू रखना चाहिए और धन की बचत करनी चाहिए। परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्त्व होगा। आप दफ़्तर में माहौल में बेहतरी और कामकाज के स्तर में सुधार को महसूस कर सकते हैं। इस राशि के जातक आज के दिन अपने भाई-बहनों के साथ घर पर कोई मूवी देख सकते हैं। ऐसा करके आप लोगों के बीच प्यार में इज़ाफा होगा। आपका जीवनसाथी आपकी कमज़ोरियों को सहलाएगा और आपको सुखद अनुभूति देगा।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आपका हँसमुख स्वभाव दूसरों को ख़ुश रखेगा। आज आपको अपने भाई या बहन की मदद से धन लाभ होने की संभावना है। परिवार के सदस्यों की अच्छी सलाह आज आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगी। आज किसी ऐसे इंसान से मिलने की संभावना है जो आपके दिल को गहराई से छूएगा। नए ग्राहकों से बात करने के लिए बेहतरीन दिन है। दिल के करीबी लोगों के साथ आपका वक्त बिताने का मन करेगा लेकिन आप ऐसा कर पाने में सक्षम नहीं हो पाएंगे।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आपका बच्चों जैसा भोला स्वभाव फिर सतह पर आ जाएगा और आप शरारती मनोदशा में होंगे। आज के दिन आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है लेकिन इसके साथ ही आपको दान-पुण्य भी करना चाहिए क्योंकि इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। अपने जीवन-साथी के साथ बेहतर समझ ज़िन्दगी में ख़ुशी, सुकून और समृद्धि लाएगी। आज आप जीवन में सच्चे प्रेम की कमी का अनुभव करेंगे। दफ़्तर में आप तारीफ़ पाएंगे। जन्मदिन भूलने जैसी किसी छोटी-सी बात को लेकर जीवनसाथी से तक़रार मुमकिन है। लेकिन अन्तत: सब ठीक हो जाएगा।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

जल्दबाज़ी में निवेश न करें- अगर आप सभी मुमकिन कोणों से परखेंगे नहीं तो नुक़सान हो सकता है। पुराने परिचितों से मिलने-जुलने और पुराने रिश्तों को फिर से तरोताज़ा करने के लिए अच्छा दिन है। काम के लिए मौक़े परिचित महिलाओं की ओर से आ सकते हैं। खाली समय में आप कोई खेल आज के दिन खेल सकते हैं लेकिन इस दौरान किसी तरह की दुर्घटना होने की भी संभावना है इसलिए संभलकर रहें। आपका जीवनसाथी ही आपका हमदम है।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

दिन की शुरुआत भले ही अच्छी हो लेकिन शाम के वक्त किसी वजह से आपका धन खर्च हो सकता है जिससे आप परेशान होंगे। कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा। आज आराम के लिए बहुत कम समय है- क्योंकि पहले के टाले हुए काम आपको व्यस्त रखेंगे। बिना किसी को अवगत कराए ही आज आपके घर में किसी दूर के रिश्तेदार की एंट्री हो सकती है जिसके कारण आपका समय खराब हो सकता है। किसी के प्रभाव में आकर आपका जीवनसाथी आपसे झगड़ सकता है, लेकिन प्यार और सद्भाव से मामला सुलझ जाएगा।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आपके मन में जल्दी पैसे कमाने की तीव्र इच्छा पैसा होगी। ऐसे विवादास्पद मुद्दों पर बहस करने से बचें, जो आपके और प्रियजनों के बीच गतिरोध पैदा कर सकते हैं। अपने दिल की बात ज़ाहिर करके आप ख़ुद को काफ़ी हल्का और रोमांचित महसूस करेंगे। बिना गहराई से समझे-बूझे किसी व्यावसायिक/क़ानूनी दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर न करें। अपने ज़बरदस्त आत्मविश्वास का फ़ायदा उठाएँ, बाहर निकलें और कुछ नए सम्पर्क व दोस्त बनाएँ। आप और आपका हमदम एक-दूसरे से आज एक-दूसरे की ख़ूबसूरत भावनाओं का इज़हार कर सकेंगे।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज बिना किसी की मदद के ही आप धन कमा पाने में सक्षम होंगे। कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा। आप अचानक गुलाबों की ख़ुश्बू से ख़ुद को सराबोर पाएंगे। यह प्यार की मदहोशी है, इसे महसूस करें। जो काम आप कर चुके हैं, उसके चलते आज आपको पहचान मिलेगी। अपने बच्चों को आज समय का सदुपयोग करने की सलाह दे सकते हैं। आज चाहे दुनिया इधर-की-उधर ही क्यों न हो जाए, आप अपने जीवनसाथी के साथ समय गुज़ारेंगे।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

अपने दिन की शुरुआत कसरत से करें- यही वक़्त है जब आप अपने बारे में अच्छा महसूस करने की शुरुआत कर सकते हैं- इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें और नियमित रखने की कोशिश करें। आप अच्छा पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप पारंपरिक तौर पर निवेश करें। आपकी स्वच्छन्द जीवनशैली घर में तनाव पैदा कर सकती है, इसलिए देर रात तक बाहर रहने और ज़्यादा ख़र्च करने से बचें। नई परियोजनाओं और कामों को अमली जामा पहनाने के लिए बेहतरीन दिन है। दीर्घावधि में कामकाज के सिलसिले में की गयी यात्रा फ़ायदेमंद साबित होगी

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता दें। आज अपने प्रिय से दूर होने का दु:ख आपको टीस देता रहेगा। पैसे बनाने के उन नए विचारों का उपयोग करें, जो आज आपके ज़ेहन में आएँ। इस राशि के लोग बड़े ही दिलचस्प होते हैं। ये कभी लोगों के बीच रहकर खुश रहते हैं तो कभी अकेले में हालांकि अकेले वक्त गुजारना इतना आसान नहीं है फिर भी आज दिन में कुछ समय आप अपने लिए जरुर निकाल पाएंगे। दिन में जीवनसाथी के साथ बहस के बाद एक बेहतरीन शाम गुज़रेगी।

## बुधवार का पंचांग

दिनांक : 28 अगस्त 2024 , बुधवार
विक्रम संवत : 2081
मास : भाद्रपद , कृष्ण पक्ष
तिथि : दशमी रात्रि 01:22 तक
नक्षत्र : मृगशिरा दोपहर 03:53 तक
योग : वज्र रात्रि 07:10 तक
करण : वणिज दोपहर 01:24 तक
चन्द्र राशि : मिथुन
सूर्योदय : 06:01 , सूर्यास्त 06:33 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:08 , सूर्यास्त 06:33 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:00, सूर्यास्त 06:32 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:53 , सूर्यास्त 06:24 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

लाभ : 06:00 से 07:30
अमृत : 07:30 से 09:00
शुभ : 10:30 से 12:00
चल : 03:00 से 04:30
लाभ : 04:30 से 06:00
राहुकाल : दोपहर 12:00 से 01:30
दिशाशूल : उत्तर दिशा
उपाय : तिल्ली खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : भद्रा दोपहर 01:23 से रात्रि 01:28 तक



❊ पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें ❊
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


# राजस्थान को पर्यटन में अग्रणी राज्य बनाना है : दिया

## अफसरों को कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश



**जयपुर,27 अगस्त (एजेंसियां)।** राजस्थान पर्यटन विकास निगम की कार्ययोजनाओं की समीक्षा को लेकर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को पर्यटन भवन में अधिकारियों की बैठक ली। दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं हैं। राजस्थान को पर्यटन में अग्रणी राज्य बनाने के हमारे संकल्प को पूर्ण करने में राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) की महत्वपूर्ण भूमिका है। राजस्थान पर्यटन विकास निगम लाभ की स्थिति में आए तथा अन्य राज्यों के मुकाबले राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सके इस हेतु कार्य किया जाना है।

उन्होंने कहा कि इसके लिए अधिकारी कार्ययोजना बनाकर काम करें और ज्यादा से ज्यादा समय तक फील्ड में रहकर नियमित रूप से बेहतर प्रदर्शन किए जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आरटीडीसी, पर्यटन विभाग की जिन बजट घोषणाओं को पूरा करने में एजेंसी के रूप में काम कर रही है, उन कामों को गुण-वत्तापूर्ण रूप से लक्षित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करे।

**जोधपुर में कोलकाता जैसा कांड**

# अस्पताल परिसर में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, मौके पर पहुंची पुलिस

**जोधपुर,27 अगस्त (एजेंसियां)।** राजस्थान के जोधपुर से बड़ी घटना सामने आई है। यहां महात्मा गांधी अस्पताल में एक नाबालिग ने गैंगरेप का आरोप लगाया है। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधिकारी व एफएसएल टीमों को जांच के लिए बुलाया गया है। पीड़ित लड़की ने सफाई कर्मचारियों पर गैंगरेप का आरोप लगाया है।

जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल में घटी दुष्कर्म और गैंगरेप की घटना अत्यंत शर्मनाक और भयावह है। इस घटना में एक नाबालिग लड़की के साथ अमानवीयता की सभी सीमाएं पार कर दी गईं। पुलिस के अनुसार, अस्पताल के अंदर ही इस घृणित अपराध को अंजाम दिया गया। घटना के बाद से ही पुलिस और प्रशासन पर कड़ी कार्रवाई का दबाव था।

पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरे आरोपी की तलाश अभी जारी है। इस घटना ने न केवल जोधपुर, बल्कि पूरे देश को हिला कर रख दिया है। अस्पताल जैसे सुरक्षित माने जाने वाले स्थान में ऐसी घटना का घटित होना समाज की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

# शादी का झांसा देकर लड़की के माता-पिता ने हड़पे 30 लाख

## पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार



**नागौर,27 अगस्त (एजेंसियां)।** मकराना तहसील के ग्राम डॉबड़ी सांवलदास के व्यक्ति को अपने पुत्र की शादी करवाने का झांसा देकर एक शातिर महिला व आदतन अपराधी उसके पति ने 30 लाख रुपए सहित पशु धन व मोबाइल हड़प कर शादी के लिए मना कर दिया। जिस पर पीड़ित हनुमान बिसू ने 14 अप्रैल को गच्छीपुरा पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया।जिस पर गच्छीपुरा पुलिस ने अनुसंधान कर जिला डीडवाना कुचामन एसपी राजेंद्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार, वैभव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परबतसर, मकराना डिप्टी भवानी सिंह व थानाधिकारी गिरिराज कुमार के नेतृत्व में गच्छीपुरा पुलिस ने रात के अंधेरे में पहाड़ों के बीच रहवासी ढाणी से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

गच्छीपुरा थानाधिकारी गिरिराज कुमार ने बताया कि पीड़ित हनुमान बीसू ने रिपोर्ट देकर बताया कि लड़के के शादी के लिए लड़की की तलाश में परिचित ने रूपनगढ़ थाने क्षेत्र के नटुटी गांव में देवकरण पुत्र दुर्गाराम जाट की लड़की देखने गए, जहां लड़का पसंद आने पर सगाई 2020 में पक्की कर दी।

थोड़े ही दिनों बाद लड़की की माता मंजू देवी ने शादी से पहले मकान का काम पूरा करवाने व शादी में आभूषण बनवाने के लिए उधार रूपयों की मांग की, जिस पर पीड़ित ने रुपए दे दिए।

वहीं पीड़ित को लगातार फोन कर कभी रोकड़ी रुपए तो कभी पशुधन और मोबाइल भी झांसे में लेकर मंगवा लिए। 2024 में अप्रैल माह में शादी पक्की करने की बात पर पीड़ित ने शादी के लिए कार्ड छपवाकर मकान के रंग रोशन कर पूरी तैयारी कर ली थी।

शादी के लिए सावा भेजने के लिए नटुटी देवकरण व मंजू देवी के पास फोन किया तो उन्होंने शादी के लिए इनकार कर दिया और मोबाइल बंद कर लिए, जिस पर पीड़ित कई रिश्तेदारों को लेकर वहां गया तो घर पर ताले मिले। जब पीड़ित को ठगी महसूस हुई तो गच्छीपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया।

# भाजपा मुख्यालय पर कांग्रेस युवा मोर्चा का हंगामा

## प्रदेश प्रभारी के फोटो पर स्याही पोतकर जूतों तले रौंदा



**जयपुर,27 अगस्त (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय के बाहर एकाएक पहुंचे कांग्रेस युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल के फोटो पर स्याही लगाकर उनके फोटो को जूतों से कुचल दिया। इसके बाद राधामोहन दास अग्रवाल मुर्दाबाद और सचिन पायलट जिंदाबाद के नारे लगाए। पार्टी कार्यालय के बाहर इस तरह का हंगामा करने वाले इन कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संख्या हालांकि 8 से 10 ही थी लेकिन इन लोगों ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय पहुंचकर सत्ताधारी पार्टी और उसके प्रदेश प्रभारी के खिलाफ नारेबाजी की और भाग गए।

नारेबाजी और हंगामे की आवाज जब भाजपा मुख्यालय के अंदर पहुंची तो मुख्यालय में मौजूद युवा मोर्चा के पदाधिकारी हाथों में डंडे लेकर बाहर आए लेकिन तब तक युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता वहां से निकल चुके थे।

बताया जा रहा है कि प्रदेश प्रभारी राधामोहन अग्रवाल द्वारा सचिन पायलट समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया था, जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा भार्गव, प्रदेश वाइस चेयरमैन उज्ज्वल शर्मा, प्रदेश वरिष्ठ महासचिव करतार गुर्जर, प्रदेश वरिष्ठ रवि सिगदार, प्रदेश सचिव टीकम जाट, जिला उपाध्यक्ष शुभम मीणा, अनिल चौधरी और चंद्रकांत चौहान मौजूद थे।

# हनीट्रैप मामले में पुलिस ने दो महिला आरोपियों को किया गिरफ्तार



**झुंझुनू,27 अगस्त (एजेंसियां)।** झुंझुनू में पचेरीकलां पुलिस ने हनीट्रैप में फसाने वाली 2 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार की गई दोनों महिलाओं ने दुष्कर्म के 6 मामले दर्ज करा रखे हैं। पुलिस के अनुसार इनका नाम तीजा और पूजा है। ये दोनों महिलाएं लोगों से फोन पर बात कर के जान-पहचान बढ़ाती और बाद में उनको अपने जाल में फंसाती हैं। महिलाओं ने पहले भी एक व्यक्ति से 7 लाख रुपये की डिमांड कर रखी है।

**जेल भिजवाने की देती धमकी**

20 अगस्त को महिलाओं ने पचेरी कलां थाना में एक व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। इस संबंध में व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत की. व्यक्ति ने बताया कि 15 दिन पहले उसके मोबाइल पर फोन आया था। महिला ने नौकरी मांगी थी, मैंने मना कर दिया था. अब महिला ने 19 अगस्त को हमारे रिश्तेदारों को फोन कर बताया कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। इसमें राजीनामा करने के लिए रुपए की मांग की। 20 अगस्त को इन महिलाओं ने फिर से फोन किया और समझौते के लिए 7 लाख रुपए मांगे। रुपए न देने पर जेल भिजवाने की धमकी दी। एसपी शरद चौधरी के आदेश पर पुलिस ने जांच कर दोनों महिलाओं को हनीट्रैप मामले में गिरफ्तार कर लिया. थानाधिकारी राजपाल यादव ने बताया कि दोनों आरोपी महिलाएं सहेली हैं। इन्होंने अपना एक गिरोह बना रखा है। ये दोनों पिछले पांच साल से लोगों को अपने जाल में फंसा कर ठगी का काम रही हैं। लोग शर्मिंदगी व बदनामी की वजह से इनकी शिकायत नहीं करते थे। 2019 में इनके खिलाफ कोटपूतली में हनीट्रैप के मामले दर्ज हुए थे। हनीट्रैप गिरोह के सदस्य पहले व्यक्ति के बारे में जानकारी जुटाते और बाद में अपने जाल में फंसाकर रुपये ऐंठते। पुलिस ने बताया ने कहा कि अभी मामले की जांच चल रही है। पुलिस इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

# पश्चिमी यमुना नहर के तट में हुआ कटाव

## विभाग में मचा हड़कंप, मिट्टी के कट्टों से दोबारा बनाया किनारा

**करनाल,27 अगस्त (एजेंसियां)।** करनाल में पश्चिमी यमुना बाईपास पर रेलवे पुल के समीप नहर के तट में कटाव हो गया। कटाव इतना गहरा था कि यदि समय रहते नहीं देखा जाता तो आस पास के क्षेत्र में बाढ़ आ जारी। इस तट की सूचना पर नहरी विभाग में हड़कंप मंच गया और तुरंत पूरी टीम मौके पर पहुंची। मजदूरों ने मिट्टी के कट्टे भर भर कर तट के कटाव रोकने का प्रयास किया तो वहीं जेसीबी सहित कई डंपर मिट्टी व पत्थर के मंगवाए गए। जिससे तट को दोबारा बांधने का कार्य चलता रहा। देर शाम तक मजदूर इस कार्य में लगे रहे। वहीं दूसरी ओर अधिकारियों की सांसें फूली रही। मौके पर एक्सईन, एसडीओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**करीब 12 हजार क्यूसेक चल रहा है नहर में पानी**



पश्चिमी यमुना नहर की क्षमता करीब 13 हजार क्यूसेक है लेकिन फिलहाल बारिश के कारण नहर पानी से भरकर चल रही है। बताया जा रहा है कि नहर में करीब 12 हजार क्यूसेक पानी बह रहा है। पानी की गति भी बहुत तेज है। इस कारण यह कटाव हुआ है।

**ये दिया अधिकारियों ने तर्क**

नहरी विभाग के एक्सईन रणबीर ने बताया कि नहर की चौड़ाई करीब 200 फूट है लेकिन जिस जगह पर कटाव हुआ है वहां पर रेलवे का पुल है। इस कारण वहां पर नहर की चौड़ाई कम है। इस कारण वहां पर पानी का अधिक प्रेशर है। इस कारण उस तट में कटाव हुआ है। इसे बंद कर दिया गया है।

# खटकड़ टोल प्लाजा पर विनेश फोगाट का भव्य सम्मान

## चांदी का मुकुट पहनाकर किया अभिनंदन

**जींद,27 अगस्त (एजेंसियां)।** जींद में मंगलवार को खटकड़ टोल प्लाजा पर ओलंपियन विनेश फोगाट का भव्य स्वागत किया गया। विनेश फोगाट जब दोपहर 1 बजे खटकड़ टोल प्लाजा पहुंचीं, तो वहां उपस्थित लोगों ने उन्हें चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया। इसके अलावा, कई अन्य लोगों ने भी उन्हें विभिन्न उपहार भेंट किए।

विनेश फोगाट ने इस सम्मान के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि मैं लोगों के इस अपार प्रेम के लिए हमेशा ऋणी रहूंगी। मुझे हमेशा अपने लोगों से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। जब मैं हिम्मत हार चुकी थी, तब इन्हीं लोगों ने मुझे उत्साहित किया और प्रेरित किया। अब मेरा एकमात्र लक्ष्य ओलंपिक में देश के लिए गोल्ड मेडल जीतना है।

विनेश फोगाट का स्वागत ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ किया गया। इस दौरान खटकड़ टोल कमेटी के सदस्य कैप्टन भूपेंद्र जागलान और कैप्टन वेदप्रकाश बरसोला ने कहा कि हमारे जिले के सभी गांवों की ओर से विनेश को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया है। इस बेटी ने हरियाणा का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है।

विनेश फोगाट ने इस मौके पर किसानों की याद में बनाए जा रहे शहीद स्मारक के लिए भूमि पूजन भी किया। विभिन्न गांवों की पंचायतों की ओर से उन्हें नकद राशि देकर भी सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह के दौरान विनेश फोगाट भावुक नजर आईं और उन्होंने अपने समर्थकों को इस प्रेरणा और प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद दिया।

# आजाद समाज पार्टी के साथ चुनाव लड़ेगी जजपा

**चंडीगढ़,27 अगस्त (एजेंसियां)।** हरियाणा में जननायक जनता पार्टी और आजाद समाज पार्टी मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने एलान किया कि दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन हो गया है। 70 सीटों पर जननायक जनता पार्टी और 20 सीटों पर आजाद समाज पार्टी उम्मीदवार उतारेगी। इस चुनाव से पहले हरियाणा में जजपा के एमएलए लगातार पार्टी छोड़ रहे हैं। अब तक छह विधायक पार्टी छोड़ चुके हैं। वहीं रामकुमार गौतम शुरू से ही पार्टी के विरोध में बोलते रहे हैं, वो भी पार्टी छोड़ सकते हैं।

**इस तरह होगा सीटों का बंटवारा**



जननायक जनता पार्टी ने 2019 में दस सीट जीती थी और पूर्ण बहुमत से दूर रही भाजपा को समर्थन देकर प्रदेश की सरकार में साझेदार बनी थी।

**किसान आंदोलन के बाद से विरोध झेल रही पार्टी**

इनेलो से अलग होकर बनी नई पार्टी जजपा का किसान वर्ग से कोर वोटर था। हरियाणा में किसान आंदोलन के दौरान जजपा को भाजपा का साथ छोड़ने की किसानों ने मांग की थी, लेकिन पार्टी गठबंधन में बनी रही। जिसका नुकसान लोकसभा चुनाव में देखने को मिला। कई साक्षात्कार में खुद दुष्यंत चौटाला भी मान चुके हैं कि किसान आंदोलन के दौरान उन्हें पब्लिक सेंटिमेंट को समझने में चुक हुई है। जिसका उनको लोकसभा चुनाव में नुकसान हुआ।

# मंत्री डॉ. कमल गुप्ता और विधायक दूड़ाराम को नोटिस



**हिसार,27 अगस्त (एजेंसियां)।** हिसार के जिला निर्वाचन अधिकारी ने हरियाणा सरकार के मंत्री डॉ. कमल गुप्ता और फतेहाबाद के विधायक दूड़ाराम को आचार संहिता उल्लंघन के मामले में नोटिस जारी किया है और उनसे जवाब मांगा है। आरोप है कि 26 अगस्त को हिसार के बिश्नोई मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव के दौरान दोनों नेताओं ने भाजपा के लिए वोट की अपील की, जो आचार संहिता का उल्लंघन माना जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने इस संबंध में दोनों नेताओं को नोटिस भेजा और एक घंटे के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया। यह हिसार जिले में चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर जारी किया गया पहला नोटिस है।बिश्नोई मंदिर में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएम नायब सिंह सैनी उपस्थित थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने की थी। इस दौरान डॉ. कमल गुप्ता और विधायक दूड़ाराम ने अपने संबोधन में भाजपा के समर्थन में वोट देने की अपील की थी, जिसके बाद उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायत के साथ उनके भाषण के वीडियो भी जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजे गए थे, जिसके आधार पर यह नोटिस जारी किया गया।

# अजा एकादशी व्रत कल

सावन पूर्णिमा के साथ ही भाद्रपद माह की शुरुआत हो चुकी है। हर माह में भगवान विष्णु की पूजा के लिए दो एकादशी के व्रत होते हैं। भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी अजा एकादशी कहलाती है। अजा एकादशी का व्रत करने से भगवान विष्णु की कृपा से आर्थिक संकटों से मुक्ति मिलती है और संतान को प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। मान्यता है कि सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र ने सबसे पहले अजा एकादशी का व्रत रखा था। जानिए कब है अजा एकादशी और इस दिन कौनसे शुभ योग बन रहे हैं और किस मुहूर्त में किया जा सकता है भगवान विष्णु का पूजन।

इस बार भाद्रपद में कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 29 अगस्त को प्रात: 1 बजकर 19 मिनट से शुरू होने वाली है और यह तिथि 30 अगस्त, शुक्रवार को प्रात: 1 बजकर 37 मिनट तक रहने वाली है। उदया तिथि के अनुसार भाद्रपद की पहली एकादशी यानी अजा एकादशी का व्रत 29 अगस्त, गुरुवार को रखा जाएगा।

इस बार अजा एकादशी के दिन 29 अगस्त को 2 शुभ योग बन रहे हैं। सुबह से लेकर शाम 6 बजकर 18 मिनट तक सिद्धि योग है। शाम 4 बजकर 39 मिनट से अगले दिन 30 अगस्त को सुबह 5 बजकर 58 मिनट तक सर्वार्थ सिद्धि योग बनेगा। ये दोनों योग पूजा-पाठ के लिए बहुत फलदायी माने जाते हैं। व्रत के दिन सुबह से शाम 4 बजकर 39 मिनट तक आर्द्रा नक्षत्र है।

अजा एकादशी के दिन व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा के लिए सूर्योदय के बाद सुबह 5 बजकर 58 मिनट के बाद सर्वोतम मुहूर्त है। इस दिन रात में 1 बजकर 58 मिनट से 3 बजकर 34 मिनट तक राहुकाल है, इस समय में पूजा ना करें।

अजा एकादशी व्रत का पारण 30 अगस्त को करना होगा। व्रत पारण का समय सुबह 7 बजकर 49 मिनट से सुबह 8 बजकर 31 मिनट तक है।

पुराणों में वर्णन के अनुसार, अजा एकादशी का व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा करने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। माना जाता है कि अजा एकादशी व्रत की कथा सुनने से अश्वमेध यज्ञ के समान पुण्य की प्राप्ति होती है।

अजा एकादशी पर जो भगवान विष्णु की पूजा और उपासना करता है उनसे अश्वमेघ यज्ञ के बराबर फल मिलता है। इस व्रत का संबंध राजा हरिशचंद्र से है। ऐसा कहा जाता है कि राजा हरिशचंद्र ने इस व्रत को किया और उनका मरा हुआ बेटा दोबारा जीवित हो गया। यही नहीं राजा को सारा राजपाट भी वापस मिल गया। ऐसा कहा जाता है कि यह एकादशी सभी पापों को समाप्त कर मोक्ष को देने वाली है।

इस दिन सवेरे स्नान करने के बाद साफ कपड़े पहनकर सबसे पहले व्रत का संकल्प लें। इसके बाद उस पर तांबे का लोटा यानी कलश रखें। लोटे को जल से भरें और उसपर अशोक के पत्ते या डंठल वाले पान रखें फिर उस पर नारियल रख दें। इस तरह कलश स्थापना करें। फिर कलश पर या उसके पास विष्णु भगवान की मूर्ति रखकर कलश और भगवान विष्णु की पूजा करें। दीपक लगाएं।




## इन गलतियों से अजा एकादशी व्रत हो सकता है खंडित

### जानें इस दिन क्या करें और न करें?

पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह में अजा एकादशी व्रत 29 अगस्त को किया जाएगा। एकादशी के दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु और धन की देवी मां लक्ष्मी की विधिपूर्वक पूजा करने का विधान है। मान्यता है कि अजा एकादशी व्रत करने से साधक को सभी पापों से मुक्ति मिलती है और श्री हरि प्रसन्न होते हैं। ऐसा माना जाता है कि व्रत के दौरान कुछ गलतियों को करने से जातक को जीवन में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**अजा एकादशी के दिन क्या करें**

एकादशी व्रत विधिपूर्वक करना चाहिए।

विशेष चीजों का दान करना शुभ माना जाता है।

भगवान विष्णु को प्रिय भोग लगाने चाहिए।

भोग में तुलसी के पत्ते जरूर शामिल करें।

व्रत का पारण जरूर करना चाहिए।

भजन-कीर्तन करना चाहिए।

तुलसी माता की पूजा करें।

मंदिर की विशेष सफाई करें।

**अजा एकादशी के दिन क्या न करें**

अजा एकादशी के दिन चावल का सेवन नहीं करना चाहिए।

चीजों के सेवन से दूर रहना चाहिए।

किसी वाद विवाद न करें।

बड़े बुर्जुगों और महिलाओं का अपमान नहीं करना चाहिए।

धन की बर्बादी करने से बचना चाहिए।

पशु-पक्षी को परेशान नहीं करना चाहिए।

एकादशी के दिन तुलसी दल तोड़ना वर्जित है।

सुबह की पूजा के बाद दिन में सोना वर्जित है।

# आज से 2 राशियों की बदलेगी किस्मत




## आर्थिक तंगी से मिलेगी निजात

ज्योतिष शास्त्र में चंद्रमा को मन का कारक माना जाता है। कुंडली में चंद्रमा मजबूत होने से जातक को सभी शुभ कार्यों में सफलता मिलती है। साथ ही जातक हमेशा प्रसन्नचित्त रहता है। ज्योतिष कुंडली में चंद्रमा मजबूत करने के लिए भगवान शिव की पूजा करने की सलाह देते हैं। वर्तमान समय में चंद्र देव वृषभ राशि में विराजमान हैं और 28 अगस्त को चंद्र देव राशि परिवर्तन करेंगे। इससे राशि चक्र की सभी राशियों पर भाव अनुसार प्रभाव पड़ेगा। इनमें 2 राशि के जातकों को सर्वाधिक लाभ प्राप्त होगा।

**चंद्र राशि परिवर्तन**

ज्योतिषीय गणना के अनुसार, चंद्र देव 28 अगस्त को राशि परिवर्तन करेंगे। इस दिन चंद्र देव देर रात 03 बजकर 41 मिनट पर वृषभ राशि से निकलकर मिथुन राशि में गोचर करेंगे। चंद्र देव मिथुन राशि में सवा दो दिनों तक रहेंगे। इसके बाद चंद्र देव 30 अगस्त को कर्क राशि में गोचर करेंगे।

**वृषभ राशि**

चंद्र देव के राशि परिवर्तन से वृषभ राशि के जातकों को सर्वाधिक लाभ होगा। चंद्र देव वृषभ राशि के द्वितीय भाव में विराजमान रहेंगे। इससे वृषभ राशि के जातकों के धन-धान्य में वृद्धि होगी।

इसके साथ ही परिवार में मेल-मिलाप बढ़ेगा। साथ ही धन की देवी मां लक्ष्मी की कृपा से धन संबंधी परेशानी दूर होगी। इस दौरान मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिलेगी। चंद्र देव की कृपा पाने के लिए कच्चे दूध से भगवान शिव का अभिषेक करें। साथ ही सफेद वस्त्र का दान करें।

**सिंह राशि**

चंद्र देव के राशि परिवर्तन से सिंह राशि के जातकों को भी विशेष लाभ प्राप्त होगा। इस राशि के एकादश भाव में चंद्र देव की दृष्टि रहेगी। इस भाव में चंद्र देव की उपस्थिति से धन लाभ होगा। साथ ही बड़े भाई से प्यार और स्नेह मिलेगा। चंद्र देव की कृपा से हर मनोकामना पूरी होगी। सिंह राशि के स्वामी सूर्य देव हैं। सूर्य देव और चंद्र देव के मध्य मित्रवत संबंध है। अत: चंद्र देव की असीम कृपा सिंह राशि के जातकों पर भी बरसेगी।

## सितंबर महीने में ये 3 ग्रह करेंगे राशि परिवर्तन

ज्योतिषीय गणना के अनुसार सितंबर का महीना कई राशि के जातकों के लिए शानदार रहने वाला है। इस महीने में कई प्रमुख ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे। इससे राशि चक्र की सभी राशियों पर भाव अनुसार प्रभाव पड़ेगा। ज्योतिषियों की मानें तो सितंबर महीने में सूर्य देव कन्या राशि में गोचर करेंगे। इस शुभ तिथि पर कन्या संक्रांति मनाई जाएगी।

**मंगल नक्षत्र गोचर**

ग्रहों के सेनापति मंगल देव 06 सितंबर को सुबह 09 बजकर 09 मिनट पर आर्द्रा नक्षत्र में गोचर करेंगे। इसके बाद 29 सितंबर को पुनर्वसु नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। इस नक्षत्र में गोचर के दौरान मंगल देव राशि परिवर्तन करेंगे। ऊर्जा के कारक मंगल देव 20 अक्टूबर को कर्क राशि में गोचर करेंगे।

ग्रहों के राजकुमार बुध देव 04 सितंबर को सिंह राशि में गोचर करेंगे। इससे पहले बुध देव कर्क राशि में विराजमान हैं और 03 सितंबर तक कर्क राशि में विराजमान रहेंगे। इसके अगले दिन बुध देव सिंह राशि में गोचर करेंगे। सिंह राशि में गोचर के दौरान बुध देव 14 सितंबर को पूर्वाफाल्गुनी और 21 सितंबर को उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में गोचर करेंगे। इसके बाद 23 सितंबर को कन्या राशि में गोचर करेंगे।

**सूर्य राशि परिवर्तन**

वर्तमान समय में सूर्य देव सिंह राशि में विराजमान हैं। आत्मा के कारक सूर्य देव 16 सितंबर को कन्या राशि में गोचर करेंगे। इस दौरान 26 सितंबर को हस्त नक्षत्र और 10 अक्टूबर को चित्रा नक्षत्र में गोचर करेंगे। वहीं, 17 अक्टूबर को सूर्य देव कन्या राशि से निकलकर तुला राशि में गोचर करेंगे।

**शुक्र गोचर**

सुखों के कारक शुक्र देव सितंबर महीने में राशि परिवर्तन करेंगे। शुक्र देव 18 सितंबर को कन्या राशि से निकलकर तुला राशि में गोचर करेंगे।

इस दौरान 23 सितंबर को स्वाति और 04 अक्टूबर को विशाखा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। शुक्र देव के राशि परिवर्तन से कई राशि के जातकों के जीवन में सुखों का आगमन होगा।

# हरतालिका तीज पर पूजा में शामिल करना न भूलें ये चीजें, वरना अधूरा रह जाएगा व्रत

हिंदू पंचांग के अनुसार, हर भाद्रपद में आने वाली शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर हरतालिका तीज का पर्व मनाया जाता है। इस दिन मुख्य रूप से भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की जाती है।

पौराणिक मान्यता है कि इसी तिथि पर महादेव ने माता पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकारा था। ऐसे में यदि आप हरतालिका तीज का व्रत रखती हैं, तो इन पूजा सामग्री को अपनी लिस्ट में शामिल करना न भूलें।

**हरतालिका तीज शुभ मुहूर्त**

भाद्रपद की शुक्ल तृतीया तिथि 05 सितंबर, 2024 को दोपहर 12 बजकर 21 मिनट पर शुरू हो रही है। वहीं इस तिथि का समापन 06 सितंबर, 2024 को दोपहर 03 बजकर 01 मिनट पर होने वाला है।

उदया तिथि के मुताबिक, शुक्रवार, 06 सितंबर को हरतालिका तीज का व्रत किया जाएगा।



**हरितालिका तीज पूजा सामग्री**

भगवान शिव व माता पार्वती की मूर्ति
घी, दीपक, अगरबत्ती और धूपबत्ती
पान, बाती और कपूर
सुपारी, साबुत नारियल, चंदन
भोग के लिए केले
कलश, आम के पत्ते, केले के पत्ते, धतूरा, फूल, बेल के पत्ते और एक चौकी, शमी के पत्ते
16 श्रृंगार की वस्तुएं जैसे काजल, कुमकुम, मेहंदी, बिंदी, सिंदूर, चूड़ियां और लाल चुनरी आदि

**हरितालिका तीज पूजा विधि**

सर्वप्रथम हरितालिका तीज के दिन जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत हो जाए और निर्जला व्रत का संकल्प लें। इस दिन हरे रंग के वस्त्र और चूड़ियां धारण करें। पूजा स्थल की अच्छे से साफ-सफाई के बाद एक चौकी पर लाल रंग का कपड़ा बिछाएं। अब इस चौकी पर भगवान शिव और माता की मूर्ति स्थापित करें। सबसे पहले गणेश जी की पूजा करें और उन्हें तिलक लगाकर दूर्वा अर्पित करें। इसके बाद भगवान शिव को बेलपत्र और माता पार्वती को श्रृंगार की साम्रगी अर्पित करें। अंत में शिव और पार्वती जी की आरती करें और सभी में प्रसाद बांटें।



# कैसे हुई कैलाश कुंड यात्रा की शुरुआत

## नाग देवता से है इसका कनेक्शन

सनातन धर्म में देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व है। श्रद्धालु अपने आराध्य के दर्शनों के लिए धार्मिक यात्रा करते हैं। सभी धार्मिक यात्राओं को महत्वपूर्ण माना जाता है। कई धार्मिक यात्रा वर्षभर चलती हैं, लेकिन कुछ यात्रा कुछ समय के लिए शुरू होती हैं। इन यात्राओं में कैलाश कुंड वासुकी नाग यात्रा भी शामिल है। धार्मिक मान्यता है कि कैलाश में नागराज वासुकी का वास है। इस यात्रा में हर साल अधिक संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। जम्मू-कश्मीर के भद्रवाह जिले में वासुकी नाग मंदिर स्थित है।



**कैसी है कैलाश कुंड यात्रा?**

धार्मिक मान्यता के अनुसार, कैलाश कुंड में भगवान शिव का मूल निवास माना गया है। इस बार कैलाश कुंड वासुकी नाग यात्रा की शुरुआत 29 अगस्त 2024 से होगी। कैलाश कुंड तक पहुंचने के लिए लोगों को 25 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। इस यात्रा में 6 से 7 घंटे का समय लगता है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को खड़ी चढ़ाई का सामना करना पड़ता है। इसके बाद वह कैलाश कुंड के दर्शन कर पाते हैं। श्रद्धालु कुंड के शीतल जल में स्नान कर वासुकीनाथ मंदिर के दर्शन का लाभ उठाते हैं।

**कैसे हुआ मंदिर का निर्माण**

पौराणिक कथा के अनुसार, साल में 1629 बसोहली के राजा भूपतपाल थे। एक बार जब वह भद्रवाह से वापस लौट रहे थे, तो उस दौरान मार्ग में पड़ने वाले कैलाश कुंड को पार करने के लिए वे कुंड में घुस गए। इस कुंड में नाग रहा करते थे। कुंड के बीच में पहुंचने के बाद उन्हें नागों ने घेर लिया। ऐसे में राजा को अपनी गलती का अहसास हुआ। इसके पश्चात राजा ने नागों को सोने के कुंडल देकर अपनी गलती की माफी मांगी। तब जाकर राजा कुंड से बाहर निकला और वहां पर वासुकीनाथ का मंदिर बनाने का फैसला लिया। इसके बाद से ही कैलाश कुंड यात्रा शुरू हुई है।

# द्रौपदी के अलावा इनसे हुआ था पांडवों का विवाह, कम ही लोग जानते हैं इनके नाम



महाभारत हिंदू धर्म के मुख्य ग्रंथों में से एक है। पांडव, महाभारत के मुख्य पात्र रहे हैं। पांचों पांडवों की एक ही पत्नी द्रौपदी से विवाह की कथा तो लगभग सभी लोग जानते होंगे। लेकिन आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि द्रौपदी के अलावा पांडवों की और कितनी पत्नियां थी और उन सभी से कौन-कौन सी संतान उत्पन्न हुई।

**किससे हुआ युधिष्ठिर का विवाह**

युधिष्ठिर का विवाह देविका से भी हुआ था, जो शिवि साम्राज्य के राजा गोवासन की पुत्री थी। इनका विवाह युधिष्ठिर और देविका के पुत्र का नाम धौधेय था।

**भीम की दो पत्नियां**

भीमसेन और हिडिम्बा के विवाह की कथा भी प्रचलित है। इन दोनों के पुत्र का नाम घटोत्कच था। वहीं भीम की एक और पत्नी थी, जिसका नाम बलंधरा था, जो सुंदर होने के साथ-साथ बहुत शक्तिशाली भी थी। बलंधरा और भीम के पुत्र का नाम सर्वंग था।

**ये भी हैं अर्जुन की पत्नियां**

अर्जुन का विवाह द्रौपदी से स्वयंवर की शर्त जीतने के बाद हुआ था। इसके अलावा अर्जुन की तीन और पत्नियां थी, जिनका जिसमें से एक श्रीकृष्ण की बहन यानी सुभद्रा थी, उलूपी थी जो एक नागकन्या थी। वहीं तीसरी पत्नी चित्रांगदा मणिपुर की राजकुमारी थी। अर्जुन को सुभद्रा से अभिमन्यु, उलूपी से इरावत और चित्रांगदा से वभ्रुवाहन पुत्र की प्राप्ति हुई।

**नकुल की पत्नी**

माद्री के पुत्र नकुल की द्रौपदी के अलावा भी एक पत्न थी। नकुल का विवाह करेणुमती से हुआ था, जो शिशुपाल की पुत्री थीं। इस दोनों के पुत्र का नाम निरमित्र था।

**किससे हुआ सहदेव का विवाह**

सहदेव भी माद्री के ही पुत्र थे। इनकी भी द्रौपदी के अलावा एक और पत्नी थी, जिसका नाम विजया था। विजया मदुरा के राजा की पुत्री थी और उनस सहदेव का एक पुत्र सुहोत्र हुआ।

**द्रौपदी से हुए ये पुत्र**

द्रौपदी ने भी पांडवों की पांच संतानों को जन्म दिया, जो इस प्रकार हैं -
द्रौपदी और युधिष्ठिर का पुत्र - प्रतिविन्ध्य
भीम और द्रौपदी का पुत्र - सुतसोम
अर्जुन और द्रौपदी का पुत्र - श्रुतकर्मा
नकुल और द्रौपदी का पुत्र - शतानिक
सहदेव और द्रौपदी का पुत्र - श्रुतसेन

# राजपाल यादव की फिल्म पड़ गए पंगे का ट्रेलर रिलीज




कॉमेडी फ़िल्म पड़ गए पंगे का बेहद फऩी और एंटरटेनिंग ट्रेलर आउट कर दिया गया है जो सोशल मीडिया पर काफी लाइक किया जा रहा है। ट्रेलर में हम राजपाल यादव, राजेश शर्मा और पंचायत फ़ेम फ़ैसल मलिक के साथ ही इस फ़िल्म से डेब्यू कर रहे समर्पण सिंह और राजेश यादव को फनी रूप में देख सकते हैं। ट्रेलर की शुरुआत होती हैं बेहद नाटकीय संवाद के साथ तरीके से समर्पण सिंह कहते हैं अलविदा ए ज़िंदगी और राजेश शर्मा कहते हैं हे ईश्वर मरणोपरांत हेम अपने श्री चरणों में स्थान दे देना । राजेश शर्मा और समर्पण सिंह आत्महत्या के लिए काउंटडाउन रुक जाता हैं जब राजेश शर्मा बताते हैं की 3 बजे आत्महत्या ठीक नहीं यह भूत प्रेत का समय होता हैं आत्मा सालों साल भटकती रहेगी कल मर लेते हैं ।ट्रेलर के दूसरे हिस्से में आयुष (समर्पण सिंह) का इंट्रो सीन में शादी तय हो रही हैं और उनकी गर्लफ्रेंड हनीमून का वेन्यू के बारे में पूछ रही हैं तो उनके टीचर शास्त्री जी ( राजेश शर्मा ) का इंट्रो है की मोहल्ले में उनकी बहुत इज्जत हैं लेकिन घर में नहीं हैं फिर आते है जग्गू ( राजेश यादव ) आते हैं जो ख़ुद को मनी एडवाइजर बताते हुए एक दिन में पैसा डबल करने की गारंटी देते हैं । ट्रेलर के अगले हिस्से में डॉक्टर आयुष और शास्त्री जी को बेहद ही अलग किस्म के कैंसर की बीमारी होने की बात बताते हुए 30 से 40 का खर्च बताया लेकिन यह 40 हज़ार नहीं बल्कि लाख हैं बहुत ही एंटरटेनिंग तरीके से ट्रेलर में यह सीन हँसाता हैं फिर राजपाल यादव आते हैं बोलते है यह सुनकर बहुत दुख हुआ । एक और दृश्य में राजपाल यादव कहते हैं चूहे मारने वाली दवा से चूहे नहीं मरते इंसान क्या मरेंगे ।ट्रेलर के आखिरी हिस्से में आते हैं पंचायत फ़ेम फैसल मलिक जो एक अल्ट्रा मॉर्डन गैंगस्टर हैं रिवाल्वर में तीन गोलियाँ भरकर बेहद फऩी राँग इंग्लिश वाला डायलॉग बोलते हैं कई सारे फऩी दृश्य और डायलॉग के साथ लास्ट में फिर राजपाल यादव बोलते हैं यह हैं मेरी गर्लफ्रेंड विस्तारा । और जब एयरलाइन का नाम विस्तारा हो सकता हैं तो मेरी गर्लफ्रेंड का क्यों नहीं ।बैकग्राउंड में चल रहे फऩी सांग मोये मोये के साथ यह बेहद ही कॉमेडी दृश्य और संवादो से भरा 2 मिनट और 16 सेकंड का ट्रेलर बहुत ही प्रोमिसिंग लग रहा हैं ट्रेलर एक मस्ती भरी फ़िल्म की गारंटी देता है। इस फ़िल्म से समर्पण सिंह बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं जो मुख्य किरदार आयुष को निभा रहे हैं जिसके इर्दगिर्द यह कहानी घूमती है। फ़िल्म में राजेश शर्मा ने एक रिटायर्ड और खुशमिजाज गणित शिक्षक शास्त्री जी का रोल किया है। वह अपने पुराने घर में रहते हैं, जो उनकी दिवंगत पत्नी सुधा की यादों से भरा हुआ है। वह अपने बेटे नीलेश और बहू मधु के साथ रहते हैं लेकिन उनकी बहू मधु शास्त्री जी की अजीबोगरीब हरकतों से परेशान है और प्राइवेसी की कमी से निराश होकर अपने पति के साथ एक नए घर में जाना चाहती है। कहानी में मोड़ तब आता है जब एक सुबह शास्त्री जी का पूर्व छात्र आयुष, जो एक बैंक मैनेजर है, उनसे अचानक मिलने आता है। आयुष का शहर में ट्रांसफर हो गया है और वह अपनी बचपन की प्रेमिका पारुल से सगाई करने जा रहा है। उसके बाद कुछ ऐसी घटनाएं घटती हैं जो कन्फ्यूजन, ड्रामा और कॉमेडी क्रिएट करती हैं।फ़िल्म पड़ गए पंगे में राजपाल यादव कैप्टन जहाज सिंह के रोल में और राजेश यादव जग्गू के रूप में नज़र आएंगे। पंचायत फ़ेम उपप्रधान फैसल मलिक ने भैया जी की भूमिका और वर्षा रेखाते ने चारू का किरदार निभाया है।

**फऩी डायलॉग और कॉमेडी से है भरपूर**

इस पिक्चर से फ़िल्म जगत में एंट्री करने जा रहे समर्पण सिंह का कहना है कि पड़ गए पंगे मेरे लिए परफेक्ट लॉन्चिंग सिनेमा है, जिसमे एक हिंदी फिल्म का पूरा मसाला है। ड्रामा है, रोमांस है, कॉमेडी है, इमोशन है और रोमांटिक गाने हैं। मुझे अपनी पहली ही फ़िल्म में राजेश शर्मा और राजपाल यादव जैसे जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका मिला। प्राची फिल्म्स और एटर एक्शन के बैनर तले निर्मित ब्राइट आउटडोर मीडिया द्वारा प्रस्तुत फ़िल्म पड़ गये पंगे के निर्माता गौतम शर्मा और योगेश लखानी हैं फ़िल्म के निर्देशक संतोष कुमार हैं फ़िल्म में मुख्य भूमिका में समर्पण सिंह के साथ राजेश शर्मा , राजपाल यादव, राजेश यादव, फ़ैसल मलिक और वर्षा रेखाटे प्रमुख भूमिकाओं में नज़र आयेंगे। फ़िल्म पड़ गये पंगे 30 अगस्त को सिनेमागृहों में रिलीज़ होगी। फ़िल्म के टीज़र को लोगों का शानदार रेस्पॉन्स मिल रहा है।



# मुंबई का स्पेशल नाश्ता जेनिफर विंगेट की सुबह को बनाता है शानदार

अभिनेत्री जेनिफर विंगेट ने अपने फैंस को सुबह के नाश्ते की झलक दिखाई, जिसमें बन मस्का और चाय को देखा जा सकता है।इंस्टाग्राम पर जेनिफर के 8.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं। इस प्लेटाफॉर्म पर शेयर की गई स्टोरीज में उन्होंने अपने सुबह के नाश्ते की फोटो शेयर की है। यह तस्वीर उन्होंने अपनी कार पर ली है। कार के बोनट पर बन मस्का और कुल्हड़ चाय की प्लेट देखी जा सकती है।उन्होंने इसे कैप्शन दिया, बन मस्का और चाय चलते-फिरते!एक अन्य स्टोरी में उन्होंने फर्श पर बैठे तीन डॉग्स की तस्वीर शेयर की।इसे कैप्शन दिया गया है, स्पॉटेड।विंगेट ने 1995 की फिल्म अकेले हम अकेले तुम से एक बाल कलाकार के रूप में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। उन्होंने 2002 में शाका लाका बूम बूम के साथ टेलीविजन पर कदम रखा। बच्चों के इस फैंटेसी एडवेंचर टेलीविजन शो में विशाल सोलंकी ने संजू की मुख्य भूमिका निभाई थी।इसमें हंसिका मोटवानी ने करुणा की भूमिका निभाई थी।जेनिफर ने कुसुम में सिमरन, कोई दिल में है में प्रीति, कसौटी जिंदगी की में स्नेहा बजाज गिल, क्या होगा निम्मो का में नताशा, कहीं तो होगा में स्वेतलाना और संगम में गंगा भाटिया की भूमिकाएं निभाई हैं।उन्हें दिल मिल गए में डॉ. रिद्धिमा गुप्ता के किरदार से पहचान मिली। स्टार वन पर प्रसारित होने वाला मेडिकल ड्रामा शो संजीवनी - ए मेडिकल बून का सीक्वल था। इसमें करण सिंह ग्रोवर, शिल्पा आनंद, करण वाही और मोहनीश बहल शामिल थे।जरा नच के दिखा 1 की विनर रहीं जेनिफर नचले वे विद सरोज खान, कॉमेडी का महा मुकाबला, लाफ्टर के फटके और देख इंडिया देख की होस्ट रह चुकी हैं।वह सरस्वतीचंद्र में भी नजर आ चुकी हैं।

39 वर्षीय अभिनेत्री ने रोमांटिक थ्रिलर बेहद में माया की भूमिका निभाई है, जिसमें कुशाल टंडन और अनेरी वजानी भी उनके साथ हैं।वह वर्तमान में कानूनी ड्रामा रायसिंघानी बनाम रायसिंघानी में नजर आ रही हैं। यह वेब सीरीज कानूनी पेशेवरों के जीवन को दर्शाती है, नैतिक दुविधाओं की पेचीदगियों और आसान रास्ते के बजाय सही रास्ता चुनने की चुनौती को दिखाती है।इस शो में करण वाही और रीम शेख भी हैं।यह सोनी लिव पर स्ट्रीम होता है।


# हाथ में गन, खून से लथपथ फिल्म युधा से सिद्धांत चतुर्वेदी का फर्स्ट लुक रिलीज




गली ब्वॉय और गहराईयां जैसी फिल्मों से पहचान बनाने वाले एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी जल्द ही बड़े पर्दे पर एक्शन करते हुए नजर आएंगे। दरअसल उनकी फिल्म युधा 2021 में अनाउंस हुई थी। जिसके बाद कोविड के कारण उनकी फिल्म की शूटिंग रुक गई थी। अब फाइनली मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट अनाउंस कर दी है।

एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म युधा आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। आइए जानते हैं कब रिलीज होगी फिल्म।फरहान अख्तर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर नया पोस्टर शेयर किया जिसमें सिद्धांत का एक्शन अवतार नजर आ रहा है। एक पोस्टर में वे हाथ में बंदूक लिए खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरे पोस्टर में उनके साथ मालविका मोहनन हैं और दोनों खून से सने हुए हैं। पोस्टर देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में धांसू एक्शन देखने को मिलेगा।

नया पोस्टर रिलीज करते हुए मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। फिल्म 20 सितंबर 2024 से सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म के डायरेक्टर रवि उदयावर है वहीं इसकी कहानी श्रीधर राघवन ने लिखी है, इसके गाने जावेद अख्तर ने लिखे हैं। युधा में सिद्धांत चतुर्वेदी और मालविका मोहनन लीड रोल में हैं।वर्कफ्रंट की बात करें तो सिद्धांत चतुर्वेदी की अपकमिंग फिल्म धर्मा प्रोडक्शन की धड़क 2 है जिसमें वे तृप्ति डिमरी के साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। वहीं मालविका प्रभास की फिल्म द राजा साब में नजर आएंगी।



# स्त्री 2 के बवंडर के बीच भी बज रहा तंगलान का डंका

चियान विक्रम की फिल्म तंगलान स्वतंत्रता दिवस के खास मौके पर रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट हो गई है। थिएटर्स में फिल्म धमाल मचा रही है और बंपर कलेक्शन कर रही है।इस फिल्म ने चियान विक्रम को उनके करियर का बेस्ट ओपनिंग डे कलेक्शन दिया है जो वर्ल्ड वाइड 26 करोड़ रुपये से भी ज्यादा है। अब फिल्म अपने नाम एक और इतिहास रचते हुए वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 100 के करीब पहुंच गई है।बता दें कि दूसरे हफ्ते में कई नई फिल्में रिलीज होने के बावजूद भी तंगलान तमिलनाडु में बॉक्स ऑफिस पर बढिय़ा प्रदर्शन कर रही है। आंध्र-तेलंगाना क्षेत्र में दूसरे हफ्ते में फिल्म की स्क्रीन के नंबर में 141 स्क्रीन की बढ़त हुई है, जो निर्माताओं के लिए बहुत अच्छी खबर है और यह दिखाता है कि फिल्म को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है।अब 30 अगस्त को उत्तर भारत में तंगलान रिलीज होने वाली है और उम्मीद की जा रही है कि इससे फिल्म की कमाई बढ़ेगी। तंगलान ने पहले ही अपने प्रोडक्शन कॉस्ट को कवर करने के लिए अच्छी कमाई कर ली है।पा. रंजीत द्वारा डायरेक्टेड और स्टूडियो ग्रीन फिल्म्स के के। ई। ज्ञानवेलराजा द्वारा प्रोड्यूस तंगलान में चियान विक्रम के अलावा पार्वती थिरुवोथु, मालविका मोहनन, डैनियल कैल्टागिरोन और पसुपथी ने जबरदस्त परफॉर्मेंस दी है।यह फिल्म 18वीं और 19वीं शताब्दी की असल घटनाओं से प्रेरित है, इसके अलावा वह फिल्म कोलार गोल्ड फील्ड्स (केजीएफ) की ऐतिहासिक और अनोखी कहानी पेश करती है। यह फिल्म इस वीकेंड बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये की कमाई की ओर आगे बढ़ रही है।

# शोभिता धुलिपाला ने शेयर किया बोल्ड लुक



लोरियल के लिए बैकग्राउंड मॉडल के रूप में करियर की शुरूआत करने वाली एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी लाइमलाइट बटौर रही हैं। दरअसल, बीते दिनों पहले उन्होंने साउथ के सुपरस्टार नागा चैतन्य संग सगाई की थी। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।वेब सीरीज द नाईट मैनेजर में एक्टर अनिल के साथ स्क्रीन शेयर करने वाली एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। बता दें कि एक्ट्रेस आए दिन किसी ना किसी कारण चर्चाओं में बनी रहती हैं। बीते दिनों पहले एक्ट्रेस ने साउथ के सुपरस्टार नागा चैतन्य के साथ सगाई कर ली है, जिसके बाद से वो लाइमलाइट में आ गई थीं।हाल ही में एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक जबरदस्त पोस्ट शेयर किया है। इन तस्वीरों में उनका बोल्ड और किलर अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर बेशुमार प्यार लुटाते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला ने व्हाइट कलर का स्लीवलेस ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं।बालों को स्टाइलिश लुक में बांधकर और साथ ही न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।बता दें कि शोभिता सोशल मीडिया लवर हैं और इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से भी जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।

## योगी कैबिनेट का बड़ा फैसला

# 24 साल बाद बढ़ाई संस्कृत स्कूल-कॉलेजों की छात्रवृत्ति

**लखनऊ, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** योगी कैबिनेट ने मंगलवार को बड़ा निर्णय लेते हुए 24 साल बाद प्रदेश में संस्कृत विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति में वृद्धि का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में लोकभवन में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तर प्रदेश में संस्कृत विद्यालयों/महाविद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए वर्ष 2001 से लागू वर्तमान छात्रवृति दरों में संशोधन / वृद्धि के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। मालूम हो कि संस्कृत विद्यालयों/महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति को 24 साल बाद बढ़ाया गया है। इससे पूर्व आखिरी बार 2001 में छात्रवृत्ति तय हुई थी। उल्लेखनीय है कि मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 14 प्रस्ताव रखे गए, जिसमें 13



प्रस्तावों को मंत्रिमंडल से अनुमोदन प्राप्त हो गया।

माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने इस प्रस्ताव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने माध्यमिक शिक्षा विभाग से संबंधित इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इसके अंतर्गत प्रथमा के कक्षा 6 एवं 7 के लिए 50 रुपए प्रतिमाह और कक्षा 8 के लिए 75 रुपए प्रतिमाह निर्धारित किए गए हैं। इसके साथ ही, पूर्व मध्यमा (कक्षा 9 व 10) के लिए 100 रुपए, उत्तर मध्यमा (कक्षा 11 व 12) के लिए 150 रुपए, शास्त्री के लिए 200 रुपए एवं आचार्य के लिए 250 रुपए प्रतिमाह की दर से दिए जाने के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि संस्कृत की शिक्षा ग्रहण करने वाले ज्यादातर छात्र और छात्राएं निर्धन परिवारों की पृष्ठभूमि से होते हैं, इसलिए संस्कृत शिक्षा के अंतर्गत प्रथमा कक्षा छ और सात और आठ के छात्रों को छात्रवृत्ति दिए जाने की व्यवस्था की गई है। 6 और 7 के बच्चों को पहले छात्रवृत्ति दिए जाने की कोई व्यवस्था नहीं थी, लेकिन अब मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर सरकार ने उन्हें भी छात्रवृत्ति प्रदान करने का निर्णय लिया है। छात्रवृत्ति में जो संशोधन किया गया है वो पहले की तुलना में कहीं ज्यादा है। इसका लाभ सीधे-सीधे विद्यार्थियों को प्राप्त होगा। यह निर्णय संस्कृत शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया है।

इसमें पहले कैपिंग थी कि 50 हजार रुपए वार्षिक आय वाले ही इसमें पात्र होंगे, लेकिन अब इस शर्त को हटा लिया गया है। अब इसमें आय वर्ग का कोई कैप नहीं है।

किसी प्रकार का कोई भी व्यक्ति चाहे किसी आय वर्ग का हो, अगर वो संस्कृत का विद्यार्थी बनेगा तो उसे छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि संस्कृत ही सभी भाषाओं की जननी है, इसलिए सरकार पूरी तरीके से इस पर ध्यान दे रही है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि प्रदेश में कुल 517 संस्कृत विद्यालय हैं, जहां विद्यार्थी इस योजना का लाभ ले सकेंगे।

# 800 करोड़ से बदलेगी बुलंदशहर की सूरत, लगेंगे विकास के पंख

**लखनऊ/बुलंदशहर, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** योगी सरकार प्रदेश के विभिन्न जिलों में व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ाने के साथ बेहतर कनेक्टिविटी और नगरीय सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। इसी के तहत योगी सरकार धातु ढलाई के मशहूर बुलंदशहर का महायोजना के तहत विस्तार करने की योजना बना रही है। इससे बुलंदशहर में औद्योगिक-व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों के विकास को सुनियोजित ढंग से अमलीजामा पहनाया जाएगा। सीएम के निर्देश पर बुलंदशहर के विस्तार का खाका तैयार कर लिया गया है। इसे वर्ष 2031 की अनुमानित जनसंख्या 4 लाख के अनुसार डेवलप किया जाएगा, जबकि वर्तमान जनसंख्या 2,22,519 बतायी जा रही है। इसके लिए योगी सरकार 800 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इससे यहां 554 करोड़ का नया इवेस्टमेंट आएगा। इसमें अब तक बुलंदशहर को 154 करोड़ के इंवेस्टमेंट के प्रस्ताव मिल चुके हैं। वहीं इससे 1500 लोगों को रोज-गार मिलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक बैठक में कहा कि



बुलंदशहर का इतिहास 120 ईसा पूर्व का है। यहां का पौराणिक इतिहास भी है। वहीं पिछले 6-7 वर्षों में व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी के साथ बेहतर कनेक्टिविटी और नगरीय सुविधाओं के कारण लोग यहां स्थायी निवास भी बना रहे हैं। इसको ध्यान में रखते हुए बुलंदशहर का विस्तार अति आवश्यक है। ऐसे में उन्होंने महायोजना-2031 के तहत इसके विस्तार की बात कही। उन्होंने कहा कि बुलंदशहर चीनी मिल, डेयरी उद्योग, धातु ढलाई, हैंडपंप और इलेक्ट्रॉनिक पार्टस के लिये जाना जाता है। ऐसे में इन उद्योगों को और विकसित करने के लिए इनका विस्तार किया जाएगा। इसके लिए एक औद्योगिक क्षेत्र डेवलप किया जाए। इस दौरान ट्रांसपोर्ट और मोबिलिटी का विशेष ध्यान रखा जाएग। इसके अलावा सीएम योगी ने लॉजिस्टिक और वेयरहाउसिंग हब के लिए भी स्थान चिन्हित करने के आदेश दिये हैं। इतना ही नहीं, आमजन के लिए प्राधिकरण द्वारा नई आवासीय परियोजना की कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया, जिस पर अमल भी शुरू हो गया है।

महायोजना के तहत सिकंदराबाद-मेरठ रोड बाईपास के दोनों ओर 500 मीटर तक भू उपयोग किया जाएगा। बुलंदशहर को आठ जोन में बांटकर विकसित किया जाएगा। इसमें जोन एक के तहत पुराने शहर का नये सिरे से कायाकल्य किया जाएगा। शहर के बीचोबीच से काली नदी गुजरती है, ऐसे में जोन 2 और जोन 5 में गुजरने वाली नदी के 200 मीटर के दायरे में कोई निर्माण नहीं किया जाएगा ताकि नदी का अस्तित्व बरकरार रहे। इसके अलावा जोन 3 को सेंट्रल प्लानिंग के तहत विकसित किया जाएगा। इसमें पब्लिक एक्टिविटी के लिए गार्डेन और पार्क आदि विकसित किये जाएंगे। जोन-4 शहर का पुराना इंडस्ट्रियल एरिया है, जो वर्तमान की आवश्यकता के अनुसार डेवलप किया जाएगा। जोन-6, जोन-7 और जोन-8 को नये सिरे से डेवलप किया जाएगा। यहां बाईपास, आवासीय योजना, हाईवे फैसेलिटी जोन, नया इंडस्ट्रियल एरिया आदि विकसित किया जाएगा।

## मिशन रोजगार

# काशी के युवाओं को जापान व चेकोस्लोवाकिया में मिला रोजगार

**वाराणसी, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** मिशन रोजगार के तहत योगी सरकार युवाओं के जीवन में रंग भर रही है। योगी सरकार की पहल पर लगे रोजगार मेले के जरिए पूर्वांचल के युवाओं को देश और विदेश में नौकरी का अवसर मिल रहा है। वाराणसी में मंगलवार को हुए वृहद रोजगार मेले में देश ही नहीं, विदेशों में भी युवाओं को नौकरी का ऑफर मिला। जापान और चेकोस्ल-ोवाकिया की कंपनियों में रोजगार का ऑफर पाकर युवाओं के चेहरा खिल गए। रोजगार मेले में 480 युवाओं ने प्रतिभाग किया।

योगी सरकार युवाओं को अपनी प्रतिभा सबित कर नौकरी पाने का अवसर दे रही है।

वाराणसी क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के रोजगार मेला प्रभारी दीप सिंह ने बताया कि बुधवार को सेवायोजन कार्यालय में वृहद रोज़गार मेले का आयोजन किया गया। इसमें 16 युवाओं को विदेश में नौकरी का ऑफर मिला। मेले में कुल 480 प्रतिभागी शामिल हुए। इनमें से 78 युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया। रोजगार पाने वालों में छह महिला अभ्यर्थी भी हैं।

रोजगार मेले में कई प्रमुख कंपनियों ने प्रतिभाग किया। भारत सरकार की उपक्रम स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर युवाओं को विदेश मे नौकरी पाने का अवसर देती है।

इसके अलावा क्यूस कॉर्प लिमिटेड, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, जनकल्याण ट्रस्ट, गुडविल इंडिया मैनेजमेंट कंपनी ऑफ ग्रुप, खेतिहर ऑर्गेनिक सलूशन, गीगा कॉर्पसोल, कहरवार एडुकेयर, कोटक महेंद्रा, यूआरएस सिक्योरिटी सर्विसेस, वाल्कतरु इंटरनेशनल आदि कंपनियों ने प्रतिभाग किया।

# प्रदेश में एक सितंबर से स्वच्छता पखवाड़ा मनाएगी यूपी सरकार

**लखनऊ, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश की पहचान को स्वच्छ प्रदेश के तौर पर स्थापित करने के लिए प्रयासरत योगी सरकार एक सितंबर से 15 सितंबर तक प्रदेश में 'स्वच्छता पखवाड़ा' मनाने जा रही है। 15 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों और शिक्षकों के साथ समुदाय के लोग भी सक्रिय रूप से हिस्सा लेंगे। इसको लेकर विभागीय स्तर पर तैयारियों को अंजाम दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 'स्वच्छता पखवाड़ा' के पहले दिन 'स्वच्छता शपथ' दिलाई जाएगी, जिसमें छात्र, शिक्षक और स्टॉफ के साथ ही अन्य नागरिकों की भी सहभागिता होगी। शपथ दिलाने के बाद विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियां शुरू होंगी। निर्धारित कार्यक्रमों और गतिविधियों को अवकाश पड़ने की स्थिति में अगले दिन होने वाले कार्यक्रमों के साथ संपन्न कराया जाएगा।

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और प्रदेश के सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है। स्वच्छता पखवाड़ा मनाने के लिए उन्हें कार्यक्रमों और गतिविधियों की सूची भी उपलब्ध कराई गई है। पखवाड़े के प्रथम सप्ताह में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक होगी और इसमें स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी जाएगी। बच्चों के माता-पिता और शिक्षकों के मध्य बैठक कर लोगों के बीच साफ-सफाई और हाथ धोने, मास्क का प्रयोग करने और सामाजिक दूरी के महत्व को बताया जाएगा। इन स्वच्छता संबंधी अच्छी आदतों को शिक्षक और छात्रों को विद्यालय और घर तथा समुदाय के लोगों को घर और कहीं बाहर होने की स्थिति में अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

प्रत्येक विद्यालय या शिक्षण संस्थान में बच्चों के पीने के लिए पानी की व्यवस्था और उप-लब्धता से जुड़ी सुविधाओं तथा विद्यालय परिसर की स्वच्छता से संबंधित होने वाले कार्यों का भी मूल्यांकन होगा। मूल्यांकन की जिम्मेदारी विद्यालय के शिक्षक की होगी। मूल्यांकन करने वाला शिक्षक सुविधाओं की मरम्मत और रख-रखाव के लिए आवश्यकता के अनुसार प्रस्ताव तैयार करेगा और योजना भी बनाएगा। इस दौरान विद्यालयों में साफ-सुथरे परिसर और स्वच्छ शौचालय विषयक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विद्यालय में सफाई और स्वच्छता की आदतों पर छात्रों के लिए निबंध, स्लोगन और कविता लेखन के अलावा पेंटिंग, भाषण, प्रश्नोत्तरी, मॉडल बनाने की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

## भाजपा विधायक के पिता ने अपनी ही पार्टी पर साधा निशाना

# मायावती के कार्यकाल को सीएम योगी से बेहतर बताया

**बरेली, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** पीलीभीत जनपद की बीसल-पुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक विवेक वर्मा के पिता और पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा ने अपनी सरकार पर निशाना साधा। साथ ही प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के कार्यकाल को सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल से बेहतर बताया।

पूर्व मंत्री रामशरण वर्मा ने छुट्टा पशुओं समेत अन्य जन समस्याओं को लेकर मंगलवार को बीसलपुर स्थित मंडी समिति में क्षेत्रीय लोगों के साथ धरना शुरू किया। इस दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए



उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दों पर सरकार पर कई सवाल उठाए।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी निशाना साधा। वहीं मायावती के कार्यकाल की सराहना की। बोले की मायावती की सरकार में भ्रष्टाचार पर लगाम रहती थी। उन्होंने मंच से कहा कि जब तक जन समस्याओं का निस्तारण नहीं होता, वह धरने पर ही बैठे रहेंगे।

पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा ने मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ सात सूत्री मांगों को लेकर मंडी परिसर में धरना दिया। धरनास्थल पर सभा भी हुई। जिसमें मांगों का जल्द निस्तारण न होने पर आंदोलन का निर्णय लिया गया। शाम को सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने के बाद धरना समाप्त हो गया।

पूर्व मंत्री और उनके समर्थक मंडी परिसर में दोपहर 12 बजे धरने पर बैठ गए। कुछ देर बाद धरना स्थल पर सभा प्रारंभ हुई। पूर्व मंत्री ने छुट्टा पशुओं, बंदरों, बाघों से बचाव की समुचित व्यवस्था कराने, बाढ़, वर्षा से किसानों को हुई क्षति का मुआवजा दिलाने, कोयला डिपो हटवाने, बजाज हिदुस्तान चीनी मिल बरखेड़ा, मकसूदापुर की इकाइयों से किसानों का अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान तत्काल दिलाने, नगर पालिका में कथित रूप से व्याप्त भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच कराने और बारह पत्थर मंदिर के पास तोड़ी गई दुकानों को पुन: बनवाने की मांग की।

सभा में यह भी तय किया गया कि यदि इन मांगों को समय रहते पूरा नहीं किया गया तो प्रशासन के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया जाएगा। शाम को सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर को ज्ञापन देने के बाद धरना समाप्त हो गया।

# तालाब में पलटी पुलिस की जीप, महिला सिपाही की मौत

**हरदोई , 27 अगस्त (एजेंसियां)।** हरदोई जिले में संडीला- मल्लावां मार्ग पर गौसगंज के पास मंगलवार देर रात को पुलिस की जीप बेकाबू होकर सड़क किनारे तालाब में पलट गई। हादसे में जीप में सवार उप निरीक्षक व तीन सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए।

जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां से दो सिपाहियों को गंभीर हालत में संडीला रेफ़र किया गया। जहां महिला सिपाही की मौत हो गई। घटना की जानकारी पर उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे हैं।





कासिमपुर थाना में तैनात उप निरीक्षक प्रणवीर सिंह 27, सिपाही शुभम कुमार 20, मनोज कुमार 24, महिला सिपाही शशि सिंह 30 मंगलवार की देर शाम गौसगंज चौकी की सरकारी जीप लेकर किसी काम से निकले थे। रात नौ बजे के करीब संडीला- मल्लावां मार्ग पर गौसगंज के पास अचानक सड़क पर आए युवक को बचाने में जीप बेकाबू होकर तालाब में पलट गई।

हादसे में चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देख स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को तालाब से बाहर निकाल कर निजी अस्पताल पहुंचाया। यहां से हालत गंभीर होने पर महिला सिपाही शशि सिंह व शुभम को संडीला सीएचसी रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टर ने शशि को मृत घोषित कर दिया।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के भव्य आयोजन की तैयारी

**लखनऊ/ग्रेटर नोएडा, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार सूचना व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रदेश की व्यापक उपस्थिति को अब बड़े स्तर पर दर्शाने जा रही है। देश-विदेश के निवेशकों का प्रदेश में कार्यरत आईटी सेक्टर के प्रति ध्यान आकृष्ट कराने और इस परिदृश्य में निवेश आकर्षित करने के लिए यह पहल महत्वपूर्ण निभाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में इन्फॉर्मेशन व टेक्न-ोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर मैनुफैक्चरिंग जैसे कई सेक्टर्स के बड़े क्लस्टर्स कार्यरत हैं जबकि निकट भविष्य में और कई क्लस्टर्स के स्थापना की प्ल-ानिंग चल रही है। ऐसे में, सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश बढ़ती सहभागिता और योगी सरकार द्वारा सेक्टर फेवरिंग नीतियों को वृहद स्तर पर शोकेस करने के लिए उत्तर प्रदेश आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग भव्य पवेलियन के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक इंडिया व यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में सहभागिता करने जा रही है। यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन लिमिटेड



(यूपीएलसी) ने इस क्रम में एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क फेज 2 में स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में हो रहे इन आयोजनों में पहले 11 से 13 सितंबर के बीच इलेक्ट्रॉनिका इंडिया का आयोजन होगा जबकि 25 से 29 सितंबर के बीच यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन होने जा रहा है। ऐसे में, इन दोनों आयोजनों में सीएम योगी के विजन अनुसार उत्तर प्रदेश आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग पवेलियन के माध्यम से अपनी व्यापक उपस्थिति दर्ज कराने जा रही है। यहां वह योगी सरकार द्वारा सेक्टर फेवरिंग पॉलिसीज, कार्यरत क्लस्टर्स और उनकी उपलब्धियों के साथ ही भविष्य में स्थापित होने वाले क्लस्टर्स के बारे में भी जानकारियों को साझा करेंगी। यहां सेक्टर स्पेसिफिक नॉलेज सेशन, पार्टनर कंट्री सेशंस, बी2बी/बी2जी/जी2जी बैठकें, नेटवर्किंग मीट के साथ ही नवा-चार प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसमें दुनिया भर के वैश्विक तकनीक व उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा।

सेमिकॉन इंडिया द्वारा आयोजित इलेक्ट्रॉनिका इंडिया कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा 145 स्क्वेयर मीटर क्षेत्र प्रसार वाले पवेलियन की स्थापना व संचालन होगा। जबकि, इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड द्वारा आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा 100 स्क्वेयर मीटर एरिया क्षेत्र में पवेलियन की स्थापना की जाएगी। यह पवेलियन ग्राउंड फ्लोर के हॉल नंबर5 में स्थापित किया जाएगा और इसे डिजिटल डिस्प्ले, वीवीआईपी लाउंज, कॉफी वेंडिंग मशीन्स, एलईडी वीडियो वॉल्स व डिस्प्ले जैसी सुविधाओं से युक्त होगा। यह इंटरैक्टिव स्क्रीन्स व क्रिएटिव कॉन्टेंट बेस्ड कॉन्सेप्च्युलाइज्ड थीम के आधार पर इसका निर्माण किया जाएगा।



# महिला टी20 विश्व कप 2024 : हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)।**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को यूएई में होने वाले महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए 15 खिलाड़ियों की भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। हरमनप्रीत कौर को कप्तान बनाया गया है, जबकि स्मृति मंधाना को उप कप्तान चुना गया है।

विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया और ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल को भी फिटनेस के आधार पर टीम में शामिल किया गया।

टूर्नामेंट 3 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक दुबई और शारजाह में खेला जाएगा। 23 मैचों के इस आयोजन में दुनिया की शीर्ष 10 महिला टीमें शामिल होंगी, जिन्हें पांच-पांच के दो समूहों में विभाजित किया गया है।

ग्रुप ए में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और श्रीलंका शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्ट इंडीज और स्कॉटलैंड शामिल हैं। प्रत्येक टीम चार ग्रुप मैच खेलेगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

भारत अपने अभियान की शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगा। वीमेन इन ब्लू को दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अभ्यास मैच भी खेलने हैं।

### टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर)*, पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी , रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल*, संजना सजीवन।

**ट्रैवलिंग रिजर्व :** उमा छेत्री (विकेटकीपर), तनुजा कंवर, साइमा ठाकोर।

**गैर-यात्रा आरक्षित :** राघवी बिस्ट, प्रिया मिश्रा।

## न्यूज ब्रीफ

### यूएस ओपन : पहले दौर में हारकर बाहर हुए सुमित नागल



**नई दिल्ली।** पुरुष एकल वर्ग में भारत के सर्वोच्च वरीयता प्राप्त पुरुष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल मंगलवार को नीदरलैंड के टैलोन ग्रीक्सपूर से हारकर यूएस ओपन से बाहर हो गए हैं। नागल को अपने से कहीं बेहतर रैंकिंग वाले एथलीट के खिलाफ सीधे सेटों में 6-1, 6-3, 7-6 से हार का सामना करना पड़ा। पहले सेट में डच खिलाड़ी ने पूरी तरह दबदबा बनाया और नागल की सर्विस कई बार तोड़ी और 6-1 से जीत दर्ज की। दुनिया में 40वें नंबर के ग्रिक्सपूर किसी भी तरह से एक्सीलेटर से अपना पैर हटाने के मूड में नहीं थे और उन्होंने भारतीय खिलाड़ी को बैकफुट पर ही रखा। दूसरे सेट में नागल ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन ग्रिक्सपूर को रोकने के लिए यह काफी नहीं था और नागल दूसरा सेट भी 6-3 से हार गए। जल्दी बाहर होने की आशंका के चलते नागल ने तीसरे सेट में अपना स्तर बढ़ाया और सात अंकों के टाई-ब्रेकर में दो सेट प्वाइंट हासिल किया और मुकाबले में बने रहे। हालांकि, डच खिलाड़ी ने अंतर कम करने के लिए एक बेहतरीन ऐस लगाया और फिर जीत दर्ज की। 2019 और 2020 में अपने पिछले दो मुकाबलों के बाद यह नागल का यूएस ओपन के मुख्य ड्रॉ में तीसरा प्रवेश था। 27 वर्षीय खिलाड़ी के लिए अब तक का सीजन बहुत खराब रहा है। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए और फ्रेंच ओपन और विंबलडन चैंपियनशिप में पहले दौर से ही बाहर हो गए हैं। नागल को पेरिस ओलंपिक में भी निराशा का सामना करना पड़ा था, जब उन्हें फ्रांसीसी खिलाड़ी कोरेंटिन मौटेट के हाथों हार के बाद पहले ही दौर से बाहर होना पड़ा था। इस बीच, अमेरिकी ओपन में भारत की उम्मीदें अभी भी जीवित हैं क्योंकि रोहन बोपन्ना, युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी को अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ पुरुष युगल वर्ग में अपने अभियान की शुरुआत करनी है।

### मैं राजनीति में नहीं आऊंगी : मनु भाकर


**चरखी दादरी।** पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाली मनु भाकर अपने



ननिहाल चरखी दादरी पहुंची थीं। यहां उन्होंने अपनी भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने राजनीति में एंट्री पर भी बात की। भाकर ने बताया कि वह कभी राजनीति में नहीं आएंगी। उनका लक्ष्य देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना है। भाकर ने पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक हासिल करते हुए इतिहास रच दिया था। वह ओलंपिक खेलों के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली आजादी के बाद से पहली भारतीय एथलीट बनीं। मनु को टोक्यो 2020 ओलंपिक में निराशा का सामना करना पड़ा था, जहां वह अपनी तीनों स्पर्धाओं में फाइनल में पहुंचने में विफल रही थीं। मनु ने अपने ननिहाल के सम्मान को ताउम्र याद रखने की बात कही। उन्होंने कहा- मैं राजनीति में नहीं आऊंगी। बल्कि अपने खेल पर ध्यान देते हुए ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना ही मेरा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कोई भी खिलाड़ी हो उसकी सोच पर निर्भर रहता है कि वे राजनीति करें या फिर युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करें। सम्मान समारोह में पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान, अंतरराष्ट्रीय पहलवान और भाजपा नेता बबीता फोगाट सहित कई राजनेता मौजूद थे।

### इंग्लैंड के पूर्व फुटबॉल कोच स्वेन-गोरान एरिक्सन का 76 वर्ष की आयु में निधन

**स्टॉकहोम।** स्वीडिश फुटबॉल मैनेजर स्वेन-गोरान एरिक्सन, जिन्होंने 2001 से 2006 तक इंग्लैंड को



कोचिंग दी थी, का सोमवार को 76 वर्ष की आयु में अग्नाशय के कैंसर से निधन हो गया। जनवरी में, एरिक्सन ने खुलासा किया कि वह घातक कैंसर से पीड़ित हैं और उनके पास जीने के लिए अधिक से अधिक एक साल है। एरिक्सन ने 2001 में इतिहास रचा था जब उन्होंने केविन कीगन की जगह ली और इंग्लैंड टीम की कमान संभालने वाले पहले विदेशी कोच बने और उन्होंने 2002 और 2006 में दो विश्व कप फाइनल चरणों में टीम का नेतृत्व किया, जिसमें सितंबर 2001 में जर्मनी के खिलाफ़ 5-1 की ऐतिहासिक जीत शामिल थी, जिससे वह बहुत लोकप्रिय व्यक्ति बन गए। फुटबॉल जगत ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कई प्रसिद्ध फुटबॉल क्लबों, खिलाड़ियों और पत्रकारों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शोक संवेदनाएँ पोस्ट की हैं। यूरोपीय फुटबॉल की शासी संस्था यूईएफए ने एक्स पर कहा, यूरोपीय फुटबॉल समुदाय की ओर से, यूईएफए में हर कोई स्वेन-गोरान एरिक्सन के निधन के बारे में जानकर बहुत दुखी है। खेल में एक प्रिय व्यक्ति, स्वेन 1982 में आईएफके गोटेबोर्ग के कोच के रूप में यूईएफए कप विजेता थे, इससे पहले उन्होंने 1999 में लाज़ियो को यूईएफए कप का खिताब दिलाया था। शांति से विश्राम करो, स्वेन।

### आईसीसी ने जारी किया महिला टी20 विश्व कप का संशोधित कार्यक्रम

# दुबई में खेला जाएगा भारत-पाक मैच और फाइनल मुकाबला

**दुबई, 27 अगस्त (एजेंसियां)।**

**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार देर रात आगामी महिला टी-20 विश्व कप के लिए संशोधित कार्यक्रम घोषित कर दिए हैं। दुबई 6 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले और 20 अक्टूबर को 18 दिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी भी करेगा। बांग्लादेश के लिए चल रहे राजनीतिक संकट के कारण टूर्नामेंट की मेजबानी करना असंभव हो गया था, जिसके बाद टूर्नामेंट को यूएई में स्थानांतरित कर दिया गया था।**

अन्य मेजबान शहर शारजाह 13 अक्टूबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच महत्वपूर्ण मुकाबले की मेजबानी करेगा, यह एकमात्र लीग मैच है जिसे हरमनप्रीत कौर की टीम दुबई से बाहर खेलेगी। शारजाह 18 अक्टूबर को दूसरे सेमीफाइनल की मेजबानी भी करेगा। अगर भारत क्वालीफाई करता है, तो वे 17 अक्टूबर को दुबई में पहला सेमीफाइनल खेलेंगे।



#### समूह पूर्वानुसार

समूह पहले की तरह ही बने हुए हैं, जिसमें छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका ग्रुप ए में हैं। दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड को ग्रुप बी में रखा गया है।

#### हर ग्रुप में 4 टीमें खेलेंगी

प्रत्येक ग्रुप में चार टीमें मैच खेलेगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा कि सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए एक रिजर्व दिन तय किया गया है। टी-20 विश्व कप टूर्नामेंट से पहले 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 10 अभ्यास मैच आयोजित किए जाएंगे।

#### संशोधित कार्यक्रम

- 3 अक्टूबर गुरुवार बांग्लादेश बनाम स्कॉटलैंड शारजाह
- 3 अक्टूबर गुरुवार पाकिस्तान बनाम श्रीलंका शारजाह
- 4 अक्टूबर शुक्रवार दक्षिण अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज दुबई
- 4 अक्टूबर शुक्रवार भारत बनाम न्यूजीलैंड दुबई
- 5 अक्टूबर शनिवार बांग्लादेश बनाम इंग्लैंड शारजाह
- 5 अक्टूबर शनिवार ऑस्ट्रेलिया बनाम श्रीलंका शारजाह
- 6 अक्टूबर रविवार भारत बनाम पाकिस्तान दुबई
- 6 अक्टूबर रविवार वेस्टइंडीज बनाम स्कॉटलैंड दुबई
- 7 अक्टूबर सोमवार इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका शारजाह
- 8 अक्टूबर मंगलवार ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड शारजाह
- 9 अक्टूबर बुधवार दक्षिण अफ्रीका बनाम स्कॉटलैंड दुबई
- 9 अक्टूबर बुधवार भारत बनाम श्रीलंका दुबई
- 10 अक्टूबर गुरुवार बांग्लादेश बनाम वेस्टइंडीज शारजाह
- 11 अक्टूबर शुक्रवार ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान दुबई
- 12 अक्टूबर शनिवार न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका शारजाह
- 12 अक्टूबर शनिवार बांग्लादेश बनाम दक्षिण अफ्रीका दुबई
- 13 अक्टूबर रविवार इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड शारजाह
- 13 अक्टूबर रविवार भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया शारजाह
- 14 अक्टूबर सोमवार पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड दुबई
- 15 अक्टूबर मंगलवार इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज दुबई
- 17 अक्टूबर गुरुवार सेमीफाइनल 1 दुबई
- 18 अक्टूबर शुक्रवार सेमीफाइनल 2 शारजाह
- 20 अक्टूबर रविवार फाइनल दुबई

# भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ प्री-ड्राफ्ट विदेशी अनुबंध पर किया हस्ताक्षर



**नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)।**

स्मृति मंधाना महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) प्री-ड्राफ्ट विदेशी अनुबंध पर हस्ताक्षर करने वाली पहली भारतीय बन गई हैं और आगामी सत्र के लिए मौजूदा चैंपियन एडिलेड स्ट्राइकर्स में शामिल होंगी।

स्ट्राइकर्स चौथी टीम होगी जिसका प्रतिनिधित्व मंधाना प्रतियोगिता के 10 साल के इतिहास में करेंगी। बाएं हाथ की यह खिलाड़ी इससे पहले ब्रिसबेन हीट (2016-17), होबार्ट हरिकेंस (2018-19) और सिडनी थंडर (2021) के लिए खेल चुकी हैं।

भारतीय उप-कप्तान ने कार्यभार प्रबंधन के कारण डब्ल्यूबीबीएल 2022 से बाहर होने का विकल्प चुना था और फिर 2023 संस्करण से पहले उद्घाटन खिलाड़ी के मसौदे से बाहर होकर भारत के घरेलू सत्र में भाग लेने का विकल्प चुना था।

एलिस पेरी के बाद दो राचेल हेहो-फ्लिंट पुरस्कार जीतने वाली केवल दूसरी खिलाड़ी, मंधाना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच ल्यूक विलियम्स के साथ फिर से जुड़ेंगी। इस जोड़ी ने अपने उद्घाटन वर्ष में पांच टीमों के टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर रहने के बाद आरसीबी को डब्ल्यूपीएल 2024 के खिताब तक पहुंचाया।

मंधाना ने एक बयान में कहा, मैं हमेशा ऑस्ट्रेलिया में खेलने के लिए उत्सुक रहती हूं और स्ट्राइकर्स जैसी सफलता के इतिहास वाली टीम में योगदान देने के अवसर को लेकर उत्साहित हूं। मैं ल्यूक के साथ काम करना जारी रखने के लिए रोमांचित हूं। हमारे पिछले अनुभव एक साथ बहुत फायदेमंद रहे हैं और मैं इसे और आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं।

डब्ल्यूपीएल के अलावा, मंधाना और विलियम्स ने पहले भी द हंड्रेड में सदर्न ब्रेव में एक साथ काम किया है। विलियम्स ने कहा, स्मृति एक असाधारण प्रतिभा है और हम स्ट्राइकर्स में उसका स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। उसका तकनीकी कौशल, अनुभव और रणनीतिक अंतर्दृष्टि हमारे लिए एक जबरदस्त संपत्ति है। मैं टीम और मैदान पर उनके समर्पण और ऊर्जा को अच्छी तरह से जानता हूँ। आगामी सत्र में सफलता के लिए उनकी विशेषज्ञता और नेतृत्व अमूल्य होगा।

स्ट्राइकर्स 27 अक्टूबर को डब्ल्यूबीबीएल 2024 के कर्टेन रेजर में ब्रिसबेन हीट की मेजबानी करेंगे। मंधाना के अलावा, भारत की हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा 1 सितंबर को होने वाले आगामी डब्ल्यूबीबीएल ड्राफ्ट के लिए पहले नामांकन में शामिल हैं।

### अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए टीम घोषित की

# हशमतुल्लाह करेंगे कप्तानी, गुरबाज, राशिद और करीम को नहीं मिली जगह

**काबुल, 27 अगस्त (एजेंसियां)।**



अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने अगले माह न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। इस मैच में अफगान टीम की कप्तानी हशमतुल्लाह शाहिदी करेंगे। टीम में स्टार गेंदबाज राशिद खान के अलावा बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और करीम जनत को शामिल नहीं किया गया है।

यह टेस्ट 9 से 13 सितंबर तक भारत के नोएडा में खेला जाएगा। इसके लिए राशिद को शामिल नहीं करने से सभी हैरान हैं जबकि वह इस प्रारुप में अफगानिस्तान की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। राशिद ने अब तक पांच टेस्ट मैचों में 22.35 की औसत से 34 विकेट लिए हैं जिसमें चार बार उन्होंने पांच विकेट लिए हैं। राशिद ने अफगानिस्तान के लिए अपना अंतिम टेस्ट मैच साल 2021 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अबुधाबी में खेला था जिसमें उन्होंने 11 विकेट लिए थे। वहीं इब्राहिम जदरान, रहमत शाह, गुलबदीन नईब और अजमतुल्लाह उमरजई को टीम में रखा गया है। एसीबी ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में एक सप्ताह तक चलने वाले अभ्यास शिविर के बाद ही अंतिम 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की जाएगी। टीम 28 अगस्त को भारत पहुंचेगी. एसीबी ने कहा, ''अभ्यास शिविर के लिए 20 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। वहीं अंतिम 15 सदस्यीय टीम का चयन उनके प्रदर्शन और फिटनेस को देखने के बाद किया जाएगा।'' एसीबी के अध्यक्ष मीरवाइज अशरफ ने कहा, ''मुझे घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करके टीम में आये युवा खिलाड़ियों को देखकर खुशी हो रही है।''

अफगानिस्तान की टीम इस प्रकार है- हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जदरान, रियाज हसन, अब्दुल मलिक, रहमत शाह, बहीर शाह महबूब, इकराम अलीखेल (विकेटकीपर), शाहिदुल्लाह कमाल, गुलबदीन नईब, अफसर जजई (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह उमरजई, जियाउर्रहमान अकबर, शम्सुर्रहमान, कैस अहमद, जहीर खान, निजात मसूद, फरीद अहमद मलिक, नवीद जदरान, खलील अहमद और यम अरब।

# पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों ही टीमों पर धीमी ओवर रेट के लिए लगाया जुर्माना, अंक भी काटे

**दुबई, 27 अगस्त (एजेंसियां)।**



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच हुए पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में धीमी ओवर गति के लिए दोनो ही टीमों पर जुर्माना लगाया है। इससे दोनो ही टीमों को अंकों का नुकसान हुआ है। ऐसे में इनके लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल की राह और कठिन हो गयी है। मैच रेफरी रंजन मदुगले ने ये प्रतिबंध इसलिए लगाया है क्योंकि पाकिस्तान ने लक्ष्य से छह ओवर कम फेंके और इस प्रकार उसे छह डब्ल्यूटीसी अंक का नुकसान हुआ है। वहीं जीत हासिल करने वाली बांग्लादेश भी तय समय में निर्धारित ओवर पूरे नहीं कर पायी। इस प्रकार उसके तीन तीन डब्ल्यूटीसी अंक काटे गए हैं। ऐसे में आईसीसी के तीन अंक काटने की कार्रवाई के बाद अब बांग्लादेश की टीम सातवें स्थान पर खिसक गयी है। इस प्रकार वह अंक तालिका में दक्षिण अफ्रीका से पीछे हो गयी जबकि पाकिस्तान आठवें स्थान पर खिसक गया है। इसके अलावा पाकिस्तान पर मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना जबकि बांग्लादेश पर 15फीसदी जुर्माना लगाया गया है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के नियमों के अनुसार खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच फीसदी जुर्माना लगाया जाता है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खेल शर्तों के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार प्रत्येक ओवर कम होने पर एक टीम पर एक अंक का जुर्माना लगाया जाता है।

दोनों ही टीमों के कप्तानों शान मसूद और नजमुल हुसैन शांतो ने अपराधों के लिए दोषी होने की बात मान ली है। ऐसे में आगे सुनवाई की जरुरत नहीं रही है।

### जय शाह आईसीसी में गए तो रोहन ले सकते हैं उनकी जगह

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह के आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) चेयरमैन बनने की संभावनाएं हैं। इसका कारण है कि आईसीसी के मौजूदा चेयरमैन ग्रेग बार्कले का कार्यकाल 30 नवंबर को खत्म हो जाएगा। वह तीसरे कार्यकाल को नहीं चाहते हैं। ऐसे में चेयरमैन पद के लिए जय शाह को भी एक दावेदार माना जा रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि शाह के बाद किसे बोर्ड सचिव की जिम्मेदारी मिल सकती है। वहीं माना जा रहा है कि दिल्ली क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के रोहन जेटली को यह जिम्मेदारी मिल सकती है एक रिपोर्ट के अनुसार जय शाह को आसीसी के 16 सदस्यों में से 15 सदस्यों का समर्थन हासिल है, ऐसे में उनका अगला आईसीसी चेयरमैन बनना तय है।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए बेयरस्टो, मोईन इंग्लैंड की टीम से बाहर

**लंदन, 27 अगस्त (एजेंसियां)।**

इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए जॉनी बेयरस्टो, मोइन अली और क्रिस जॉर्डन को अपनी व्हाइट-बॉल टीम से बाहर कर दिया है। ये तीनों हाल ही में टी20 विश्व कप में सेटअप का हिस्सा थे, जहां इंग्लैंड सेमीफाइनल में भारत से हार गया था।

इनके बाहर होने से टी20आई टीम में पांच अनकैप्ड खिलाड़ियों जॉर्डन कॉक्स, जैकब बेथेल, डैन मूसली, जोश हल और जॉन टर्नर को जगह मिली है, इन सभी ने घरेलू सर्किट में विभिन्न स्तरों पर प्रभावित किया है।

इंग्लैंड के नियमित व्हाइट-बॉल कप्तान जोस बटलर और प्रीमियर पेसर जोफ्रा आर्चर भी एक्शन में वापस आएंगे। बटलर कॉल्फ की चोट से पूरी तरह से उबर चुके हैं, जिसके कारण वे द हंड्रेड के पूरे सत्र से बाहर रहे, जबकि आर्चर, जिनके कार्यभार पर सदर्न ब्रेव के लिए नज़र रखी गई थी, मार्च 2023 के बाद से अपना पहला वनडे खेलने के लिए तैयार हैं।

कॉक्स का चयन सबसे ज़्यादा पूर्वानुमानित था, क्योंकि विकेटकीपर बल्लेबाज़ की गतिशीलता शीर्ष क्रम में है। वह इंग्लैंड के घरेलू व्हाइट-बॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं, चाहे वह टी20 ब्लास्ट हो या द हंड्रेड। जोश हल का बाएं हाथ का कोण और हिट-द-डेक क्षमता उन्हें एक एक्स-फैक्टर बनाती है जबकि जॉन टर्नर ने द हंड्रेड के दौरान अपनी गति और जोश से सभी को प्रभावित किया।

जैकब बेथेल और डैन मूसली दोनों ही कुशल ऑलराउंडर रहे हैं, जिनमें बल्लेबाजी उनकी सबसे मजबूत विशेषता रही है, और इन दोनों का चयन इंग्लैंड द्वारा शॉर्ट फॉर्मेट में उपयोगी



क्रिकेटरों को दी जाने वाली प्राथमिकता को दर्शाता है।

हैरी ब्रूक, मैथ्यू पॉट्स, गस एटकिंसन और जेमी स्मिथ, जो सभी श्रीलंका के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज का हिस्सा हैं, केवल वनडे मैचों में खेलेंगे, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20आई चरण टेस्ट सीरीज के निर्धारित समापन के एक दिन बाद शुरू होगा। मार्क वुड, जिन्हें श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान जांघ में चोट लगी थी, और बेन स्टोक्स, जो हैमस्ट्रिंग टियर के कारण गर्मियों से बाहर हो गए थे, चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। जो रूट को वनडे टीम से आराम दिया गया है। दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीमें पहले तीन मैचों की टी20 सीरीज में भिड़ेंगी, जिसकी शुरुआत 11 सितंबर से होगी, जिसके बाद पांच वनडे मैच खेले जाएंगे जो चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी के लिए अहम होंगे। इंग्लैंड और मैथ्यू मॉट के अलग होने के बाद मार्कस ट्रेस्कोथिक इस सीरीज के लिए टीम के अंतरिम कोच होंगे।

**इंग्लैंड टी20आई टीम :** जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, जैकब बेथेल, ब्रायडन कार्से, जॉर्डन कॉक्स, सैम करन, जोश हल, विल जैक्स, लियाम लिविंगस्टोन, साकिब महमूद, डैन मूसली, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपली, जॉन टर्नर।

**इंग्लैंड वनडे टीम :** जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्से, बेन डकेट, जोश हल, विल जैक्स, मैथ्यू पॉट्स, आदिल राशिद, फिल साल्ट, जेमी स्मिथ, रीस टॉपली, जॉन टर्नर।

संपादकीय

# भारत विरोधी कश्मीर की बात

**जम्मू-कश्मीर** चुनाव के मद्देनजर नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने अपने घोषणा-पत्र जारी किए हैं, जो बुनियादी तौर पर भारत-विरोधी लगते हैं। 1950 के दशक में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और शेख अब्दुल्ला की अपनी-अपनी लड़ाइयां और सियासत थी। शेख अब्दुल्ला कश्मीर को 'इस्लामी सूबा' बनाने पर आमादा थे। उन्हें प्रधानमंत्री का दर्जा हासिल था। श्यामा प्रसाद ने 'एक विधान, एक निशान, एक प्रधान' की व्यवस्था के लिए संघर्ष किया। उनकी रहस्यमयी मौत आज भी एक सवाल है। अनुच्छेद 370 खत्म किए जाने से पहले जम्मू-कश्मीर का अपना 'झंडा' था, अपना 'संविधान' था। कश्मीर में सर्वोच्च अदालत के फैसले भी लागू नहीं होते थे। भारतीय दंड संहिता की धाराएं भी निष्प्रभावी थीं। विधानसभा का कार्यकाल 6 साल होता था। रक्षा, विदेश, वित्त आदि मंत्रालय भारत सरकार के अधीन थे, लेकिन उनके अलावा कश्मीर के कानून और व्यवस्थाएं भिन्न थीं। आर्थिक संसाधनों और बजट के लिए जम्मू-कश्मीर भारत सरकार के सहारे ही था। सवाल होते रहते थे कि एक ही राष्ट्र में कश्मीर को यह 'विशेष दर्जा' क्यों हासिल है? दो-दो व्यवस्थाएं कैसे काम कर सकती हैं? मोदी सरकार ने ऐतिहासिक पहल की और 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने का बिल संसद से पारित करा दिया। अब 2024 में विधानसभा चुनावों की घोषणा की गई है, तो पुराने मुद्दों को नए संदर्भों में उठाया जा रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने अनुच्छेद 370, 35-ए की बहाली का आश्वासन दिया है। जम्मू-कश्मीर के 'अलग झंडे' की बात कही गई है। ऐसा है, तो आने वाली विधानसभा में 'अलग संविधान' का प्रस्ताव भी पारित किया जा सकता है। इसके लिए दलीलें दी जाती रही हैं कि विलय के समझौता-पत्र में उल्लेख था कि कश्मीर का अपना 'अलग झंडा' और 'अलग संविधान' होगा। ये दलीलें कुतर्क हैं, क्योंकि विलय-पत्र में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। सियासतदानों को जरा पढ़ लेना चाहिए। बहरहाल पत्थरबाजों की दोबारा सरकारी नौकरी में बहाली होगी और जेल से सियासी कैदियों की रिहाई की जाएगी। ऐसे कैदियों को माफ भी किया जा सकता है। पाकिस्तान से सटी 'नियंत्रण रेखा' पर कारोबार की नई शुरुआत के साथ-साथ पाकिस्तान के साथ बातचीत और जनसंपर्क भी शुरू किया जाएगा। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी सोच के स्तर पर पाकपरस्त रही हैं, लेकिन सवाल है कि क्या एक विधानसभा ऐसे मुद्दों को पारित कर सकती है? विदेश और रक्षा नीतियां केंद्र सरकार तय करेगी अथवा संघशासित क्षेत्र की विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया जा सकता है? भारतीय संसद ने अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त किया था और सर्वोच्च अदालत ने भी उसे 'उचित, संवैधानिक निर्णय' माना था। तो विधानसभा चुनाव में पार्टियां इनकी बहाली और 'विशेष दर्जे' की वापसी का वायदा कैसे कर सकती हैं? यह सवाल नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से पूछा गया था। उनका जवाब था कि आने वाली सर्वोच्च अदालत में कश्मीर की बुनियादी सोच वाले न्यायाधीश भी आ सकते हैं! केंद्र में मौजूदा सरकार की विदाई हो सकती है तथा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार बन सकती है! हमने जम्मू-कश्मीर के अवाम को आश्वस्त किया है कि तब तक हम इंतजार करेंगे, लेकिन लड़ाई लगातार लड़ते रहेंगे। हम चुप नहीं बैठेंगे। एक घोषणा-पत्र में कहा गया है कि 'शंकराचार्य के पर्वत' का इस्लामी नाम 'तख्त-ए-सुलिमान' रखा जाएगा। क्या कश्मीर को एक बार फिर 'इस्लामिक' बनाने के मंसूबे हैं? नेशनल कॉन्फ्रेंस तो शेख अब्दुल्ला की ही विरासत है, लिहाजा उनकी सियासत भी वही होगी।

श्यामा प्रसाद ने 'एक विधान, एक निशान, एक प्रधान' की व्यवस्था के लिए संघर्ष किया। उनकी रहस्यमयी मौत आज भी एक सवाल है। अनुच्छेद 370 खत्म किए जाने से पहले जम्मू-कश्मीर का अपना 'झंडा' था, अपना 'संविधान' था। कश्मीर में सर्वोच्च अदालत के फैसले भी लागू नहीं होते थे। भारतीय दंड संहिता की धाराएं भी निष्प्रभावी थीं। विधानसभा का कार्यकाल 6 साल होता था। रक्षा, विदेश, वित्त आदि मंत्रालय भारत सरकार के अधीन थे, लेकिन उनके अलावा कश्मीर के कानून और व्यवस्थाएं भिन्न थीं। आर्थिक संसाधनों और बजट के लिए जम्मू-कश्मीर भारत सरकार के सहारे ही था। सवाल होते रहते थे कि एक ही राष्ट्र में कश्मीर को यह 'विशेष दर्जा' क्यों हासिल है? दो-दो व्यवस्थाएं कैसे काम कर सकती हैं? मोदी सरकार ने ऐतिहासिक पहल की और 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने का बिल संसद से पारित करा दिया। अब 2024 में विधानसभा चुनावों की घोषणा की गई है, तो पुराने मुद्दों को नए संदर्भों में उठाया जा रहा है।

### कार्यस्थलों में आंतरिक शिकायत समितियों का अभाव है

# धीमा न्याय निर्भयाओं को कर रहा कमजोर

प्रियंका सौरभ

**कार्यस्थल** पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम (2013) जैसे प्रगतिशील कानूनों के अस्तित्व के बावजूद, निगरानी, जवाबदेही और संस्थागत समर्थन की कमी के कारण उनका कार्यान्वयन कमज़ोर बना हुआ है। राष्ट्रीय महिला आयोग के एक अध्ययन में पाया गया कि कई कार्यस्थलों में आंतरिक शिकायत समितियों का अभाव है, जो यौन उत्पीड़न अधिनियम को लागू करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। संस्थाओं के भीतर भ्रष्टाचार, हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय में बाधा उत्पन्न कर सकता है, तथा प्रभावशाली अपराधी अक्सर रिश्वत या राजनीतिक संबंधों के माध्यम से कानूनी परिणामों से बच निकलते हैं। कई कानून प्रवर्तन अधिकारियों और न्यायिक कर्मियों में लैंगिक मुद्दों पर पर्याप्त प्रशिक्षण और संवेदनशीलता का अभाव है, जिसके कारण पीड़ित को ही दोषी ठहराने की प्रवृत्ति पैदा होती है और महिलाओं के खिलाफ हिंसा से संबंधित मामलों का अनुचित तरीके से निपटारा होता है।

राष्ट्रीय महिला आयोग के एक अध्ययन में पाया गया कि कई कार्यस्थलों में आंतरिक शिकायत समितियों का अभाव है, जो यौन उत्पीड़न अधिनियम को लागू करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। संस्थाओं के भीतर भ्रष्टाचार, हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय में बाधा उत्पन्न कर सकता है, तथा प्रभावशाली अपराधी अक्सर रिश्वत या राजनीतिक संबंधों के माध्यम से कानूनी परिणामों से बच निकलते हैं। कई कानून प्रवर्तन अधिकारियों और न्यायिक कर्मियों में लैंगिक मुद्दों पर पर्याप्त प्रशिक्षण और संवेदनशीलता का अभाव है, जिसके कारण पीड़ित को ही दोषी ठहराने की प्रवृत्ति पैदा होती है और महिलाओं के खिलाफ हिंसा से संबंधित मामलों का अनुचित तरीके से निपटारा होता है।

पुरुषों के वर्चस्व और महिलाओं पर नियंत्रण को प्राथमिकता देने वाले पितृसत्तात्मक मानदंड, महिलाओं के खिलाफ हिंसा के जारी रहने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ये मानदंड अक्सर अपमानजनक व्यवहार को उचित ठहराते हैं या कम करते हैं, परिवार के पुरुष सदस्यों पर आर्थिक निर्भरता अक्सर महिलाओं को हिंसा सहने के लिए मजबूर करती है, क्योंकि अपमानजनक स्थिति से बाहर निकलने पर वित्तीय अस्थिरता या अभाव हो सकता है।

विशेषकर यौन हिंसा के पीड़ितों को अक्सर सामाजिक कलंक और बहिष्कार का सामना करना पड़ता है, जो उन्हें अपराधों की रिपोर्ट करने या न्याय मांगने से हतोत्साहित करता है। मीडिया में महिलाओं और हिंसा के बारे में प्रस्तुतीकरण अक्सर मामलों को सनसनीखेज बना देता है, कभी-कभी मुद्दे की गंभीरता को कमतर आंकता है या पीड़ितों के बारे में नकारात्मक रूढ़िवादिता को मजबूत करता है। विशेष रूप से यौन हिंसा की रिपोर्टिंग से होने वाले रुढ़िवादी सांस्कृतिक कलंक के कारण कम रिपोर्टिंग होती है, जिससे महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों के प्रवर्तन में बाधा आती है। यौन हिंसा की अनुमानित घटनाओं और रिपोर्ट किए गए



मामलों के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर दिखाता है, जो रिपोर्टिंग में सांस्कृतिक बाधाओं को उजागर करता है। अपर्याप्त फंडिंग और स्टाफिंग सहित संस्थागत संसाधन की कमी, कानून प्रवर्तन एजेंसियों की कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने और महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों का जवाब देने की क्षमता को सीमित करती है।

कई पुलिस स्टेशनों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों को संभालने के लिए समर्पित महिला अधिकारियों या विशेष प्रकोष्ठों की कमी है, जिसके कारण मामले को ठीक से नहीं निपटा जा पाता है। राजनीतिक प्रभाव और भ्रष्टाचार के कारण अक्सर कानूनों का चयनात्मक प्रवर्तन होता है, जहां शक्तिशाली व्यक्तियों से जुड़े मामलों को या तो दबा दिया जाता है या खराब तरीके से जांच की जाती है। महिलाओं में कानूनी जागरूकता की कमी, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, न्याय पाने की उनकी क्षमता को सीमित करती है और इसके परिणामस्वरूप उन्हें बचाने के लिए बनाए गए कानूनों का कम उपयोग होता है। कई महिलाएं महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005 जैसे कानूनों के तहत अपने अधिकारों से अनजान हैं, जिसके कारण रिपोर्ट करने और कानूनी सहारा लेने की दर कम है।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण, संवेदनशीलता और संसाधन आवंटन के माध्यम से कानून प्रवर्तन एजेंसियों की क्षमता को बढ़ाना महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए: पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो द्वारा आयोजित पुलिस अधिकारियों के लिए नियमित लिंग संवेदनशीलता प्रशिक्षण कार्यक्रम, महिलाओं के खिलाफ हिंसा से संबंधित मामलों से निपटने में सुधार कर सकते हैं। व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करने जैसी आर्थिक सशक्तिकरण पहल, महिलाओं की अपमानजनक रिश्तों पर निर्भरता को कम कर सकती है और उन्हें अपने अधिकारों का दावा करने में सक्षम बना सकती है। सरकार और नागरिक समाज संगठनों को महिलाओं के बीच कानूनी साक्षरता बढ़ाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, ताकि वे अपने अधिकारों और उनके लिए उपलब्ध कानूनी रास्तों के बारे में जागरूक हों। महिला अधिकार पहल जैसे गैर सरकारी संगठनों द्वारा आयोजित कानूनी जागरूकता शिविर महिलाओं को घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005 जैसे कानूनों के बारे में शिक्षित करने में मदद करते हैं।

सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम जो पितृसत्तात्मक मानदंडों को चुनौती देते हैं और लैंगिक समानता को बढ़ावा देते हैं, एक सांस्कृतिक बदलाव ला सकते हैं जो महिलाओं के खिलाफ हिंसा को हतोत्साहित करता है। संस्थानों के अंतर्गत मजबूत निगरानी और जवाबदेही तंत्र स्थापित करने से यह सुनिश्चित हो सकता है कि कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और किसी भी चूक को तुरंत संबोधित किया जाए। कार्यस्थलों पर आंतरिक शिकायत समितियों की स्थापना, जैसा कि कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 द्वारा अनिवार्य है, अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित ऑडिट के साथ, कानून की प्रभावशीलता में सुधार कर सकता है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मुद्दे को संबोधित करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो संस्थागत और सामाजिक दोनों कारकों से निपटता है। कानून प्रवर्तन को मजबूत करना, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और सांस्कृतिक परिवर्तन को बढ़ावा देना महिलाओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाने की दिशा में आवश्यक कदम हैं। सरकार, नागरिक समाज और समुदायों के ठोस प्रयासों से, भारत एक ऐसे भविष्य की ओर बढ़ सकता है जहाँ महिलाएँ भय और हिंसा से मुक्त रहें, उनके अधिकार और सम्मान पूरी तरह सुरक्षित हों।

दृष्टि कोण

# वैदिक ज्ञान व संस्कृत भाषा की कालातीत यात्रा

**संस्कृत** जिसे 'देवताओं की भाषा' के रूप में जाना जाता है, संसार की सबसे प्राचीन भाषा है, जिसने भारतीय सभ्यता को आकार दिया है और आधुनिक समय में भी इसकी प्रासंगिकता जारी है। यह केवल एक भाषा नहीं है, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और आध्यात्मिकता का गहरा भंडार है। संस्कृत वह माध्यम है जिसके माध्यम से प्राचीन वैदिक ग्रंथों, उपनिषदों, पुराणों और विभिन्न अन्य शास्त्रों की रचना की गई, जिससे यह सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की आधारशिला बन गई। रक्षा बंधन से तीन दिन पहले शुरू होने वाला और तीन दिन बाद समाप्त होने वाला संस्कृत सप्ताह श्रावण की पूर्णिमा के दिन के साथ मेल खाता है, जो भारतीय पारंपरिक कैलेंडर में एक शुभ अवधि को चिह्नित करता है। यह उत्सव न केवल संस्कृत भाषा संवर्धन के लिए एक शुभ अवधि है, बल्कि प्राचीन वैदिक ज्ञान के समृद्ध भंडार में तल्लीन करने का एक अवसर भी है, जो संस्कृत सप्ताह प्रदान करता है। सप्ताह अकादमिक गतिविधियों, साहित्यिक कार्यक्रमों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और बहुत कुछ से भरा है, जिसका उद्देश्य इस प्राचीन भाषा को बढ़ावा देना और संरक्षित करना है। संस्कृत को अक्सर मानव सभ्यता की सबसे पुरानी भाषा के रूप में वर्णित किया जाता है, जिसकी जड़ें हजारों साल पुरानी हैं। यह वह भाषा है जिसमें दुनिया के सबसे पुराने ज्ञात ग्रंथ ऋग्वेद की रचना की गई थी। संस्कृत सिर्फ एक भाषा से अधिक है, यह एक विशाल बौद्धिक और आध्यात्मिक परंपरा का अवतार है, जिसने भारत और उसके बाहर जीवन के अनगिनत पहलुओं को प्रभावित किया है। संस्कृत भाषा को हिंदू धर्म में देवताओं की भाषा के रूप में सम्मानित किया जाता है, जिसका उपयोग अनुष्ठानों, प्रार्थनाओं और समारोहों में किया जाता है, जो व्यक्तियों को परमात्मा से जोड़ते हैं। संस्कृत की संरचना इतनी सटीक है और इसकी ध्वन्यात्मकता इतनी समृद्ध है कि इसे आध्यात्मिक प्रवचन के लिए सबसे उपयुक्त भाषा माना जाता है। वैदिक परंपरा, जो सनातन धर्म की नींव बनाती है, अपने पवित्र ज्ञान के प्रसारण के लिए संस्कृत पर बहुत अधिक निर्भर करती है। वैदिक परंपरा में, 16 संस्कार (पारित होने के संस्कार) हैं, जो महत्वपूर्ण अनुष्ठान हैं जो किसी व्यक्ति को जन्म से मृत्यु तक मार्गदर्शन करते हैं। इनमें से सबसे महत्वपूर्ण उपनयन संस्कार 10वां संस्कार है, जो एक बच्चे की औपचारिक शिक्षा की शुरुआत का प्रतीक है। यह अनुष्ठान आमतौर पर श्रावण पूर्णिमा पर किया जाता है। उसी दिन इस समारोह के दौरान, संस्कृत में गायत्री मंत्र के पाठ के साथ बच्चे को वैदिक शिक्षा में दीक्षित किया जाता है। यह दीक्षा ज्ञान और आध्यात्मिक शिक्षा की दुनिया में बच्चे के प्रवेश का प्रतीक है, जो व्यक्तियों के शैक्षिक और आध्यात्मिक जीवन में संस्कृत के महत्व को रेखांकित करती है। संस्कृत की प्रासंगिकता प्राचीन ग्रंथों और अनुष्ठानों तक ही सीमित नहीं है। यह आधुनिक शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना हुआ है, विशेष रूप से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के कार्यान्वयन के साथ। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारतीय ज्ञान प्रणालियों को शामिल करने पर जोर देती है, जिनमें से संस्कृत एक अभिन्न अंग है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 संस्कृत को आधुनिक शिक्षा, समकालीन विद्वानों और प्राचीन भारतीय ज्ञान के विशाल भंडार के बीच एक सेतु के रूप में पहचानती है। भारत सरकार 1969 से संस्कृत दिवस मना रही है, और 2000 में, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल के दौरान, संस्कृत सप्ताह की आधिकारिक घोषणा की गई थी। इस उत्सव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और अधिक महत्व मिला है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने शिक्षा में संस्कृत की भूमिका को और मजबूत किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा को एक अनिवार्य पाठ्यक्रम के रूप में शामिल किया गया है, जिसमें प्राचीन ग्रंथों, शास्त्रों और दर्शनों के अध्ययन पर जोर दिया गया है, जो मुख्य रूप से संस्कृत में है। संस्कृत को आधुनिक तकनीक में अपनी क्षमता के लिए भी तेजी से पहचाना जाता है, विशेष रूप से कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में। भाषा का संरचित वाक्यविन्यास और व्याकरण इसे प्रोग्रामिंग भाषाओं के लिए एक उत्कृष्ट भाषा बनाता है और इसका उपयोग कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अन्य अत्याधुनिक तकनीकों में खोजा जा रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका सहित दुनिया भर के देश, जहां नासा जैसे संस्थानों ने रुचि दिखाई है, विभिन्न वैज्ञानिक क्षेत्रों में संस्कृत की क्षमता का पता लगाने लगे हैं। संस्कृत सप्ताह भाषा को उसके सभी पहलुओं (साहित्यिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक) में मनाने का समय होता है।

कुछ अलग

# ये व्हाट्सऐप के प्लास्टिक रिश्ते

**हममें** से शायद सभी वट्सऐप पर किसी न किसी पारिवारिक ग्रुप के सदस्य ज़रूर होंगे। चाचा और मामा परिवार के अलग ग्रुप तो ससुराल के भी दोनों पक्षों के मिलाकर हर व्यक्ति चार से पांच फैमिली ग्रुप का सदस्य तो है ही। इन ग्रुप्स में साल भर बर्थडे और एनिवर्सरी की बधाइयों के साथ तस्वीरें और विडियो फॉरवर्ड का सिलसिला चलता रहता है। परिवार में किसी की शादी हो लेकिन दूरी या व्यस्तता की वजह से न जा पाएं तो ग्रुप में आने वाली फोटोज़ और विडियोज़ के ज़रिए ही लगता है कि हम भी फंक्शन में शामिल हो गए। इन ग्रुप्स का यही फायदा है कि अलग-अलग शहरों या विदेश में होकर भी पूरा परिवार हमेशा आपस में जुड़ा रहता है। लेकिन अहम सवाल यह है कि क्या परिवार के ये सदस्य आपस में दिल से भी जुड़े हैं? या इनमें रिश्ते बस अपनी फोटो या कुछ पोस्ट शेयर और लाइक करने तक ही सीमित रह गए हैं? पुराने ज़माने में भले ही साल में एक बार मिलते थे लेकिन उसकी यादें जीवन भर साथ रहती थीं। नौकरी के सिलसिले में दूर जा बसे सभी लोग परिवार में किसी शादी के अवसर पर गांव में इकट्ठे होते थे। चार-पांच दिनों तक ढेर सारी मस्ती होती थी। चचेरे, ममेरे भाई-बहनों से जीवन भर के आत्मीय रिश्ते बनते थे। साल भर तक वह रिश्ता चिट्ठियों के माध्यम से आगे बढ़ता था। आज तो इन ग्रुप्स के ज़रिए हम हर रोज़, हर पल कनेक्टेड हैं, लेकिन फिर भी एक अधूरापन सा लगता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि रोज़ की ऑनलाइन मुलाकात के बाद भी शायद ही कोई एक दूसरे के बारे में वाकई कुछ जानता है या जानना चाहता है। रिश्तों का असल मतलब तो एक-दूसरे से अपने सुख-दुख शेयर करने में ही है। लेकिन ऑनलाइन तो सब अच्छा ही दिखाना चाहते हैं। कहां घूमने गए, कहां पार्टी की या शादी में कितनी मस्ती की। कोई भी यह नहीं बताता कि उसकी ज़िंदगी में असल में चल क्या रहा है, घर-परिवार या नौकरी में कोई समस्या तो नहीं? लेकिन जब आमने-सामने मुलाकात होती थी तो बिना हिचक एक दूजे से अपने दिल की हर बात शेयर कर लेते थे। अब दिल की बात शेयर करना तो दूर, फैमिली ग्रुप्स में रिश्ते ही प्लास्टिक होते जा रहे हैं। इस हद तक कि इनमें संवेदनशीलता की कमी झलकने लगी है। जैसे हाल ही में मैंने महसूस किया। एक दिन परिवार में किसी का निधन हो गया। जानकारी मिलते ही ग्रुप के सभी सदस्यों ने दुख जताते हुए संदेश डालने शुरू कर दिए। लेकिन यह माहौल मुश्किल से एक दिन ही रह पाया। अगली सुबह देखा तो उसमें एक फनी विडियो आया हुआ था, जिस पर कई सदस्यों ने लोट कर हंसने वाले इमोजी तक डाल दिए। माथा ठनका कि कल रात तक हम दुख जता रहे थे और अगली सुबह जोक कैसे डाल सकते हैं। दोपहर होने तक तो ग्रुप वापस अपने पुराने स्वरूप में लौट आया। वहां हंसी मज़ाक के साथ ही जन्मदिन की बधाइयों का सिलसिला भी शुरू हो गया। अब कोई कह सकता है कि जीवन तो चलने का ही नाम है। किसी के जाने से बाकियों की ज़िंदगी तो नहीं रुक जाती। बात सही है, लेकिन जब हम किसी बड़े ग्रुप का हिस्सा होते हैं तो इतना ध्यान रखना ही चाहिए कि कुछ देर ऐसे पोस्ट न शेयर करें, खासकर जब ग्रुप में वह परिवार भी है, जो अपने करीबी को खोने के बाद उस वक्त गहन वेदना से गुज़र रहा है। कुछ देर के संयम की ही तो बात है, बाकी तो साल भर यहां जन्मदिन और फॉरवर्ड का खेल ही खेलना है।

देश दुनिया से

# खाद्य कीमतों पर सतर्कता जरूरी

वित्त मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित आर्थिक रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई 2024 में दक्षिण पश्चिमी मानसून में प्रगति के कारण खरीफ की बोआई अच्छी हुई है और खाद्य पदार्थों की महंगाई दर में और कमी आ सकती है। इसी तरह पिछले दिनों 19 अगस्त को रिजर्व बैंक ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि यद्यपि देश में बेहतर मानसून, अच्छे मौद्रिक प्रबंधन और सरकार के द्वारा तत्परता से महंगाई नियंत्रण के उपायों से महंगाई घटने का सुकूनदेह परिदृश्य दिखाई दे रहा है, लेकिन अभी भी खाद्य कीमतों पर सतर्कता जरूरी है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि महंगाई सरकार की चिंता बनी रही है और अब सरकार ने संकेत दिया है कि महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी रणनीति की डगर पर आगे बढ़ती रहेगी।

**हाल** ही में 22 अगस्त को वित्त मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित आर्थिक रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई 2024 में दक्षिण पश्चिमी मानसून में प्रगति के कारण खरीफ की बोआई अच्छी हुई है और खाद्य पदार्थों की महंगाई दर में और कमी आ सकती है। इसी तरह पिछले दिनों 19 अगस्त को रिजर्व बैंक ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि यद्यपि देश में बेहतर मानसून, अच्छे मौद्रिक प्रबंधन और सरकार के द्वारा तत्परता से महंगाई नियंत्रण के उपायों से महंगाई घटने का सुकूनदेह परिदृश्य दिखाई दे रहा है, लेकिन अभी भी खाद्य कीमतों पर सतर्कता जरूरी है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि महंगाई सरकार की चिंता बनी रही है और अब सरकार ने संकेत दिया है कि महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी रणनीति की डगर पर आगे बढ़ती रहेगी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वर्ष 2024-25 के बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। बजट के तहत उपभोक्ता मामलों के विभाग को दाम स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के लिए 10000 करोड़ रुपए दिए गए हैं। जहां इस कोष का उपयोग दाल, प्याज और आलू के बफर स्टॉक को रखने के लिए किया जाएगा, वहीं जरूरी होने पर इन अन्य खाद्य वस्तुओं के बढ़े दामों को नियंत्रित करने के लिए भी इस कोष का इस्तेमाल किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि 14 अगस्त को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक थोक महंगाई जुलाई 2024 में घटकर तीन महीने के निचले स्तर 2.04 प्रतिशत पर आ गई। यह जून में 3.36 प्रतिशत थी। खास बात यह भी है कि 12 अगस्त को जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई के आंकड़ों के अनुसार जुलाई 2024 में खुदरा महंगाई दर घटकर 3.54 फीसदी रह गई है, जबकि जून 2024 में खुदरा महंगाई दर 5.08 प्रतिशत थी। सुकूनदेह स्थिति यह है कि खुदरा महंगाई दर पिछले 5 वर्षों के सबसे कम और रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित 4 प्रतिशत के लक्ष्य से भी नीचे आ जाने से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलते हुए दिखाई देगी। इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि बेहतर मानसून से खाद्यान्नों, फलों, सब्जियों विशेषतया आलू, प्याज और टमाटर आदि की कीमतों में बड़ी कमी आने से खुदरा महंगाई दर में कमी आई है। पिछले दिनों 8 अगस्त को आरबीआई ने देश में बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मौद्रिक नीति समीक्षा के तहत रेपो रेट को पहले की तरह 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। यह लगातार 9वीं बार है जब मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो रेट को यथावत रखने का फैसला किया गया है। आखिरी बार रेपो रेट में फरवरी 2023 में बदलाव किया गया था। इस मौद्रिक नीति समीक्षा के तहत तेज विकास दर की बजाय महंगाई नियंत्रण को प्राथमिकता दी है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि निरंतर आर्थिक विकास को ध्यान में रखते हुए अभी भी महंगाई पर स्पष्ट तरीके से ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। रिजर्व बैंक और सरकार के समन्वित प्रयासों से महंगाई नियंत्रण के लगातार रणनीतिक कदम जरूरी हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक वर्ष 2024-25 के बजट के तहत उपभोक्ता मामलों के विभाग को दाम स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के लिए जो धनराशि सुनिश्चित की गई है, उससे खाद्य भंडारण से जुड़ी एजेंसियों को धन मुहैया कराया जाएगा, ताकि वे उपयुक्त भंडारण बनाने के लिए किसानों के खेत या मंडी से सीधे खरीददारी कर सकें। इसके अलावा नए बजट के तहत इस वर्ष खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के लिए खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग के लिए ऋणों की राशि दोगुनी करके 50000 करोड़ रुपए सुनिश्चित की गई है। निःसंदेह नए बजट के तहत कई ऐसे प्रावधान हैं जिनसे अधिक खाद्यान्न उत्पाद और महंगाई नियंत्रण को प्रोत्साहन मिलेगा। प्राकृतिक खेती पर भारी प्रोत्साहन सुनिश्चित किए गए हैं और आगामी दो वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। देशभर में 10 हजार बायो इनपुट सेंटर बनाए जाएंगे, जहां से प्राकृतिक खेती की गतिविधियां संचालित होंगी। मौसम की मार के कारण खराब होने वाली फसलों के लिए समर्थन राशि बढ़ाई जाने से कृषि को नया प्रोत्साहन मिलेगा। नए बजट में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने, दलहन-तिलहन की पैदावार बढ़ाकर और किसानों की आय बढ़ाने, बीज की समस्या के निराकरण और मुख्य फसलों की उत्पादकता प्रभावित होने जैसे मामलों की चुनौतियों को कम करने के साथ-साथ कृषि शोध के विकास के लिए ज्यादा प्रावधान किए हैं। गौरतलब है कि 11 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) परिसर के खेतों में जाकर 61 फसलों की 109 नई एवं उन्नत किस्में जारी करते हुए कहा कि इनसे देश में कम जमीन में अधिक पैदावार लेने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल सकेगी। इससे महंगाई से भी बचाव होगा।

आप का नजरिया

# कीव यात्रा के मायने

**कह** सकते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया यूक्रेन यात्रा पूर्वी व पश्चिमी देशों के बीच कूटनीतिक संतुलन साधने की कवायद भर है। यह यात्रा भारतीय विदेश नीति में एक महत्वपूर्ण क्षण रहा। जो एक ओर रूस के साथ ऐतिहासिक संबंधों को बनाये रखना तथा दूसरी ओर पश्चिम के साथ बढ़ते जुड़ाव के बीच संवेदनशील संतुलन बनाने की कोशिश है। दरअसल, मोदी की यूक्रेन यात्रा कुछ समय पहले संपन्न मास्को यात्रा के बाद हुई। जो रूस-यूक्रेन संघर्ष की जटिल भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने की भारत की संवेदनशील पहल को ही दर्शाती है। दशकों से रूस भारत का आजमाया दोस्त है। रूस से बेहतर संबंध हमारी विदेशी नीति की आधारशिला भी रही है। विशेष रूप से रक्षा उत्पादों के क्षेत्र में, तमाम रक्षा उपकरण व कलपुर्जों को लेकर भारत रूस पर निर्भर रहा है। मोदी की रूस यात्रा ने जहां दोनों देशों के रिश्तों को नये आयाम दिए, वहीं पश्चिम को यह संदेश भी दिया कि रणनीतिक स्वायत्तता पर हम बाहरी दबाव स्वीकार नहीं करेंगे। वहीं यूक्रेन के साथ सीधे जुड़ना विश्व बिरादरी को यह संदेश देने का प्रयास भी है कि भारत अंतर्राष्ट्रीय कानून और संप्रभुता को बनाये रखने का पक्षधर है। जो कि वैश्विक शांति व सुरक्षा के मौलिक तत्व भी हैं। वह बात अलग है कि मोदी की रूस यात्रा के बाद यूक्रेन व पश्चिमी देशों की तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई थी। मोदी की यूक्रेन यात्रा को उसी घटनाक्रम के आलोक में देखा जा सकता है। बहरहाल, कहा जा सकता है कि इस तरह भारत ने यूक्रेन से जुड़ाव के जरिये जहां अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का सम्मान किया है, वहीं मास्को यात्रा से रूस के साथ परंपरागत संबंधों को कुशलतापूर्वक बनाये रखने में सफलता हासिल की है। भारत ने प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा से पश्चिम की चिंताओं को भी दूर किया है। वैश्विक कूटनीति में यह संतुलन बनाना बेहद जटिल कार्य है। दरअसल, भारत पूर्व व पश्चिमी खेमे से खुद को अलग रखकर अपनी कूटनीति के आधारभूत तत्व गुटनिरपेक्षता की नीति को भी बनाये रखना चाहता है। भारत ने प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा के जरिये यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों को यह संदेश देने का भी प्रयास किया है कि भारत यूक्रेन के संघर्ष के प्रति उदासीन नहीं है। यह भी कि भारत शांति के लिये होने वाली बातचीत में शामिल होने का इच्छुक है। वहीं दूसरी ओर यूक्रेन के साथ कई समझौतों में भागीदारी भारत के लिये ऊर्जा सुरक्षा और यूरोप के साथ आर्थिक संबंधों के हेतु नये रास्ते खोल सकती है। वह भी ऐसे समय में जब पश्चिम रूसी ऊर्जा पर अपनी निर्भरता कम करना चाह रहा है। जिसमें भारत को कूटनीतिक व महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ मिल सकते हैं। बहरहाल, मोदी की मास्को व कीव की यात्राएं भारत की कूटनीतिक महत्वाकांक्षाओं को रेखांकित करती हैं। जिसमें सावधानी से पूर्व-पश्चिम में संतुलन साधने का सार्थक प्रयास हुआ है। जो तेजी से ध्रुवीकृत होती दुनिया में अपने रणनीतिक हितों को साधने की सफल कोशिश भी है। वहीं बातचीत से शांति स्थापना के प्रयासों के लिये हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

# विमानन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा कम होने से हवाई किराए में आई तेजी



**मुंबई,27 अगस्त (एजेंसियां)।** पिछले कुछ सालों में विमानन क्षेत्र में हवाई यात्रा की मांग में तो बढ़ोतरी देखी जा रही है, लेकिन प्रतिस्पर्धा कम होने से हवाई किराया भी तेजी के साथ बढ़ा है। 2019 में 55.2 फीसदी हवाई मार्ग ऐसे थे, जहां सिर्फ एक ही कंपनी की उड़ानें संचालित हो रही थीं लेकिन अप्रैल 2024 तक यह आंकड़ा बढ़कर 69.2 फीसदी हो गया। यानी कि इस साल अप्रैल तक केवल 30.8 फीसदी मार्गों पर ही दो या दो से अधिक विमानन कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा थी।

विमानन कंपनियों ने प्रतिस्पर्धा घटने के साथ किराया भी बढ़ाया है खासकर कोविड-19 महामारी के बाद। दिल्ली-मुंबई मार्ग पर जहां 2019 से 2023 के बीच औसत हवाई किराया 20.5 फीसदी गिरा था, वहीं पिछले साल इसमें 34.6 फीसदी की वृद्धि हुई। इसी तरह दिल्ली-बेंगलूरु मार्ग के इकॉनमी क्लास का औसत किराया एक साल में 53.1 फीसदी बढ़ गया। इस बदलाव का एक कारण 2019 में जेट एयरवेज और 2023 में गोफर्स्ट का दिवालिया होना है।

**विमानों की संख्या कम होने से इंडिगो और एयरइंडिया का हवाई बाजार पर नियंत्रण बढ़ा**

इसके अलावा स्पाइसजेट भी अपने विमानों की संख्या कम कर रही है। जिसकी वजह से इंडिगो और एयरइंडिया समूह का हवाई बाजार पर नियंत्रण बढ़ गया है, जो जुलाई 2024 तक घरेलू हवाई यात्रा बाजार का 90 फीसदी हिस्सा नियंत्रित कर रहे थे। कई मार्गों पर कम प्रतिस्पर्धा होने के कारण विमानन कंपनियां अब किरायों को बढ़ाने पर ध्यान दे रही हैं।

### हवाई कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ी

जानकारी के अनुसार 2019 में इंडिगो के लिए 491 घरेलू मार्गों में से 33.4 फीसदी पर कोई प्रतिस्पर्धा नहीं थी लेकिन अप्रैल 2024 में 838 घरेलू मार्गों में से 61.2 फीसदी पर कोई प्रतिस्पर्धा नहीं थी। विमानन विशेषज्ञ कहते हैं कि भारत में हवाई कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ी है, लेकिन इसके साथ ही एकाधिकार वाले मार्ग भी बढ़ गए हैं। इंडिगो के एक अधिकारी का मानना है कि भारत में दो से अधिक विमानन कंपनियां होनी चाहिए ताकि प्रतिस्पर्धा बढ़े और यात्रियों को बेहतर सेवाएं मिल सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय मूल के केवन पारेख होंगे एप्पल के नए सीएफओ



**नई दिल्ली।** अमेरिका की प्रमुख टेक कंपनी एप्पल ने भारतीय मूल के इंजीनियर केवन पारेख को अपना नया चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (सीएफओ) नियुक्त किया है। वह लुका मैस्ट्री की जगह लेंगे जिन्हें कंपनी ने कॉर्पोरेट सर्विस टीम में भेज दिया है। मार्केट कैप के लिहाज से दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी का पिछले एक सप्ताह में दूसरा बड़ा फेरबदल है। केवन पारेख अभी ऐपल में फाइनेंशियल प्लानिंग एंड एनालिसिस के वाइस-प्रेजिडेंट हैं। वह 1 जनवरी, 2025 से सीएफओ का पदभार संभालेंगे। पारेख पिछले 11 वर्षों से एप्पल से जुड़े हैं और उन्होंने कंपनी की फाइनेंशियल स्ट्रैटजी और ऑपरेशंस में अहम भूमिका निभाई है। 52 साल के केवन पारेख की इस सफलता का राज उनकी मजबूत तकनीकी और बिजनेस एजुकेशन है। उन्होंने मिशिगन विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में साइंस ग्रेजुएट की डिग्री प्राप्त करने के बाद शिकागो विश्वविद्यालय से एमबीए किया। एप्पल में शामिल होने से पहले पारेख ने थॉमसन रॉयटर्स और जनरल मोटर्स में काम करते थे। उन्होंने चार साल तक रॉयटर्स किया। इसके बाद वह जनरल मोटर्स के न्यूयॉर्क ऑफिस में बिजनस डेवलपमेंट के डायरेक्टर रहे। साथ ही उन्होंने ज्यूरिख में यूरोप के रीजनल ट्रेजरर के रूप में भी काम किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक केवन पारेख को पिछले कई महीनों से सीएफओ की भूमिका के लिए तैयार किया जा रहा था।

### कोठारी इंडस्ट्रियल ने बनाई विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से विस्तार की योजना




**चेन्नई।** कोठारी इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी के साथ अपना करोबार बढ़ाने योजना बनाई है। नए प्रवर्तक के साथ तैयार विविधीकृत समूह के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी आने वाले वर्षों में फुटवियर, उर्वरक, खाद्य, ड्रोन प्रौद्योगिकी, सिंथेटिक वस्त्र, सौर ऊर्जा पर ज्यादा ध्यान देगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इन पहलों से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2000 में शेयर बाजार से हटने के बाद कंपनी हाल ही में फिर से सूचीबद्ध हुई है। कोठारी का पुराना गौरव निश्चित रूप से वापस आएगा। कंपनी कतर में उर्वरक कारखाना लगाने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि कतर में उर्वरक कारखाना लगाने की कुल परियोजना लागत करीब 7,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। उर्वरक उद्योग के अलावा उनकी कंपनी तमिलनाडु में गैर-चमड़े के जूते बनाने के लिए दो कारखाने लगाएंगे, जिसके लिए बातचीत चल रही है।

### सरकार और उसकी नीतियों से उद्योग को मिलता है उच्च वृद्धि का विश्वास : भार्गव



**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आरसी भार्गव ने मंगलवार को कहा कि सरकार और नीतियों की निरंतरता से उद्योग को लगातार उच्च वृद्धि का विश्वास मिलता है। भार्गव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए आयोजित कंपनी की वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों से कहा कि भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं इसे एक सतत और अधिक समतापूर्ण समाज की ओर ले जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि उद्योग और सरकार 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक-दूसरे के साथ काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में मैंने लोगों को यह तर्क देते हुए सुना है कि तेज आर्थिक वृद्धि और लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था के बीच वास्तव में मेल नहीं हैं। हमारे देश ने इस सोच को साबित कर दिया है। भार्गव ने कहा कि हम अब दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं, और हमारे प्रधानमंत्री सबसे सम्मानित वैश्विक नेताओं में से एक हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर दुनिया ने देखा है कि हम लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति कितने प्रतिबद्ध हैं। भार्गव ने हालांकि स्वीकार किया कि समान और तीव्र आर्थिक वृद्धि तथा विकास के लिए नीतियों और रणनीतियों को स्थिर होने में कुछ समय लगा है।

### फ्लैट कारोबार के बावजूद घरेलू शेयर बाजार में दिखी मामूली बढ़त

# निवेशकों ने कमाए 82 हजार करोड़ सपाट स्तर पर बंद हुआ बाजार



**नई दिल्ली,27 अगस्त (एजेंसियां)।** सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। कारोबार की शुरुआत तेजी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार लुढ़क कर लाल निशान पर पहुंच गया लेकिन खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर शेयर बाजार की चाल तेज हुई। निफ्टी मंगलवार को अपने ऑल टाइम हाई लेवल के काफी करीब पहुंचने के बाद गिरावट का शिकार हो गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत और निफ्टी 0.03 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ बंद हुए।

मंगलवार को दिन भर के कारोबार के दौरान टेलीकॉम, आईटी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। इसी तरह केमिकल, फार्मास्यूटिकल और रियल्टी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर एनर्जी, एफएमसीजी, मेटल और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी मंगलवार को खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.58 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ मंगलवार को कारोबार का अंत किया।

मंगलवार को छोटे और मझोले शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 463.11 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 462.29 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 82 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

मंगलवार को दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,051 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,151 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,808 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 92 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2,367 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,292 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,075 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 10 शेयर बढ़त के साथ और 20 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 21 शेयर हरे निशान में और 29 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स मंगलवार को 117.12 अंक की तेजी के साथ 81,815.23 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत में ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक 96.60 अंक की कमजोरी के साथ 81,600.51 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, इसके बाद खरीदारी शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक ने थोड़ी ही देर में वापस हरे निशान में अपनी जगह बना ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 13.65 अंक की मामूली बढ़त के साथ 81,711.76 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी में मंगलवार को 14.20 अंक की मामूली मजबूती के साथ 25,024.80 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से ये सूचकांक भी 36.95 अंक की गिरावट के साथ दिन के सबसे निचले स्तर 24,973.65 अंक तक लुढ़क गया। हालांकि, इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इस सूचकांक की चाल में भी तेजी आ गई। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से निफ्टी 62.50 अंक की तेजी के साथ उछल कर ऑल टाइम हाई लेवल के काफी करीब 25,073.10 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक में दोबारा गिरावट आ गई। पूरे दिन की खरीद बिक्री के बाद निफ्टी ने 7.15 अंक की सांकेतिक तेजी के साथ 25,017.75 अंक के स्तर पर मंगलवार को कारोबार का अंत किया।

मंगलवार को पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 2.38 प्रतिशत, श्रीराम फाइनेंस 2.13 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 2.07 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 1.95 प्रतिशत और एचडीएफसी लाइफ 1.92 प्रतिशत की मजबूती के साथ टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, टाइटन कंपनी 2.17 प्रतिशत, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.02 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.92 प्रतिशत, टाटा मोटर्स 1.39 प्रतिशत और ग्रासिम इंडस्ट्रीज 1.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ टॉप 5 लूजर्स के सूची में शामिल हुए।

# दूरसंचार कंपनियों की तरह नियमों का पालन करें सभी संचार सेवा प्रदाता : सीओएआई




**मुंबई,27 अगस्त (एजेंसियां)।** उद्योग निकाय सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने कहा कि देश की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस संबंध में ओटीटी-आधारित संचार सेवाओं सहित सभी संचार सेवा प्रदाताओं को देश के अपेक्षित निर्देशों का पालन करना चाहिए, जैसा कि दूरसंचार सेवा प्रदाता करते हैं। उम्मीद है कि व्हाट्सएप, गूगल मीट और टेलीग्राम जैसे इंटरनेट कॉलिंग और मैसेजिंग ऐप नियमों का बाकी सभी सेवा प्रदाताओं की ही तरह पालन करेंगे।

सीओएआई ने कहा कि ओवर-द-टॉप (ओटीटी) संचार ऐप को दूरसंचार अधिनियम, 2023 से बाहर करने की मांग करना भ्रामक है क्योंकि विभिन्न गैर-क्षेत्रीय नियमों के दूरसंचार कंपनियों पर भी लागू होने से वे अन्य नियमों के दायरे में आते हैं। सीओएआई के सदस्यों में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया शामिल हैं। सीओएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दूरसंचार कंपनियों ने वैध इंटरसेप्शन (कॉल को सुनने की कानूनी मंजूरी) और निगरानी के लिए बुनियादी ढांचे की स्थापना में भारी निवेश किया है। इसके बावजूद अनियमित अनुप्रयोग-आधारित संचार सेवाएं इस तंत्र को पूरी तरह से दरकिनार कर देती हैं, जो देश की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। मामला दूरसंचार अधिनियम, 2023 के तहत स्पष्ट रूप से कवर की गई संचार सेवाओं की नियामकीय निगरानी से संबंधित है। यह उजागर करना महत्वपूर्ण है कि टीएसपी, जो दूरसंचार अधिनियम द्वारा शासित हैं, संसद द्वारा निर्धारित उपरोक्त सभी कानूनों द्वारा विनियमित हैं। दूरसंचार कंपनियां मांग कर रही हैं कि सरकार को कॉलिंग और मैसेजिंग ऐप पर समान नियम लागू करके समान हालात पैदा करने चाहिए क्योंकि यह उन पर लागू है।

### सरकार मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम पर लगा सकती है प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दरअसल, भारत सरकार क्रिमिनल एक्टिविटीज को लेकर टेलीग्राम की जांच कर रही है। इनमें जबरन वसूली और जुआ जैसे मामले शामिल हैं। एक सरकारी अधिकारी के मुताबिक जांच के नतीजों में अगर इन मामलों की पुष्टि होती है तो सरकार इस मैसेजिंग ऐप पर रोक लगा सकती है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### खड़गे परिवार को ...

स्थापित करना चाहते हैं। केआईएडीबी मानदंडों के अनुसार, सीए प्लॉट का उपयोग रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर, उत्कृष्टता केंद्र, तकनीकी सहायता, कौशल विकास केंद्र, सरकारी कार्यालय, अस्पताल, होटल, पेट्रोल स्टेशन, कैंटीन आवासीय सुविधाएं स्थापित करने के लिए किया जा सकता है।

खड़गे परिवार के ट्रस्ट को जमीन आवंटन की प्रदेश के उद्योग मंत्री आधिकारिक पुष्टि कर रहे हैं, उसी आवंटन को मल्लिकार्जुन खड़गे के पुत्र प्रियांक खड़गे नकार रहे हैं। प्रियांक खड़गे ने कहा, अल्पज्ञान खतरनाक होता है। सबसे पहले बताना चाहेंगे कि आवंटित स्थल औद्योगिक या वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए बनाया गया कोई औद्योगिक भूखंड नहीं है। यह शैक्षिक उद्देश्यों के लिए है। ट्रस्ट का इरादा सीए साइट पर मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने का है। क्या यह गलत है? केआईएडीबी ने सीए साइट के लिए ट्रस्ट पर मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने के लिए जमीन आवंटित की है। प्रियांक खड़गे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे हैं, इसलिए वे कांग्रेस के छोटे नेताओं के बारे में कुछ भी कह सकते हैं। अब उन्होंने अपनी ही सरकार के उद्योग मंत्री एकबी पाटिल के बारे में कह दिया कि वे अल्पज्ञान वाले हैं। प्रियांक खड़गे और सम्पूर्ण खड़गे परिवार भ्रष्टाचार-ज्ञान से कितने पूर्ण हैं, यह जमीन घोटाले ने साबित कर दिया है।

### जमीन घोटाले ...

में मल्लिकार्जुन खड़गे, उनकी पत्नी राधाबाई खड़गे, दामाद और गुलबर्गा से सांसद राधाकृष्ण और बेटे एवं कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खड़गे और राहुल खड़गे शामिल हैं।शहजाद पूनावाला ने कर्नाटक सरकार से सात सवाल पूछे हैं। 1) क्या यह सत्ता के दुरुपयोग और भाई-भतीजावाद और हितों के टकराव का मामला नहीं है? 2) मार्च 2024 में उद्योग मंत्री ने इस आवंटन पर सहमति कैसे दी? 3) खड़गे परिवार एयरोस्पेस उद्यमी कब बन गया और भूमि के लिए कब पात्र हुआ? 4) क्या यह एससी उद्यमियों और युवाओं के साथ अन्याय नहीं है, क्या उन्हें इसका लाभ नहीं मिलना चाहिए था? 5) मुडा घोटाले के बाद एक और खटाखट लूट, क्या यह सत्ता का दुरुपयोग नहीं है? 6) क्या राहुल गांधी, जो खुद राष्ट्रीय राजमार्ग घोटाले के आरोपी हैं, वह इस पर कुछ बोलेंगे या पहले की तरह चुप रहेंगे? 7) क्या यह पूरा खुलासा कांग्रेस के एक गुट ने किया है? भाजपा नेता अमित मालवीय ने भी पूछा कि क्या खड़गे घोटाले की भूमि छोड़ देंगे? क्या सरकार इस आवंटन की जांच कराएगी?भाजपा नेता गौरव भाटिया ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। क्योंकि वह एक राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष हैं और उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। उनके परिवार पर घोटाले का आरोप लगा है। वहीं प्रियांक खड़गे को मंत्री पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने भी अपने पद का दुरुपयोग किया है। सीएम सिद्धारमैया को भी इस्तीफा दे देना चाहिए। वह मुडा घोटाला हो, वाल्मिकी विकास निगम घोटाला हो और अब यह तीसरा घोटाला मुख्यमंत्री को कुर्सी छोड़ देनी चाहिए।

### सीएम की पत्नी ...

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ केस चलाने की अनुमति भी दे रखी है।उल्लेखनीय है कि मुडा ने पार्वती की 3 एकड़ और 16 गुंटा भूमि अधिग्रहित की थी। मैसूर के बाहरी इलाके केसारे में यह जमीन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती के भाई मल्लिकार्जुन स्वामी ने साल 1996 में खरीदी थी। इसके बाद भाई मल्लिकार्जुन स्वामी ने वर्ष 2010 में इसे अपनी बहन पार्वती को उपहार में दे दिया। इसी उपहार में प्राप्त जमीन पर कर्नाटक सरकार ने देवनूर आवासीय परियोजना के तृतीय चरण का निर्माण कर दिया। यह सब पूर्व नियोजित था। परियोजना विकसित होने के बाद सिद्धारमैया की पत्नी ने अधिग्रहीत जमीन का मुआवजा मांगा। कर्नाटक सरकार ने मुआवजे के बतौर मुख्यमंत्री की पत्नी को मैसूर के महंगे इलाके विजयनगर के फेज-3 और फेज-4 में बेशकीमती 14 साइटें आवंटित कर दी गईं।

### प्रधानमंत्री मोदी ....

और सार्थक पहल कर रहा है।पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई और भारत-रूस की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के उपायों पर भी राष्ट्रपति पुतिन से चर्चा की। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से हुई वार्ता के बारे में सोशल मीडिया के जरिए देश को बताया। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन से भारत-रूस की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। रूस-यूक्रेन संघर्ष और यूक्रेन की हालिया यात्रा को लेकर बात की। उन्होंने संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई।विदेश मंत्रालय ने इतना ही कहा कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन से वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22वें भारत-रूस द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पिछले महीने रूस की अपनी सफल यात्रा को याद किया। दोनों नेताओं ने कई द्विपक्षीय मुद्दों पर प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने आपसी हित के कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेता संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए।उल्लेखनीय है कि सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन से भी फोन पर बात की थी। पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर इस बातचीत के बारे में बताया था। पीएम मोदी ने कहा था कि उनके और बाइडेन के बीच कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज से भी बात की। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, पीएम मोदी और प्रधानमंत्री अल्बनीज ने द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति और बहुराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग के लेकर बात की।पीएम मोदी 23 अगस्त को यूक्रेन में थे। वहां उन्होंने राष्ट्रपति जेलेंस्की से द्विपक्षीय बातचीत की और रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए कूटनीतिक और बातचीत के उपायों की खुलकर वकालत की थी। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भी कहा था कि अगर भारत यूक्रेन शांति वार्ता की मेजबानी करता है तो वो भारत आने को लिए तैयार हैं।

### अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन...

के लिए शांति और मानवीय सहायता के उनके संदेश के लिए उनकी सराहना की। हमने इंडो-पैसिफिक में शांति और समृद्धि में योगदान देने के लिए एक साथ काम करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। रूस, पोलैंड और यूक्रेन की पीएम मोदी की यात्रा और बांग्लादेश में हाल के घटनाक्रमों के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली बातचीत है।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज फोन पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से बात हुई। हमने यूक्रेन के हालात समेत विभिन्न क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। मैंने शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए भारत की ओर से पूर्ण समर्थन की बात दोहराई। हमने बांग्लादेश के हालात पर भी चर्चा की। हमने वहां सामान्य स्थिति की बहाली और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। पीएम मोदी ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस से भी फोन पर बातचीत की। बाइडेन और अल्बानीस के साथ पीएम मोदी की बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब अटकलें लगाई जा रही हैं कि इस साल का क्वाड शिखर सम्मेलन अगले महीने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के शिखर सम्मेलन के दौरान हो सकता है।

### बांग्लादेश में हिंदुओं....

इस बात की आधिकारिक तौर पर पुष्टि की थी।भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा जारी की बातचीत की प्रेस रिलीज में बताया गया कि पीएम मोदी ने राष्ट्रपति बायडेन को अपनी हालिया पोलैंड और यूक्रेन यात्रा के विषय में जानकारी दी। इसमें बताया गया कि पीएम मोदी ने ने यूक्रेन-रूस संघर्ष का बातचीत से हल हो, इसके लिए अपना पूरा समर्थन दिया है। उन्होंने जल्द शांति बहाली की आशा जताई है। प्रेस रिलीज में बताया गया कि दोनों नेताओं ने बांग्लादेश में बिगड़े हालातों पर चिंता जताई है। दोनों नेताओं ने यहां कानून का राज दुबारा कायम करने और अल्पसंख्यकों विशेष कर हिंदुओं के लिए सुरक्षित माहौल बनाने पर जोर दिया है। जब अमेरिकी पक्ष ने अपनी प्रेस रिलीज जारी की तो इसमें अपने रणनीतिक हित वाले मुद्दे ही रखे। पीएम मोदी की यूक्रेन यात्रा और यूक्रेन-रूस संघर्ष के शांतिपूर्ण हल का जिक्र तो किया, लेकिन बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का मसला गायब कर दिया।

### अब 28 को ...

रोड इलाके में भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिली। एक महिला प्रदर्शनकारी ने कहा कि हमें पुलिस ने क्यों पीटा? हमने कोई कानून नहीं तोड़ा। हम मृतक डॉक्टर के लिए न्याय की मांग करने के लिए शांतिपूर्ण रैली कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदारी लेनी चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए।प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री बनर्जी को महिलाओं को सुरक्षा नहीं दे पाने के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उनका दावा है कि सरकार की लापरवाही की वजह से ही आरजी कर अस्पताल की घटना घटी। इसके विरोध में देशभर में प्रदर्शन हुए। छात्र संगठन छात्र-समाज और राज्य सरकार के कर्मचारियों के संग्रामी जौथा मंच ने उत्तर कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर और हावड़ा के संतरागाछी से मार्च शुरू किया। बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती के बीच निकाले जा रहे मार्च में शामिल एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि कुछ भी हो जाए, हम नबन्ना तक पहुंचेंगे। हमें मुख्यमंत्री का इस्तीफा चाहिए। हमें राज्य सचिवालय पहुंचना है। उनकी सरकार इस जघन्य अपराध के लिए जिम्मेदार लोगों को बचाने की कोशिश कर रही है। प्रशासन घटना को दबाने की कोशिश कर रहा है।छात्र-समाज के प्रवक्ता सयान लाहिड़ी ने कहा कि इस रैली का राजनीति से कोई भी लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें उकसाए जाने के बावजूद हम इसे आरजी कर अस्पताल में हमारी बहन के साथ हुए जघन्य अपराध के खिलाफ अपने अभियान को शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक रखना चाहते हैं। हम उसके और उसके परिवार के लिए न्याय की मांग रहे हैं। बंगाल और देश की जनता की न्याय की मांग को ममता बनर्जी सरकार को सुनना चाहिए।बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पुलिस ने कोलकाता और हावड़ा में नबन्ना अभियान रैली में शांतिपूर्ण तरीके से भाग लेने वालों पर बर्बर कार्रवाई का सहारा लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर राज्य सरकार द्वारा बर्बरता नहीं रोकी गई तो पश्चिम बंगाल को ठप्प कर दिया जाएगा। आरजी कर अस्पताल बलात्कार एवं हत्याकांड के साथ-साथ छात्रों के साथ किए बर्बर अत्याचार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने 28 अगस्त को बंगाल बंद का आह्वान किया है।बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि कोलकाता में छात्रों के नबान्न आंदोलन में जिस तरह की बर्बरता ममता सरकार की तरफ से दिखाई जा रही है, वह लोकतंत्र की छवि को गहरा नुकसान पहुंचाती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बंगाल में महिला सुरक्षा पर बोलना अपराध जैसा है, जबकि ममता राज में दुष्कर्म और हत्या जैसी घटनाएं आम हो गई हैं।

### शराब घोटाले में ...

विजय नायर के बीच 19-20 मार्च 2021 को मुलाकात भी हुई थी।सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कोर्ट में कहा गया कि इस मामले में 493 गवाह और 50000 दस्तावेज हैं। इससे मामले का जल्द ट्रायल पूरा होने की उम्मीद नहीं है। सुनवाई के दौरान के कविता का पक्ष रखते हुए मुकुल रोहतगी की ओर से कहा गया है कि आमतौर पर ऐसे मामलों में महिलाओं को जमानत मिल जाती है। उनसे कोई रिकवरी भी नहीं हुई है। वह वर्तमान में विधायक हैं। वह न्यायिक प्रक्रिया से नहीं भागेंगी। इस पर कोर्ट ने कहा कि विधायक होने के नाते आप कमजोर नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने के कविता को कुछ शर्तों के साथ जमानत दी है। उन्हें सबूतों के साथ छेड़छाड़ न करने को कहा गया है। उन्हें अपना पासपोर्ट भी निचली अदालत के पास जमा करना होगा। ईडी और सीबीआई दोनों की मामलों में उन्हें अलग-अलग 10-10 लाख रुपए के बॉन्ड भरने होंगे। इसके अलावा वह गवाहों को भी अपनी जमानत के दौरान प्रभावित नहीं करेंगी।

### वहशीपन और...

गले में टंगा ब्लूटूथ वहीं गिर जाता है। संजय रॉय वारदात करने के बाद कोलकाता पुलिस की चौथी बटालियन में अनुपम दत्ता के घर जाता है और वहीं सो जाता है। इसके बाद क्या क्या होता है और बाकी आरोपियों की इस केस में संलिप्तता क्या है इस पर जांच जारी है। 9 अगस्त को महिला ट्रेनी डॉक्टर का शव सेमिनार हॉल से बरामद हुआ था और संजय रॉय को गिरफ्तार किया गया था।इस बीच कोलकाता केस में अब विपक्षी दलों ने सबूतों को नष्ट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का शव मिलने के तुरंत बाद घटनास्थल पर कई लोगों की भीड़ का एक कथित वीडियो सामने आया है। वीडियो में तत्कालीन आरजी कर प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष, उनके वकील शांतनु डे, पुलिस और अस्पताल सुरक्षा कर्मचारी सेमिनार हॉल में दिखाई दे रहे हैं, जहां अपराध हुआ था।कोलकाता रेप और मर्डर मामले में एक और बड़ा खुलासा हुआ है। सीबीआई कोलकाता के लेडी डॉक्टर के रेप और मर्डर की जांच कर रही है। इस बीच मुख्य आरोपी संजय रॉय की बाइक को लेकर सीबीआई ने बड़ा खुलासा किया है। सीबीआई के अनुसार संजय रॉय द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली बाइक पुलिस कमिश्नर, कोलकाता के नाम पर रजिस्टर्ड थी। दो दिन पहले ही सीबीआई ने संजय रॉय की बाइक जब्त की थी।सीबीआई के अनुसार संजय रॉय की बाइक 2024 मई में रजिस्टर कराई गई थी। इसी बाइक से संजय रॉय ने 9 अगस्त को नशे की हालत में 15 किलोमीटर का सफर तय किया था। अब सीबीआई इस पहलू पर काम कर रही है कि कहीं पुलिस और संजय रॉय के तार आपस में तो जुड़े नहीं हुए हैं। जिस रात को वारदात को अंजाम दिया गया, उस दौरान संजय रॉय ने इसी बाइक का इस्तेमाल किया था। अब सीबीआई यह भी पता करने की कोशिश कर रही है कि आखिर में संजय रॉय के पास यह बाइक कहां से आई।

### भाजपा ने घोषित...

इससे पहले भाजपा ने सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों के प्रथम चरण के लिए 15 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए थे।

द्वितीय चरण के चुनावों के उम्मीदवारों के नाम इस प्रकार हैं, हब्बाकदल से अशोक भट्ट, गुलाबगढ़ (अजजा) से मोहम्मद अकरम चौधरी, सियासी से कुलदीप राज दुबे, माता वैष्णोदेवी से बलदेव राज शर्मा, कालाकोट-सुंदरबनी से ठाकुर रणधीर सिंह, बुधल (अजजा) से चौधरी जुल्फीकार अली, थन्नामंडी (अजजा) से मोहम्मद इकबाल मलिक, सुनरकोट (अजजा) से सैयद मुश्ताक अहमद बुखारी, पुंछ हवेली से चौधरी अब्दुल गनी, मेंढर (अजजा) से मुर्तजा खान। तृतीय चरण के लिए घोषित प्रत्याशियों में ऊधमपुर पश्चिम से पवन गुप्ता, चिनानी से बलवंत सिंह मनकोटिया, रामनगर (अजा) से सुनील भारद्वाज, बनी से जीवन लाल, बिलावर से सतीश शर्मा, बसोहली से दर्शन सिंह, जसरोटा से राजीव जसरोटिया, हीरनागर से अधिवक्ता विजय कुमार शर्मा, रामगढ़ (अजा) से डॉ. देविंदर कुमार मणियाल, सांबा से सुरजीत सिंह सलाथिया, विजयपुर से चंद्र प्रकाश गंगा, सुचेतगढ़ (अजा) से घारु राम भगत, आर.एस.पुरा-जम्मू दक्षिण से डॉ. नरिंदर सिंह रैना, जम्मू पूर्व से युद्धवीर सेठी, नगरोटा से डॉ. देविंदर सिंह राणा, जम्मू पश्चिम से अरविंद गुप्ता, जम्मू उत्तर से शाम लाल शर्मा, अखनूर (अजा) से मोहन लाल भगत और छम्ब सीट से राजीव शर्मा के नाम का ऐलान किया गया है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, बुधवार, 28 अगस्त, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# हरे कृष्ण स्वर्ण मंदिर में हर्षोल्लास से हुई व्यास पूजा और नंदोत्सव





**हैदराबाद, 27 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

इस दुनिया में भगवान श्री कृष्ण की दिव्य उपस्थिति के निरंतर उत्सव और व्यास पूजा, श्रीलप्रभुपाद की 128 वीं जयंती को चिह्नित करते हुए हरे कृष्ण स्वर्ण मंदिर बंजारा हिल्स मां नंदोत्सव भव्य रूप से आयोजित किया गया था।नंदोत्सव उत्सव के एक भाग के रूप में, सुबह में श्री कृष्ण के लिए गोधा कृष्ण अभिषेकम और संकीर्तन सेवा का भव्य आयोजन किया गया, उसके बाद राजभोग आरती की गई। वर्ल्डवाइड हरे कृष्णा मूवमेंट (इस्कॉन) के संस्थापक आचार्य श्रीलप्रभुपाद के दिव्य स्वरूप पर भव्य 128वां व्यास पूजा समारोह भी मंगलवार को आयोजित किया गया। 1966 में इस्कॉन की स्थापना करने वाले आचार्य श्रीलप्रभुपाद के दिव्य स्वरूप के अवसर पर उत्सव के हिस्से के रूप में, भक्तों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और अपने आध्यात्मिक गुरु के प्रति आभार व्यक्त किया और आध्यात्मिक गुरु का आशीर्वाद पाने के लिए गुरु पूजा की।इस अवसर पर भव्य अभिषेकम और भक्तों द्वारा तैयार किए गए 1008 से अधिक विशेष भोजन प्रसाद श्रीलप्रभुपाद और भगवान श्रीकृष्ण को चढ़ाए गए। व्यास पूजा 2024 पुस्तक श्रीलप्रभुपाद को अर्पित की गई जिसमें सभी भक्तों ने अपने प्रिय गुरु श्रीलप्रभुपाद को आदरपूर्वक लिखित भेंटें लिखीं। हरे कृष्ण आंदोलन हैदराबाद के अध्यक्ष सत्य गौरा चंद्र दासप्रभुजी ने भी अपनी व्यास पूजा भेंट पढ़ी और अपना बहुत सम्मान व्यक्त किया और अपने गुरु श्रीलप्रभुपाद के प्रति प्रेम व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी भक्तों को प्रसाद के रूप में कई प्रकार के खाद्य पदार्थ वितरित किए गए।

श्रीलप्रभुपाद आधुनिक युग में भारत की आध्यात्मिक संस्कृति, दर्शन और विरासत के महानतम राजदूत हैं। उन्होंने पश्चिम में भारत के शांति और सद्भावना के संदेश को पेश करने के लिए उनहत्तर वर्ष की उम्र में कलकत्ता से न्यूयॉर्क शहर तक स्टीमशिप पर एक कठिन यात्रा की। बारह छोटे वर्षों में, श्रीलप्रभुपाद ने सौ से अधिक कृष्ण मंदिरों, एक प्रकाशन गृह, शैक्षणिक संस्थानों और कृषि समुदायों का एक अंतरराष्ट्रीय संघ स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने 14 बार विश्व भ्रमण किया और संपूर्ण मानव समाज को उपदेश दिया। उन्होंने भगवद गीता, श्रीमद्भागवतम् और चैतन्य चरितामृत के प्राचीन पवित्र ग्रंथों पर आधारित भक्ति साहित्य के 70 से अधिक खंडों की रचना की। इन उल्लेखनीय उपलब्धियों के कारण, श्रीलप्रभुपाद को नेताओं और जनता द्वारा एक प्रतिष्ठित दार्शनिक, विद्वान, आध्यात्मिक नेता, संत और सुधारक के रूप में सम्मान दिया जाता है।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न



**हैदराबाद, 27 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्र आध्या नारी संगठन पैराडाइज महिला शाखा द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव कार्यक्रम सिकंदराबाद स्थित अग्रवाल समाज बैंक्विट हॉल में आयोजित किया गया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में शाखा की अध्यक्ष सरोज अग्रवाल ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अंतर्गत सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी अपने घर से लड्डू गोपाल को सजाकर लाए। इस महोत्सव के अंतर्गत भजन संध्या का भी आयोजन किया गया जिसमें विक्रम चंदन द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम में अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल, संयुक्त मंत्री कंचन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष अंजनी कुमार अग्रवाल, शशिकला अग्रवाल डीआरएस ग्रुप बतौर अतिथि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में अग्रवाल समाज की अन्य महिला शाखों के पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया और इसकी सराहना की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा की अध्यक्ष सरोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष वर्षा अग्रवाल, मानद मंत्री दीपा अग्रवाल, संयुक्त मंत्री सविता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कुसुम अग्रवाल, केंद्रीय समिति सदस्य शशि सिंगल, ललिता गर्ग, मिल्कलेश गुप्ता के साथ अन्य सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

## बिहार सहयोग समिति ने जन्माष्टमी पर पेश की मनमोहक झाकियां



**हैदराबाद, 27 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बिहार सहयोग समिति तेलंगाना तथा बिहार महिला एसोसिएशन द्वारा दुर्गा माता मंदिर इंदिरा नेहरू नगर, मलकाजगिरी के प्रांगण में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर बच्चों द्वारा भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप तथा गोपियों के स्वरूप की विभिन्न प्रकार की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई तथा बिहार महिला संगठन की महिला सदस्यों द्वारा डांडिया नृत्य की प्रस्तुति की गई।

बच्चों के प्रस्तुति के बाद बिहार सहयोग समिति तेलंगाना के पुरुष सदस्यों द्वारा भगवान कृष्ण का भजन गायन का कार्यक्रम हुआ। तदोपरांत मध्य रात्रि के 12:00 बजे भगवान श्री कृष्ण के प्राकट्य समय के बाद उनकी पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण के साथ इस उत्सव का समापन हुआ।

आए हुए सभी भक्तों एवं पदाधिकारियों तथा सदस्यगणों का स्वागत समिति के अध्यक्ष बिनय कुमार यादव ने अपनी पूरी टीम के साथ किया और महिला एसोसिएशन की अध्यक्ष अनिता भगत ने भी अपनी पूरी टीम के साथ सभी महिलाओं का स्वागत किया और आभार प्रकट किया।

## वीवाईओ के तत्वावधान में जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से आयोजित



**हैदराबाद, 27 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

वल्लभ यूथ ओर्गनाईजेशन हैदराबाद सिकंदराबाद के तत्व-ावधान मे युवा वैष्णवाचार्य पू.पा.गो.108 श्री व्रजराजकुमारजी की प्रेरणा से जन्माष्टमी महोत्सव धूम धाम से मनाया गया।

प्रेस को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कथा संयोजक आशीष पटेल एवं डेनिश पटेल ने वताया गया कि युवा वैष्णवाचार्य प.पू. गो. 108 श्री व्रजराजकुमारजी की प्रेरणा से सोमवार को प्रातः 10 बजे से लोअर टेंकबंड स्थित भाग्यनगर गौशाला मे जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया कार्यक्रम मे लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमेन जसमतभाई पटेल, भाग्यनगर गौसेवा सदन के अध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल, समाजसेवी राजुभाई घेटीया, गुजराती ब्रहम समाज अध्यक्ष तरूण महेता, मंत्री अजय ओझा आदि ने विशेष रूप से भाग लिया। वहीं अवसर पर विनोद फडदु, डेनिश पटेल, आशीष पटेल, गिरीश पटेल, अशोक पटेल, भावीन घेटीया, आशीष पटेल, गिरीश पटेल, अशोक पटेल, भाविन घेटीया, कालुभाई दोशी, श्रवण पटेल, जय पटेल, अल्पेश मनवर, अल्पेश मकडीया, दिपक पटेल, विजय पटेल, विजय रवारा, राजेश घेटीया, संकेतभाई फडदु, अंकीतावेन पटेल, दीपावेन भेसडीया, जिज्ञाशावेन मनवर, अल्पावेन परमार एवं बडी संख्या मे वीआईओ. के ग्रुप सदस्य उप-स्थित थे। अवसर पर वीवाईओ विद्यार्थी ग्रुप के क्रीश, मन, वतसल, वेद, कुश, त्रिशा, ध्याना, मिश्टी, स्वरा, हीर, रिदीत, नक्ष, ध्यान, रिशी, केलवीन, पाश्व, जयनील, पिया, जियांश, अंश, रिशी, नेहा, वृंद, आरवी, रिचा, क्रीया, पिनांक, मिश्वा, निरवा, सौम्या आदि ने भाग लिया। डेनिश पटेल ने कार्यक्रम अंतर्गत मंगल आशीर्वचन तथा भक्ती संगीत, पश्चात महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। बच्चों के द्वारा नाटक का मंचन किया गया। संगीत मंडली ने भक्ती रस गीत गाकर माहौल की रंगीन बना दिया।

## श्री सिखवाल ब्राह्मण समाज भाग्यनगर के श्रावण महोत्सव का समापन



**हैदराबाद, 27 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री सिखवाल ब्राहमण समाज भाग्यनगर द्वारा श्रावण मास के पांच सोमवार को नियमित श्रीराम दरबार पचांयती बाडा स्थित विजय शंकर शिवालय पर सायं 08:11 बजे प. वासुदेव तिवाडी के आचार्यत्व मे विधिवत रुद्राभिषेक-भजन-पूजन व पांचों सोमवार को अलग अलग अलंकृत श्रृंगार महा आरती व फलाहारी प्रसाद का आयोजन रखा गया। इसी क्रम में 25 अगस्त रविवार प्रातः 10-31 बजे से विधिवत् रुद्राभिषेक-यज्ञ व पूर्णाहुति दोपहर मधुर संगीतमय सुंदरकांड एवं शाम: 5-31 बजे आरती, 06:11 से भव्य प्रसादी का आयोजन रखा गया।

जिसमे सैकडो भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिती ने पांचों सोमवार व समापन पर पधारें सभी भाइयों का आभार प्रकट किया। भविष्य मे ऐसे आयोजनों में सहयोग की अपील की।

## दमरे महाप्रबंधक ने 11 कर्मचारियों को सुरक्षा पुरस्कारों से नवाजा

### महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने जोन पर ट्रेन संचालन सुरक्षा की समीक्षा भी की



**हैदराबाद, 27 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने मंगलवार को रेल निलयम, सिकंदराबाद में आयोजित सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान कर्तव्य के प्रति सतर्कता और समर्पण दिखाने के लिए 11 कर्मचारियों को माह के कर्मचारी सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किए। सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों ने भी बैठक में भाग लिया। सभी छह मंडलों यानी सिकंदराबाद, हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुंतकल, गुंटूर और नांदेड़ के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

दमरे महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने सतर्कता दिखाने और समय पर कार्रवाई करने के लिए 11 कर्मचारियों (सिकंदराबाद डिवीजन के 02, हैदराबाद डिवीजन के 01, विजयवाड़ा डिवीजन के 03, गुंतकल डिवीजन के 04 और गुंटूर डिवीजन के 01) कर्मचारी को असुरक्षित स्थितियों को रोकने के लिए महीने का कर्मचारी सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किया। कर्मचारी विभिन्न श्रेणियों जैसे लोको पायलट, स्टेशन मास्टर, तकनीशियन, पॉइंट मैन और ट्रैक मेंटेनर से संबंधित थे। महाप्रबंधक ने कर्तव्यों के पालन में उनकी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के लिए पुरस्कार विजेताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये पुरस्कार अन्य कर्मचारियों को अधिक सतर्क रहने और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति ईमानदारी से काम करने के लिए प्रेरित करेंगे।

दमरे महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने जोन पर ट्रेन परिचालन की सुरक्षा पर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने पूरे क्षेत्र में चलाए जा रहे विभिन्न सुरक्षा अभियानों की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को कमियों, यदि कोई हो, को जल्द से जल्द दूर करने की सलाह दी। उन्होंने दोहराया कि, पर्यवेक्षकों को नियमित रूप से लोको पायलटों और सहायक लोको पायलटों के साथ परामर्श सत्र आयोजित करना चाहिए और उन्हें किसी भी शॉर्टकट तरीकों के उपयोग से सख्ती से बचते हुए हर समय सुरक्षा प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित करने की सलाह देनी चाहिए।बाद में, आरएलडीए (रेल भूमि विकास प्राधिकरण) के अधिकारियों ने एससीआर पर क्रियान्वित की जा रही विभिन्न रेल विकास परियोजनाओं की स्थिति पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। विजयवाड़ा और गुंटूर मंडलों के मंडल रेल प्रबंधकों ने भी अपने-अपने मंडलों द्वारा किए गए नवाचारों और अच्छे कार्यों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी। महाप्रबंधक ने प्रभागों की सराहना की और इसी तरह के प्रयास जारी रखने की सलाह दी।

## प्रजावाणी कार्यक्रम में 587 आवेदन प्राप्त हुए



**हैदराबाद, 27 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

महात्मा ज्योतिबा फुले प्रजा भवन में मंगलवार को आयोजित प्रजावाणी कार्यक्रम में कुल 587 आवेदन प्राप्त हुए।

अधिकारियों ने बताया कि अल्पसंख्यक कल्याण से संबंधित 118, राजस्व मामलों से संबंधित 94, बिजली विभाग से संबंधित 88, नागरिक आपूर्ति विभाग से संबंधित 48, पंचायती राज और ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित 47 और अन्य विभागों से संबंधित 192 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस कार्यक्रम में राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. चिन्ना रेड्डी ने भाग लिया और आवेदन प्राप्त किये। उन्होंने प्रजा भवन में आये लोगों से उनकी समस्याएं भी सुनीं।




शुभ लाभ DAILY — खबरें जो सोच बदल दे

# नई एकीकृत पेंशन योजना से दमरे के लगभग 63,000 कर्मचारियों को लाभ होगा

## दमरे के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी पी. किशोर बाबू ने गिनाई यूपीएस की खूबियां

**हैदराबाद, 27 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत एकीकृत पेंशन योजना से दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) के लगभग 63,000 कर्मचारियों को लाभ होगा। यह जानकारी मंगलवार को दक्षिण मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी पी. किशोर बाबू ने रेल निलयम, सिकंदराबाद में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान दी। रेल निलयम, सिकंदराबाद में मीडिया कर्मियों को नई घोषित योजना की मुख्य विशेषताओं और लाभों के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एस. विवेकानन्द, प्रधान वित्तीय सलाहकार, दमरे के साथ-साथ अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी भी



मौजूद रहे।

प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए पी. किशोर बाबू ने कहा कि एकीकृत पेंशन योजना को सभी केंद्र सरकार के कर्मचारी चुन सकते हैं जो नई पेंशन योजना के ग्राहक हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में घोषित एकीकृत पेंशन योजना से लगभग 23 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारी लाभान्वित होंगे। उसी के हिस्से के रूप में, दक्षिण मध्य रेलवे में काम करने वाले लगभग 63,000 कर्मचारी लाभान्वित होंगे, जो ज़ोन के कुल कर्मचारियों का लगभग 75% है।प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ने यह भी कहा कि एकीकृत पेंशन योजना 01 अप्रैल, 2025 से लागू होगी और इसके 5 प्रमुख लाभ हैं, सुनिश्चित पेंशन, सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन, सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन, मुद्रास्फीति सूचकांक और ग्रेच्युटी के अलावा सेवानिवृत्ति पर एकमुश्त भुगतान। उन्होंने कहा कि एकीकृत पेंशन योजना नई पेंशन योजना की तुलना में अधिक फायदेमंद है क्योंकि यह एक सुनिश्चित पेंशन प्रदान करती है जिससे कर्मचारियों के लिए सम्मान और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि नई घोषित योजना के बारे में जागरूकता फैलाना महत्वपूर्ण है ताकि अधिक संख्या में सरकारी कर्मचारी इसका लाभ उठा सकें।

उन्होंने बताया कि यूपीएस के प्रावधान एनपीएस के पूर्व सेवानिवृत्त लोगों (जो पहले ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं) पर लागू होंगे। पिछली अवधि के बकाया का भुगतान ब्याज पीपीएफ दरों के साथ किया जाएगा। यूपीएस कर्मचारियों के लिए एक विकल्प के रूप में उपलब्ध होगा। मौजूदा और भविष्य के कर्मचारियों के पास एनपीएस या यूपीएस में शामिल होने का विकल्प होगा। एक बार प्रयोग करने के बाद चयन अंतिम होगा। कर्मचारी अंशदान नहीं बढ़ेगा। यूपीएस को लागू करने के लिए सरकार अतिरिक्त योगदान देगी। सरकारी योगदान 14 से बढ़कर 18.5% हो गया है। उन्होने बताया कि सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी के अतिरिक्त एकमुश्त भुगतान होगा। सेवा के प्रत्येक पूर्ण छह महीने के लिए सेवानिवृत्ति की तिथि पर मासिक परिलब्धियों (वेतन + डीए) का 1/10 वां हिस्सा। इस भुगतान से सुनिश्चित पेंशन की मात्रा कम नहीं होगी




आगामी 2 सितंबर को डोंग्रेजी गौशाला मे आयोजित विशेष पूजा, हवन, अभिषेक कार्यक्रम मे पधारने के लिए सांसद कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी को निमंत्रित करते हुए लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमेन जसमत पटेल, साथ में सतीश जाजु, मयूर अग्रवाल।



जन्माष्टमी पर सीरवी समाज ने जिडीमिटेला स्थित आईमाता जी बडेर में काफी हर्ष उल्लास के साथ श्री कृष्णजी का जन्मदिन मनाया। पूजा-अर्चना श्रंगार किया। भगत भजन मण्डली जगतगीरीगुटा भेराराम सैणचा, भुराराम सैणचा द्वारा भजन प्रस्तुत किया। बडेर अध्यक्ष मांगीलाल काग, उपाध्यक्ष अर्जुन लाल बर्फा, कोषाध्यक्ष भंवरलाल काग, महासभा सदस्य राजुराम बर्फा, कानाराम देवड़ा, भगवान राम, चुतराराम सोनपुरा, भींयाराम, समस्त कार्यकारणी पदाधिकारी एवं सदस्य एवं महिला मंडल व समाज बन्धु उपस्थित रहे।

# आदिवासी क्षेत्रों में 43 स्कूलों को बंद करना अक्षम्य अपराध : हरीश

## बीआरएस नेता ने रेवंत सरकार पर साधा निशाना



**हैदराबाद, 27 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

आदिवासी क्षेत्रों में स्कूलों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए बीआरएस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री टी हरीश राव ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से मुख्य रूप से आदिवासी समुदायों के निवास वाले क्षेत्रों में 43 सरकारी स्कूल बंद हो गए हैं। उन्होंने आदिवासी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने में विफलता के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की और इसे अक्षम्य अपराध कहा। उन्होंने कहा किसी राष्ट्र का भविष्य कक्षाओं में निर्मित होता है। लेकिन कांग्रेस शासन के दौरान छात्रों को कक्षाओं में पढ़ने की अनुमति नहीं है।

इन क्षेत्रों में शिक्षकों और छात्रों की दुर्दशा पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्कूलों को बंद करना अधिकारियों के लिए शर्म की बात है। उन्होंने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, जिनके पास शिक्षा विभाग भी है, से तत्काल कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने बंद पड़े 43 स्कूलों को फिर से खोलने और स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति होने तक शिक्षा स्वयंसेवकों की नियुक्ति का आग्रह किया। सरकारी स्कूलों में चल रहे मुद्दों को हल करने के लिए मुख्यमंत्री के स्तर पर शिक्षा विभाग की व्यापक समीक्षा का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि सरकार यह सुनिश्चित करे कि राज्य में कोई भी स्कूल शिक्षकों की कमी के कारण बंद न हो। उन्होंने आदिवासी समुदायों द्वारा सामना की जाने वाली शैक्षिक असमानताओं को दूर करने के लिए सरकारी हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई करने का आह्वान किया कि राज्य के प्रत्येक बच्चे को उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले।


## बंडी संजय ने कविता की जमानत पर किया तंज

# केटीआर ने सीजेआई से अवमानना कार्यवाही शुरू करने का आग्रह किया

**हैदराबाद, 27 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने मंगलवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) और सुप्रीम कोर्ट से केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार के खिलाफ दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में बीआरएस एमएलसी के कविता की जमानत पर उनकी टिप्पणियों के लिए अवमानना कार्यवाही शुरू करने का आग्रह किया। कविता की जमानत पर बंडी संजय कुमार की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केटी रामा राव ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट पर आरोप लगा रहे हैं।केटीआर ने कहा आप गृह मामलों के प्रभारी केंद्रीय मंत्री हैं और सर्वोच्च न्यायालय पर आक्षेप लगा रहे हैं। केटी रामाराव ने एक्स पर पोस्ट किया, यह आपकी स्थिति के लिए बेहद अशोभनीय है। उन्होंने कहा, मैं सम्मानपूर्वक भारत के मुख्य न्यायाधीश और सम्मानित सर्वोच्च न्यायालय से इन






टिप्पणियों पर संज्ञान लेने और अवमानना कार्यवाही शुरू करने का आग्रह करता हूं।बंडी संजय कुमार ने कविता की जमानत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी और उसके अधिवक्ताओं को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, कुख्यात शराब घोटाले में बीआरएस एमएलसी को जमानत दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी और उसके अधिवक्ताओं को बधाई। आपके अथक प्रयास अंततः सफल हुए। यह जमानत बीआरएस और कांग्रेस दोनों के लिए एक जीत है, बीआरएस नेता जमानत पर बाहर हैं और कांग्रेसी राज्यसभा में पहुंच गए हैं। जाहिर तौर पर तेलंगाना से राज्यसभा के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी का जिक्र था। भाजपा नेता ने कहा केसीआर द्वारा उस उम्मीदवार का समर्थन करने में उल्लेखनीय राजनीतिक कौशल, जिसने शुरू में जमानत के लिए तर्क दिया था, उसे सत्तारूढ़ कांग्रेस द्वारा राज्यसभा के लिए निर्विरोध नामांकित किया गया था। शराब और भोजन करने वाले अपराध में साझेदारों को बधाई। केटी रामा राव, जो कविता के भाई हैं, ने पहले उन्हें जमानत देने के बाद सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद। राहत देना। न्याय की जीत हुई। जमानत आदेश सुनाए जाने के समय केटी रामा राव और उनके चचेरे भाई और वरिष्ठ बीआरएस नेता टी हरीश राव सुप्रीम कोर्ट में मौजूद थे। राष्ट्रीय राजधानी में मौजूद कई बीआरएस नेताओं ने केटी रामा राव को बधाई दी। इस बीच, बीआरएस नेता डॉ. श्रवण दासोजू ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को सत्य और न्याय की जीत बताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय बीआरएस द्वारा कविता के खिलाफ राजनीति से प्रेरित आरोपों के महीनों बाद आया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सुनवाई के दौरान अदालत की टिप्पणियां कविता के साथ हुए अनुचित व्यवहार को उजागर करने में महत्वपूर्ण हैं। डॉ. दासोजू ने कहा, सर्वोच्च न्यायालय ने जांच पूरी होने और आरोप पत्र दायर होने के बाद भी कविता को हिरासत में रखने के पीछे के औचित्य पर सवाल उठाया है।

# आईजी गौशाला में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जन्माष्टमी

**हैदराबाद, 27 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

आईजी गौशाला बालाजी नगर में सभी गौ भक्तों ने काफी हर्ष उल्लास के साथ श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव जन्माष्टमी बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाई। पंडित गोविंद शर्मा व मंगलाराम द्वारा पूजा अर्चना श्रंगार एवं 56 भोग लगाया गया। भजन प्रस्तुत करते हुए आईमाता भजन मण्डली बालाजी नगर अचलाराम हाम्बड़ व मोहनलाल भायल एंड पार्टी श्री आईजी गौशाला अध्यक्ष मंगलाराम पंवार, सचिव हुक्माराम सानपुरा, सह सचिव ढगलाराम सेपटा कोषाध्यक्ष नारायण परिहार,



भगाराम मुलेवा, मोतीलाल काग, भंवरलाल मुलेवा, बाबूलाल मुलेवा,मोहनलाल हाम्बड़, हिरालाल चोयल, चेनाराम परिहार, पारसमल शर्मा, किशनलाल पंवार, बाबूलाल मुलेवा, रतनलाल सानपरा, गोपाराम मुलेवा, मांगीलाल परिहार, नारायण लाल गहलोत, ताराराम सुथरा, लादुराम सीरवी, ओमप्रकाश परिहार, ओमप्रकाश काग, मोतीलाल राठौड़,सरिया बाई शर्मा, मैना देवी सीरवी सुगना बाई सीरवी पारी बाई सीरवी, नितु सीरवी, गणकी सीरवी, कमला सीरवी, श्री आईजी गौशाला समस्त कार्यकारणी व गौभक्त उपस्थित रहे।

# आदिलाबाद में नदी में डूबने से महाराष्ट्र के तीन युवकों की मौत



**आदिलाबाद, 27 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

आदिलाबाद ग्रामीण मंडल के पोचेरा गांव में मंगलवार को मछली पकड़ने के दौरान महाराष्ट्र के तीन युवकों को डूबने से मौत हो गई।

पुलिस ने कहा कि उनमें से एक युवक गलती से उस समय नदी में गिर गया जब वह मछली पकड़ रहा था। जब उसे बचाने की कोशिश की तो अन्य दो डूब गए। विशेषज्ञ गोताखोरों ने सबसे पहले एक युवक का शव नदी से बाहर निकाला।

वे बाद में अन्य दो शवों को निकालने में कामयाब रहे। समाचार लिखे जाने तक युवकों की पहचान नहीं हो पाई है। युवक महाराष्ट्र के थे और थमसी मंडल के बंदलनागपुर में अपने रिश्तेदारों से मिलने आए थे।



आदिलाबाद के सांसद जी. नागेश ने मंगलवार 27 अगस्त को रेल निलयम, सिकंदराबाद में दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन से मुलाकात की और क्षेत्र से संबंधित विभिन्न रेल विकास योजनाओं पर चर्चा की।



अचलगच्छ जैन संघ चैतनयपुरी के ट्रस्टी, दानवीर, भामाशा केशवजीभाई छेड़ा का अभिनंदन करते हुए कच्छी समाज के सुशील कापड़िया, पंकज सावला, दिनेश गोसर, रिद्धिश जागीरदार, लहेरचंद लोड़ाया, मनोज नागड़ा, पराग मारू, अंकित वोरा, पूनम देढिया एवं अन्य।

# कांग्रेस नेताओं ने सीसी रोड का किया निरीक्षण



**मदनूर, 27 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

जुक्कल विस क्षेत्र के मौजूदा विधायक थोटा लक्ष्मी कांता राव के आदेशानुसार जुक्कल मदनूर मंडल छोटा तदगूर गांव में स्थानिक कांग्रेस पार्टी नेताओं द्वारा एसडीएफ पांच लाख रुपए निधि से सीसी रोड निर्माण कार्य शुभारंभ किया।

इस मौके पर स्थानीय लोग बडी संख्या में मौजूद रहे। गांव में सीसी रोड का शुभआरंभ होने के बाद स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं

# स्कूली बच्चों में कंपास बॉक्स एवं स्टेशनरी का वितरण




**हैदराबाद, 27 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा सिकंदराबाद द्वारा स्कूल के बच्चों में स्टेशनरी वितरण कि गई। शाखा अध्यक्ष रक्षा जैन की नेतृत्व में सिख विलेज स्थित गवर्नमेंट सेकेंडरी स्कूल के बच्चों में कंपास बॉक्स एवं स्टेशनरी वितरण कि गई। शाखा द्वारा लाभार्थी परिवार का शाल माला से स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में निवर्तमान उपाध्यक्ष सुरेखा घोड़ेला, सह मंत्री कला गांधी, रक्तदान संयोजिका पूनम बोहरा, वैशाली जैन, सुनीता डूंगरवाल, पुष्पा कोठारी, गायत्री घोड़ेला, रतन घोडेला, हेमा घोड़ेला, ममता घोडेला, मंजु घोडेला, बबीता घोडेला का सराहनीय योगदान रहा। शाखा की कोषाध्यक्ष सुमन घोड़ेला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# गुजरात में सेना की छह टुकड़ियां राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैनात

**गांधीनगर, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** गुजरात में सेना की छह टुकड़ियों को आसमानी आपदा प्रभावित क्षेत्रों देवभूमि द्वारका, आणंद, वडोदरा, खेडा, मोरबी तथा राजकोट जिलों में राहत व बचाव कार्यों के लिए तैनात किया गया है।

राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को मंगलवार को समीक्षा बैठक में बताया गया कि राज्य में आज सुबह दस बजे तक मौसम की कुल 99.66 प्रतिशत वर्षा हुई है। इसमे कच्छ अंचल में औसत 116.79 प्रतिशत, उत्तर गुजरात अंचल में 79.99 प्रतिशत, सौराष्ट्र में 101.52 प्रतिशत, दक्षिण गुजरात में 108.20 प्रतिशत तथा मध्य गुजरात में 98.74 प्रतिशत वर्षा दर्ज हुई है। इससे पूर्व पिछले 24 घंटे में सुबह छह बजे तक राज्य के 33 जिलों के 251 तहसीलों में वर्षा हुई है, जिसमें सर्वाधिक 347 मिलीमीटर वर्षा मोरबी जिले की टंकारा तहसील में हुई। पिछले 12 घंटे में शाम आठ बजे तक पोरबंदर जिले के रानावाव तहसील में सर्वाधिक 240 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई है। राज्य में भारी वर्षा की चेतावनी व संभावना अभी भी बनी हुई है।

श्री पटेल ने भारी वर्षा के फलस्वरूप राज्य में 15 नदियों, 21 तालाबों व जलाशयों के ओवरफ्लो होने की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लोग ओवरफ्लो हुई नदियों के बहाव, नाले, तालाब में न जाए, इसे लेकर पूरी सतर्कता व सावधानी बरतना आवश्यक है, इसके लिए पुलिस की सहायता से सख्ती से काम लिया जाए। राज्य के जलाशयों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 206 जलाशयों में उनकी जल संग्रहण क्षमता का 72.33 प्रतिशत पानी की आवक हुई है, 76 जलाशय 100 प्रतिशत भर गए हैं और 96 जलाशयों हाई अलर्ट व 19 जलाशयों को अलर्ट पर रखा गया है। राज्य में भारी वर्षा के बीच दीवार गिर जाने, पानी में डूब जाने तथा पेड़ गिरने की दुर्घटनाओं में सात व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। मुख्यमंत्री ने इन मामलों में नियमानुसार सहायता भुगतान की कार्यवाही तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के कैशडोल्स, घरेलू उपभोग के सामान की सहायता आदि नियमानुसार देय सहायता वितरण की कार्यवाही भी तत्काल शुरू करने का मार्गदर्शन दिए हैं। बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि वर्षा के कारण कुल 8,824 गाँवों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई थी, जिनमें से 7,806 गाँवों में विद्युत आपूर्ति बहाल हो गई है। वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुए 6,615 बिजली के खंभों में से 6,033 की मरम्मत का कार्य पूरा हो गया है। उन्होंने सड़क एवं भवन विभाग को वर्षा के कारण राज्य में पेड़ गिरने, सड़कें टूटने आदि के कारण बंद हुए 806 सड़क मार्गों पर वर्षा



के रुकते ही युद्ध स्तर पर कार्यवाही कर वहाँ यातायात-परिवहन सुचारु करने का निर्देश दिए हैं।

मौसम विभाग ने मछुआरों को समुद्र में न जाने की जो चेतावनी दी है, उसके कड़े पालन के लिए मुख्यमंत्री ने तटवर्ती जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि 30 अगस्त तक कोई मछुआरा भाई समुद्र में न जाए। राज्य सरकार को इस आसमानी आपदा के दौरान राहत-बचाव कार्य आदि में सहायता के लिए सेना की छह टुकड़ियाँ आवंटित की गई हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय आपदा बचाव दल (एनडीआरएफ) की 14 एवं राज्य आपदा बचाव दल (एसडीआरएफ) की 22 टीमें भी आपदा प्रबंधन में मदद कर रही हैं। सेना की छह टुकड़ियों को देवभूमि द्वारका, आणंद, वडोदरा, खेडा, मोरबी तथा राजकोट जिलों में राहत व बचाव कार्यों के लिए तैनात किया गया है। इतना ही नहीं नौसेना तथा तटरक्षक बल भी राहत-बचाव कार्य में जुड़ गए हैं। पंचमहाल जिले में सर्वाधिक लोगों को स्थानांतरित किया गया है, तो वडोदरा तथा जामनगर में वायुसेना की सहायता से रेस्क्यू कार्य किया गया है। बैठक में बताया गया कि अब तक 23,871 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है तथा 1,696 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। राज्य में भारी वर्षा की चेतावनी व संभावना अभी भी बनी हुई है। ऐसे में श्री पटेल ने नागरिकों से इन परिस्थितियों में सावधानी एवं सुरक्षा बनाए रखने का अनुरोध कर लोगों से अपील की है कि अत्यंत आवश्यक न हो, तो घर से बाहर निकलना टालें और घर में ही रहें और आपदा प्रबंधन प्रशासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का पालन करें तथा सुरक्षित स्थानों पर जाने की जरूरत के समय जिला प्रशासन का सहयोग करना जान-माल की सुरक्षा और हमारे ही हित में है। उन्होंने वर्षा जल भराव के चलते संभावित महामारी फैलने से रोकने के लिए वर्षा जल की निकासी की व्यवस्था, पानी का क्लोरी-नेशनल तथा मच्छर उपद्रव नियंत्रण के लिए दवाई छिड़काव और अन्य स्वास्थ्य संबंधी मामलों में भी जिला प्रशासनों को सज्ज रहने का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने इसके लिए जिलों की आवश्यकता के अनुसार दवाइयाँ आदि उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग को जिला प्रशासन के साथ समन्वय में रहने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री पटेल ने समग्र राज्य में भारी वर्षा के कारण उत्पन्न स्थिति में प्रशासन द्वारा किए जा रहे कामकाज तथा राहत-बचाव के कदमों की समीक्षा के लिए आज गांधीनगर स्थित स्टेट इमर्जेंसी ऑपरेशन सेंटर (एसईओसी) से वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की। श्री पटेल ने जिला कलेक्टरों तथा महानगर पालिका आयुक्तों से उनके द्वारा त्वरित कार्यवाही कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किए जाने, रेस्क्यू, जीवन आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की उपलब्धि की व्यवस्था तथा राहत रसोई व्यवस्था आदि किए जाने का गहन विवरण प्राप्त किया। एसईओसी में इस बैठक में मुख्यमंत्री के साथ मुख्य के अपर मुख्य सचिव पंकज जोशी, एम. के. दास तथा राजस्व, ऊर्जा, स्वास्थ्य, जलापूर्ति, सड़क एवं भवन आदि संबंधित विभागों के वरिष्ठ भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने जिला व शहरी प्रशासन को प्रशासन द्वारा मौजूदा स्थिति में किए जा रहे त्वरित कार्यवाही की सराहना की और समग्र प्रशासन को अलर्ट मोड पर रह कर जीरो कैजुअलिटी अप्रोच के साथ वर्षा के कारण आई इस आपदा से निपटने का मार्गदर्शन दिया। मुख्य सचिव राज कुमार ने जिला कलेक्टरों व मनपा आयुक्तों को मौसम विभाग की ओर से समय-समय पर दी जा रही चेतावनियों के प्रति सतर्क रह कर अपने जिलों-शहरों में स्थिति से निपटने के लिए अग्रिम आयोजन करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि अभी भी आगामी दो-तीन दिनों तक राज्य पर भारी वर्षा का संकट मंडर रहा है, तब सभी अधिकारी अपने जिला प्रशासन की टीमों के साथ सज्ज रहें यह आवश्यक है। इस बैठक में वायुसेना, नौसेना, तटरक्षक बल तथा सेना के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जन्माष्टमी के दूसरे दिन योगी ने की गोसेवा

**गोरखपुर, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** अनुशासन प्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व्यस्त दिनचर्या के बावजूद ईश्वर की आराधना और गोसेवा के लिये समय निकाल ही लेते हैं। सोमवार को बंशीधर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद योगी ने मंगलवार की शुरुआत गोरखनाथ मंदिर में गोसेवा से की।

सोमवार रात गोरखनाथ मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाने के बाद श्री योगी ने आजसुबह मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोशाला का भ्रमण कर गोवंश का हाल जाना और उन्हें खूब दुलारकर अपने हाथों से गुड़ और केला खिलाया। सोमवार देर रात तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी अनुष्ठान में व्यस्त रहने के बावजूद मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु



गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। सीएम योगी जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। मंगलवार सुबह वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में योगी ने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। उनकी आवाज इन गोवंश के लिए जानी पहचानी है। प्यार भरी पुकार सुनते ही कई गोवंश दौड़ते-मचलते हुए उनके पास आ गए। मुख्यमंत्री ने सभी के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ और केला खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर ने मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान परिजनों के साथ आए बच्चों पर भी खूब प्यार लुटाया। मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान ही मुख्यमंत्री की नजर परिजनों के साथ आए बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने सबको अपने पास बुला लिया। सभी बच्चों से उनका नाम पूछा, कहां से आए हैं और किस क्लास में पढ़ते हैं, इसकी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बच्चों से बेहद आत्मीय तरीके से संवाद करने के साथ उनसे हंसी ठिठोली भी की। सबके माथे पर हाथ फेरकर प्यार-दुलार और आशीर्वाद दिया कि खूब मन लगाकर पढ़ो और खूब आगे बढ़ो। विदा करते वक्त हमेशा की तरह उन्होंने बच्चों को चॉकलेट गिफ्ट किया।

# राष्ट्र सेवा हमारा प्रमुख ध्येय: देवनानी

**जयपुर, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सिंधी समाज एक पुरूषार्थी कौम है, जो विभाजन विभीषिका में सब कुछ खोकर फिर से उठ खड़ा हुआ है।

श्री देवनानी ने मंगलवार को यहां सिविल लाइन स्थित उनके राजकीय निवास पर उन्हें पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के मुख्य संरक्षक बनाए जाने के अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सिंधी खाली हाथ भारत आए, लेकिन समाज ने किसी के आगे हाथ नहीं फैलाया। समाज पुरुषार्थी बना और मेहनत से काम किया। सिंधी समाज ने अथक प्रयासों से देश की तरक्की में सहयोग किया। सिंधी समाज ने कभी परिस्थितियों से हार नहीं मानी। विपरीत हालातों में भी सिंधी दृढ़ प्रतिज्ञ होकर पुरूषार्थी बने रहे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश में सिंधी जहां भी हैं वे एक सच्चे राष्ट्रभक्त के रूप में भारत की तरक्की में हाथ बंटा रहे हैं। श्री देवनानी ने सिंधी समाज से आग्रह किया कि अपने विपुल और समृद्ध इतिहास को सदैव याद रखें और अगली पीढ़ी को बताएं तभी हमारा इतिहास जिंदा रहेगा।उन्होंने कहा कि विभाजन में समाज ने बहुत तकलीफें झेली हैं। इसके बावजूद सिंधी समाज ने देश में अपनी पहचान बनाई है। युवा पीढ़ी को आगे आकर समाज निर्माण को अपने हाथों में लेना होगा। इससे पहले श्री देवनानी से पूज्य सिंधी केंद्रीय पंचायत के प्रतिनिधियों ने मुख्य संरक्षक बनने के लिए अनुरोध किया। श्री देवनानी की सहर्ष सहमति मिलने के बाद प्रतिनिधिगण ने उनका साफा पहनाकर और शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया।

# यूजीसी ने विश्वविद्यालयों के लिए स्वयं की परीक्षा के नियम किए जारी

**नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने विश्वविद्यालयों के लिए स्वयं के अंतर्गत आने वाले पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं कराने के नियम मंगलवार को जारी किए। फिलहाल स्वयं पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) और नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नोलॉजी एनहांस्ड लर्निंग (एनपीटीईएल) के माध्यम से करायी जाती हैं।

यूजीसी के सचिव प्रो मनीश आर जोशी ने स्वयम पाठ्यक्रमों की परीक्षा के नियमों को जारी करते हुए कहा है कि ये नियम यूजीसी और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा इस विषय में राज्य स्तरीय जागरुकता अभियान के बाद जारी किए गए है। जागरूकता कार्यक्रमों में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों, स्वयं के समन्वयकों तथा नयी शिक्षा नीति के तहत बनाए गए सारथियों को आमंत्रित किया गया था। नये नियमों के बाद स्वयं के पाठ्यक्रम के परीक्षार्थी इसमें अपने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में ही भाग ले सकेंगे। आयोग ने विश्वविद्यालयों के लिए इस संबंध में तीन परिपत्र- नियमावली, एमओओसी को (व्यापक मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम) को स्वयं.गव.इन पोर्टल के माध्यम से अपनाने के तरीके ,और विश्विविद्यालजयों को स्वयं यूनिवर्सिटी डैशबोर्ड पर पंजीकरण के लिए विश्वविद्यालय डैशबोर्ड उपयोगकर्ता दिग्दर्शिका जारी की है।

नियमों के अनुसार एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स रेगुलेशन, 2021 के स्टडी वेब के माध्यम से ऑनलाइन लर्निंग कोर्स के लिए यूजीसी क्रेडिट व्यवस्था के अनुसार, एक संस्थान छात्रों को स्वयं प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से एक सेमेस्टर में किसी विशेष कार्यक्रम में अपने कुल पाठ्यक्रमों का 40 प्रतिशत तक ऑनलाइन लेने की अनुमति दे सकता है।

स्वयं प्रमाणपत्र के लिए विश्वविद्यालयों में नामांकित उम्मीदवार द्वारा प्राप्त क्रेडिट/अंक, उम्मीदवार की ट्रांसक्रिप्ट में तभी गिने जाएँगे, जब विश्वविद्यालय ने क्रेडिट ट्रांसफर के लिए स्वयं प्लेटफ़ॉर्म पर पेश किए गए एमओओसी पाठ्यक्रमों को अपनाया हो। स्वयं पाठ्यक्रम हर साल जनवरी और जुलाई के महीने में शुरू होने वाले शैक्षणिक सेमेस्टर के साथ सरेखित होते हैं। स्वयं पर पेश किए जाने वाले पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालयों द्वारा उनके नियमित शैक्षणिक पाठ्यक्रम के साथ मैप किया जाता है।

# हिमाचल में भूस्खलन से 126 सड़कें बंद 1000 से ज्यादा ट्रांसफार्मर ठप

**शिमला, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** हिमाचल प्रदेश में मानसून ने एक बार फिर लोगों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। सोमवार रात से राज्य के विभिन्न हिस्सों में जमकर बदल बरस रहे हैं। मौसम विभाग ने अगले दो दिन भी भारी वर्षा की आशंका जताते हुए येलो अलर्ट भी जारी किया है।

भारी वर्षा से कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ है जिससे कई सड़कें बंद हो गई हैं। वहीं सैंकड़ों ट्रांसफार्मरों के खराब होने से कई इलाके अंधेरे में डूब गए हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को 126 सड़कें भूस्खलन से ठप हैं। मंडी जिला में सबसे ज्यादा 50, शिमला में 41, सोलन में 12, कांगड़ा में 10, कुल्लू में छह, सिरमौर में चार, ऊना, लाहौल स्पीति व किन्नौर में एक-एक सड़क बंद है।

इसके अलावा बारिश के साथ बिजली गिरने से 1191 ट्रांसफार्मर बंद हो गए हैं। अकेले मंडी जिला में 783 ट्रांसफार्मर बंद हैं। सोलन में 223, कुल्लू में 95, चम्बा में 44, सिरमौर में 28, ऊना में 17 और किन्नौर में एक ट्रांसफार्मर खराब है। शिमला जिला में 27 पेयजल स्कीमें भी ठप पड़ी हैं।

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, FATHIMA BE spouse of No.7112110X, Rank Ex. NK, Name (Late) T. IBRAHIM SAHEB R/o.HNo.11-32, Ashok Reddy Colony, Via Ragannaguda X Road, Nadargul, Saroornagar, Telangana-501 510 India, have Changed My Name From **FATHIMA BE** to **FATHIMA BEE** AND My Correct Date of Birth is 15-11-1957. As per Affidavit Dated 27-08-2024.

**CHANGE OF NAME**
I, No.6941491X Hav Jagadeesh Battini, R/o.Vill: Makannapali, Post: Neelavathi, District: Srikakulam, Andhra Pradesh - 532243 of AOC Records, Secunderabad Telangana have Changed My Name From **JAGADEESH BATTINI** to **BATTINI JAGADEESH** vide affidavit dt:27-8-2024

**CHANGE OF NAME**
I, SHAKILA CHITRA SELVI spouse of Service No.14430200P Hav(MK) ILAYARAJA SP, R/o.Vill and Po:Paniyadipatti, Teh:Sivakasi, Dist:Virudhunagar, Tamilnadu-626201 have changed my name from **SHAKILA CHITRA SELVI** to **SHAKILA CHITRA SELVI G** vide affidavit dt:27-8-2024 before Smt. ZEENATH BEGUM, Advocate and Notary, Karkhana Bazar, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. 14430200P Hav(MK) ILAYARAJA SP, R/o. Vil and Po:Paniyadipatti, Teh:Sivakasi, Dist:Virudhunagar, Tamilnadu-626201 hereby declare that my daughter name is to be changed from **I JESTINA** to **JESTINA I** vide affidavit dt:27-8-2024 before SMT. ZEENATH BEGUM, Advocate and Notary, Karkhana Bazar, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, I JAYITA Daughter of Service No.14430200P Hav(MK) ILAYARAJA SP, R/o.Vill and Po::Paniyadipatti, Teh:Sivakasi, Dist:Virudhunagar, Tamilnadu - 626201 have changed my name from **I JAYITA** to **JAYITA I** vide affidavit dt:27-8-2024 before SMT ZEENATH BEGUM, Advocate and Notary, Karkhana Bazar, Secunderabad.

**ज्योतिष ASTROLOGY**
नाकौड़ा भैरव ज्योतिष
(जय जिनेन्द्र) मारवाड़ी, गुजराती महाराज, माजिशा भक्त हस्तरेखा, जन्माक्षर, पूजा-पाठ, संतान प्राप्ति, शारीरिक पीड़ा, मानसिक पीड़ा, व्यापार, सगाई, लग्न विलंब, शत्रुनिवारण, प्रेम समस्या, कर्ज मुक्ति, गृहक्लेश आकर्षण प्रयोग, पतिवश, सास-बहू झगड़ा, एकतरफा प्रेम (वशीकरण के जानकार) जीवन की जटिल समस्याओं का A+Z समाधान। बेगम बाजार, हैदराबाद.
संपर्क : 9032460847.

**शुभ लाभ का वार्षिक सब्सक्रिप्शन लें और उतने ही मूल्य का विज्ञापन छपवाएं**

शुभ लाभ R. No. 5305
SPACE COUPON Rs. 2500/- | Worth of 1 Advertisement 10x10 Sq. Cm. in Shubh Labh
Validity : 1 Year from the time of Issue
SUBSCRIPTION FORM
Name: ...
Period of Subscription : Annual Rs. 2500/-
Mode of Payment : CHEQUE / D.D.
Cheque No. & Date ... Drawn ...
Name of the Executive ...
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, T19 Towers, Ranigunj, Secunderabad-500 003 (T.S.)

सुधि पाठकों को यह सूचित करना है कि हिंदी दैनिक शुभ लाभ वार्षिक सब्सक्रिप्शन स्कीम में आंशिक फेरबदल के साथ नये सिरे से सदस्यता अभियान शुरू कर रहा है। रुपये 2500/- के सालाना सब्सक्रिप्शन पर आप निर्धारित अवधि में रुपये 2500/- मूल्य (10X10 वर्ग सेंटीमीटर) का विज्ञापन निःशुल्क प्रकाशित करा सकते हैं। सब्सक्रिप्शन कूपन की प्रकाशित फोटो के अनुरूप आप अपनी प्राप्ति-रसीद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8688868345 पर संपर्क करें। - प्रबंधक

सूचना : सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं से आग्रह है कि वे वार्षिक सब्सक्रिप्शन एवं विज्ञापन की राशि ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए सीधे संस्थान के बैंक खाते में डालें या बार-कोड द्वारा भेजें...

A/C Holder Name : Shree Siddivinayak publications
Bank Name : City Union Bank OD Account
A/c.No. : 512120020029300
Branch : Balanagar, Hyderabad
IFS Code : CIUB0000464

SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS Hyderabad Balanagar

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव

# प्रथम चरण के लिए 279 उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**जम्मू, 27 अगस्त (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण में प्रदेश के सात जिलों के 24 विधानसभा क्षेत्रों में 279 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

गौरतलब है कि 18 सितंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का मंगलवार को आखिरी दिन था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय की ओर से जारी बयान में नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। प्रदेश के अनंतनाग जिले में सबसे अधिक 72 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। इसके बाद पुलवामा जिले में 55, डोडा जिले में 41, किश्तवाड़ जिले में 32, शोपियां जिले में 28, कुलगाम जिले में 28, जबकि रामबन जिले में 23 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है।

वहीं, जम्मू संभाग के किश्तवाड़ जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में कुल 13 उम्मीदवारों ने 48-इंदरवाल से नामांकन दाखिल किया है। वहीं 11 उम्मीदवारों ने 49-किश्तवाड़ से नामांकन दाखिल किया है, जबकि 08 उम्मीदवारों ने 50-पद्दर-नागसेनी से नामांकन दाखिल किया है। डोडा जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में 16 उम्मीदवारों ने 51-भद्रवाह से नामांकन दाखिल किया है। वहीं, 16 उम्मीदवारों ने 52-डोडा से नामांकन दाखिल किया है, जबकि 09 उम्मीदवारों ने 53-डोडा पश्चिम से नामांकन दाखिल किया है। रामबन जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों में 54-रामबन विधानसभा क्षेत्र से कुल 13 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है, जबकि 55-बनिहाल विधानसभा क्षेत्र से 10 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। कश्मीर संभाग में पुलवामा जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों में 32-पंपोर विधानसभा क्षेत्र से 16 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है।

**प्रार्थना सभा**



जन्म दि. 06-12-1961
स्वर्गवास दि. 26-8-2024

**श्री रमेश खीमजी वीरजी गाला**
गाम : देशलपुर कंठी-कच्छ, हाल हैदराबाद

प्रार्थना सभा: बुधवार दि. 28-8-2024, सायं: 4 से 4.30 तक, श्री कच्छी भवन, ईडन बाग, रामकोट, हैदराबाद मे रखी गई है।

सन्नविष्टकर्ता : मातुश्री हीरबाई वीरजी घेलु गाला परिवार
मातुश्री मुरीबाई धारशी देवजी देढिया परिवार
अल्पा रमेश गाला (धर्मपत्नी) बिजल - गौरव गाला (पुत्रवधु-पुत्र)
देवम (पौत्र), खुशी (पौत्री) एवं समस्त गाला परिवार

Gaurav Gala 93460 10165 | Pink Beauty Dilsukhnagar | Bharat Gala 93486 77099

Eyes & Skin Donated

# 11वीं पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन



# स्व. श्रीमती माली बाई बसईवाले

## (धर्मपत्नी : स्व. श्री नथमलजी बसईवाले)

स्वर्गवास : 28-08-2013

जो दीप जलाये थे आपने, वह आज भी आलोकित है।
जो महक फैलायी थी आपने, वह आज भी महकती है।
जो काम आपने कर दिखलाए, अजर अमर वह आज भी है।
मन मंदिर में सदा रहो, श्रद्धा सुमन चढ़ाते है।

**❋ श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता ❋**

सुरेश कुमार-कृष्णाबाई, गोपाल-पुष्पा, रमेश-रुपरेखा, नंदलाल-रीटा (पुत्र-पुत्रवधु)
आशा - किरण जी तायल (पुत्री-दामाद)
अनुप-सीमा, मयुर-नीशा, पीयुष-श्वेता, मृदुल-संजना, मोहित-नेहा,
लोकेश-स्वाति, प्रतियोध-नीकिता (पौत्र-पौत्रवधु)
अर्चना-अश्विन जी बड़ोपालिया, शीतल-विकास जी अग्रवाल,
सलोनी-सुमीत जी गार्गिया, अक्षिता-सचिन जी अग्रवाल (पौत्री-दामाद),
पुरु (पौत्र), नयन, रचित, आरूष, विहान, निश्चय, हृदय, पनव (पड़-पौत्र)
सेजल, काव्य, दिया, ईरा, द्विती, धिया (पड़ पौत्री)

# नथमल सुरेश कुमार बसईवाले

महेन्द्रा हिल्स, सिकंदराबाद

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.